फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

सोमवार, 25 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 37, पृष्ठ 20
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

कृति बोलीं-हल्दी सेरेमनी में मुल्तानी मिट्टी का यूज किया 19

नौकरी में पिछड़ने से युवाओं का बदल रहा व्यवहार 20

ढोल-दमाऊ पर थिरके धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री आवास में रविवार को होली उल्लास के साथ मनाई गई। पारंपरिक गीत आयो बसंत बहार, शिव शंकर खेलें होली, फागुन में खेला होली आदि गाए गए। ढोल-दमाऊ बजाकर पारंपरिक गीतों पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी खूब थिरके। अबीर-गुलाल लगाकर सभी को होली की शुभकामनाएं दी। सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट आदि शामिल हुए।

वीके सिंह, अश्विनी चौबे और वरुण गांधी का कटा टिकट

नई दिल्ली, एजेंसी

कानपुर से रमेश अवस्थी और पीलीभीत से जितिन प्रसाद बनाए गए प्रत्याशी

यूपी से 13 उम्मीदवारों के नामों का एलान

सहारनपुर से राघव लखनपाल, मुरादाबाद-सर्वेश सिंह, मेरठ से अरुण गोविल, गाजियाबाद-अतुल गर्ग, अलीगढ़ से सतीश गौतम, हाथरस (अजा)-अनूप वाल्मीकि, बदायूं-दुर्विजय सिंह शाक्य, बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार, पीलीभीत-जितिन प्रसाद, सुल्तानपुर-मेनका गांधी, कानपुर-रमेश अवस्थी, बाराबंकी (अजा) सीट से राजरानी रावत, बहराइच (अजा) सीट से अरविन्द गोंड को उम्मीदवार बनाया गया है।

- **भाजपा की 5वीं सूची में 111 नामों की घोषणा, धर्मेंद्र प्रधान, मेनका और कंगना को मिला टिकट**

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को 111 उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी कर दी। पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री वीके सिंह की जगह गाजियाबाद से स्थानीय विधायक अतुल गर्ग को टिकट दिया है जबकि बिहार के बक्सर से केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का टिकट काटकर उनके स्थान पर मिथिलेश तिवारी को उम्मीदवार बनाया गया है।

पीलीभीत से वर्तमान सांसद वरुण गांधी का टिकट काटकर उनके स्थान पर राज्य सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया गया है जबकि उनकी मां मेनका गांधी को सुल्तानपुर से फिर से टिकट दिया गया है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को ओडिशा के संबलपुर से उम्मीदवार बनाया गया है।

पार्टी की इस सूची में फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का भी नाम है। उन्हें हिमाचल प्रदेश के मंडी से टिकट दिया गया है। कुछ देर पहले ही भाजपा में शामिल होने वाले पूर्व सांसद नवीन जिंदल को कुरुक्षेत्र से भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह एक बार फिर बेगूसराय से चुनाव लड़ेंगे जबकि बिहार से ताल्लुक रखने वाले अन्य केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय उजियारपुर से, आरके सिंह आरा से, रामकृपाल यादव पाटलिपुत्र से चुनाव लड़ेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद को एक बार फिर पटनासाहिब से और सुशील कुमार सिंह को औरंगाबाद से टिकट दिया गया है। राज्यसभा सदस्य विवेक ठाकुर को नवादा से उम्मीदवार बनाया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह पूर्वी चम्पारण से जबकि संजय जायसवाल एक बार फिर पश्चिमी चम्पारण से चुनाव लड़ेंगे।

झारखंड के दुमका से भाजपा ने सीता सोरेन को उम्मीदवार बनाया है। सीता सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी हैं और पिछले दिनों उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ वायनाड सीट से भाजपा ने केरल इकाई के पूर्व अध्यक्ष के सुरेंद्रन को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा अब तक 291 लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है।

अवकाश सूचना

समस्त सुधि पाठकों, अभिकर्ताओं, विज्ञापनदाताओं और हॉकर बंधुओं को होली की हार्दिक शुभकामनाएं। होली के अवसर पर 25 मार्च को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 27 मार्च को प्रकाशित होगा। - संपादक

एक नजर

एबीवीपी-वामपंथी संगठनों में टक्कर

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी और संयुक्त वामपंथी संगठनों के बीच कांटे की टक्कर है। अध्यक्ष पद के लिए वाम उम्मीदवार धनंजय 1,361 मतों के साथ आगे हैं। एबीवीपी के उमेश सी अजमीरा 1,162 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उपाध्यक्ष पद पर वाम के उम्मीदवार अविजीत घोष 1,214 मतों के साथ आगे हैं। एबीवीपी की दीपिका शर्मा 984 मतों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। महासचिव पद पर बीएपीएसए की प्रियांशी आर्य 1,478 मतों के साथ आगे हैं।

पुलिस से मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ में आज एक नक्सली मारा गया। नक्सली के शव के साथ हथियार भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने बताया कि मारे गए नक्सली की पहचान आवलम सन्नू गंगालूर एरिया कमेटी का कमांडर के रूप मे हुई है। जगरगुंडा गोंड़पल्ली इलाके में नक्सली मुठभेड़ बस्तर फाइटर, कोबरा एसटीएफ, और डीआरजी के जवानों के साथ हुयी। वहीं, घटना स्थल से नक्सली का शव और भारी मात्रा में विस्फोटक, नक्सली सामग्री बरामद क़ी गयी है।

बायलर फटने की घटना में मृतक संख्या 14 हुई

चंडीगढ़। हरियाणा के रेवाड़ी में फैक्ट्री के बॉयलर में विस्फोट से घायल हुए चार और श्रमिकों की मौत होने से मृतकों की संख्या 14 हो गई है। धारूहेड़ा (रेवाड़ी) थाने के प्रभारी अधिकारी जगदीश चंद ने रविवार को यह जानकारी दी।

केजरीवाल ने ईडी की हिरासत से जारी किया लिखित आदेश

जलमंत्री आतिशी को सीवर और पानी की समस्या दूर करने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से पहला लिखित आदेश भेजा है जिसमें उन्होंने जल मंत्री आतिशी को राष्ट्रीय राजधानी में सीवर और पानी की समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए हैं। केजरीवाल द्वारा ईडी हिरासत से भेजे गए आदेश की प्रति आतिशी ने रविवार को यहां साझा किया। मुख्यमंत्री ने अपने आदेश में कहा कि मुझे पता चला है कि दिल्ली के कुछ इलाक़ों में पानी और सीवर की काफ़ी समस्याएँ हो रही हैं। इसे लेकर मैं चिंतित हूँ। चूँकि मैं जेल में हूँ, इस वजह से लोगों ज़रा भी तकलीफ़ नहीं होनी चाहिए। गर्मियां भी आ रही हैं। जहां भी पानी की कमी है, वहाँ उचित संख्या में टैंकरों का इंतज़ाम कीजिए।

मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों को उचित आदेश दीजिए ताकि जनता को किसी तरह की परेशानी न हो। जनता की समस्या का तुरंत और समुचित समाधान होना चाहिए। ज़रूरत पड़ने पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना का भी सहयोग लें। वह आपकी ज़रूर मदद करेंगे। जल मंत्री आतिशी ने कहा कि कल जब मुख्यमंत्री की ओर से ये निर्देश मेरे पास आए तो मेरी आँखों में आँसू आ गए। मैंने सोचा कि कौन ऐसा व्यक्ति है जो इतनी विकट परिस्थिति में, जब उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया है और उन्हें पता नहीं है कि वो जेल से कब बाहर आयेंगे, जनता के बारे में सोचता है। कौन ऐसा व्यक्ति है को अपने बारे में न सोचकर दिल्ली वालों के बारे में सोचता है। कौन ऐसा व्यक्ति है जो अपनी इतनी बड़ी तकलीफ़ के बारे में न सोचकर दिल्लीवालों के छोटे-छोटे पानी और सीवर से जुड़ी समस्याओं के बारे में सोचता है।

जेल से चलेगी सरकार

- **केजरीवाल का पत्र दिखातीं दिल्ली की जलमंत्री आतिशी**

इंडिया गठबंधन 31 मार्च को दिल्ली में करेगा महारैली

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता गोपाल राय ने रविवार को कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया देश के हितों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली करेगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले के संबंध में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल (55) को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया था जिसके बाद उक्त घोषणा की गई है। इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस ('इंडिया') के घटक 'आप' और कांग्रेस ने यहां एक प्रेस वार्ता में रैली का एलान किया। आप की दिल्ली ईकाई के संयोजक राय ने कहा कि रैली में 'इंडिया' गठबंधन का शीर्ष नेतृत्व शामिल होगा।

केजरीवाल का आदेश पटकथा का हिस्सा : मनोज तिवारी

नई दिल्ली। दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने रविवार को आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत से जल मंत्री को दिए गए उनके निर्देश को पहले से लिखी कहानी करार दिया। इसके साथ ही उनकी गिरफ्तारी को दिल्ली के लोगों के लिए जश्न का कारण बताया। तिवारी ने कहा कि ईडी की हिरासत में एक अपराधी (आरोपी) है और उसका हवाला देकर आज एक कहानी लिखी गई कि दिल्ली में पानी और सीवर से जुड़ी सुविधाएं अव्यवस्थित हैं।

सूखा राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचा कर्नाटक

नई दिल्ली। कर्नाटक सरकार ने सूखा प्रबंधन के लिए राज्य को राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (एनडीआरएफ) से आर्थिक सहायता देने का केंद्र सरकार को निर्देश देने का अनुरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। याचिका में यह भी घोषित करने का अनुरोध किया गया है कि केंद्र का एनडीआरएफ के मुताबिक सूखा प्रबंधन के लिए वित्तीय मदद न देने का कदम संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के तहत प्रदान किए गए राज्य के लोगों के मौलिक अधिकारों का प्रथम दृष्टया उल्लंघन है। इसमें कहा गया है कि राज्य गंभीर सूखे की चपेट में है जिससे उसके लोगों की जिंदगी पर असर पड़ रहा है और 2023 के खरीफ मौसम के लिए कुल 236 में से 223 तालुक को सूखा प्रभावित घोषित किया गया है।

- **केंद्र सरकार पर आरोप, नहीं मिल रही धनराशि**

याचिका में कहा गया है कि 196 तालुक को गंभीर रूप से प्रभावित श्रेणी में रखा गया है तथा बाकी के 27 तालुक मध्यम रूप से प्रभावित श्रेणी में हैं।

चार्जिंग के दौरान फटा मोबाइल, चार की मौत

अस्पताल में भर्ती घायल और फटा हुआ मोबाइल।

मेरठ, एजेंसी

- **शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग पति-पत्नी भी झुलसे**
- **हालत गंभीर होने से पत्नी दिल्ली एम्स के लिए रेफर**

मेरठ के पल्लवपुरम क्षेत्र स्थित एक मकान में मोबाइल चार्ज किए जाने के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। जिसके कारण चार बच्चों की मौत हो गई और उनके माता-पिता घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि पल्लवपुरम थाना क्षेत्र की जनता कालोनी में जोनी नामक व्यक्ति के घर में शनिवार की रात मोबाइल फोन चार्ज किए जाने के दौरान शॉर्ट सर्किट से आग लग गई।

पुलिस ने बताया कि आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया, जिसमें जोनी, उसकी पत्नी बबीता और चार बच्चे सारिका (10), निहारिका (आठ), संस्कार उर्फ गोलू (छह) और कालू (चार) गंभीर रूप से झुलस गए। सभी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां देर रात निहारिका और गोलू की मौत हो गई जबकि सारिका और कालू ने रविवार सुबह दम तोड़ दिया। सूत्रों ने बताया कि बच्चों का पिता जोनी 20 प्रतिशत झुलस गया उसकी हालत खतरे से बाहर है लेकिन उसकी पत्नी बबीता की गंभीर हालत के मद्देनजर उसे दिल्ली एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) रेफर किया गया है। जोनी ने बताया कि निहारिका, गोलू एवं कालू मोबाइल पर गेम खेल रहे थे और इसी दौरान मोबाइल चार्ज भी हो रहा था। उसने बताया कि इसी दौरान शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बदायूं डबल मर्डर : परेशान पिता ने फूंकी बाइक, आत्मदाह का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : दो बेटों की हत्या से दुखी पिता लोगों की तरह-तरह की बातों से आपा खो बैठा और अपनी बाइक में आग लगाकर उसमें कूदकर आत्मदाह का प्रयास किया। एसएसबी ने उन्हें रोक लिया और समझाकर शांत किया।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के बाबा कॉलोनी नई बस्ती निवासी ठेकेदार विनोद कुमार के बेटे आयुष और आहान उर्फ हन्नू की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने उसी रात हत्यारोपी साजिद को मार गिराया था जबकि दूसरा आरोपी जावेद बरेली में पकड़ा गया। पुलिस के खुलासे से परिवार असंतुष्ट था ही साथ ही आस-पड़ोस के लोगों ने तरह-तरह की बातें शुरू कर दीं। यह बातें पीड़ित परिवार तक पहुंचीं तो वे परेशान हो उठे। रविवार सुबह लगभग साढ़े 8 बजे विनोद अपने दूसरे मकान से बाइक लेकर नए घर पर पहुंचे। तिराहे पर बाइक में आग लगा दी। अपनी कार लाकर उसमें भी आग लगाने की बातें करने लगे। आग में कूदकर आत्मदाह का प्रयास किया लेकिन एसएसबी के जवानों ने रोक लिया। अग्निशमन की गाड़ी बुलाकर आग बुझाई गई। तब तक बाइक जल चुकी थी। सीओ सिटी आलोक मिश्रा और प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई पहुंचे और विनोद से बात की। विनोद ने बताया कि उनके दो बेटों की मौत हो गई है। लोग उनके परिवार को लेकर गलत बात कर रहे हैं जिससे पूरा परिवार परेशान है।

- **बेटों की हत्या के बाद लोगों की बातों से परेशान है परिवार**

> रविवार सुबह विनोद कुमार ने घर के बाहर तिराहे पर अपनी बाइक जला दी। अग्निशमन विभाग ने आग बुझाई। विनोद को ऐसा न करने को समझाया गया है। - **गौरव विश्नोई**, प्रभारी निरीक्षक।

फोन टैपिंग मामले में तेलंगाना में दो पुलिस अधिकारी गिरफ्तार

हैदराबाद। फोन टैप करने और कुछ कंप्यूटर सिस्टम एवं आधिकारिक डेटा को नष्ट करने के आरोप में हैदराबाद पुलिस ने शनिवार देर रात अतिरिक्त डीसीपी (पुलिस उपायुक्त) तिरुपथन्ना और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एन. भुजंग राव को गिरफ्तार कर लिया। दोनों पुलिस अधिकारी क्रमशः विशेष खुफिया ब्यूरो (एसआईबी) और खुफिया विभाग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में काम कर चुके हैं। अधिकारियों पर एसआईबी के निलंबित डीएसपी डी. प्रणीत राव के साथ मिलीभगत करने का आरोप है, जिन्हें बीआरएस सरकार के दौरान फोन टैप में गिरफ्तार किया था।

पूर्व वायुसेना प्रमुख राकेश भदौरिया और पूर्व सांसद वरप्रसाद भाजपा में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **अनुराग ठाकुर और भाजपा महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में ली सदस्यता**

पूर्व वायुसेना प्रमुख राकेश कुमार सिंह भदौरिया और तिरुपति के पूर्व सांसद वरप्रसाद राव रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और भाजपा महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में दोनों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। भदौरिया भारतीय वायुसेना के 26वें प्रमुख थे। तत्कालीन एयर चीफ मार्शल भदौरिया जून 1980 में वायु सेना की लड़ाकू शाखा में शामिल हुए थे। भदौरिया की गिनती वायु सेना के उन चुनिंदा पायलटों में होती हैं जिन्होंने राफेल विमान उड़ाया है। भाजपा में शामिल होने के बाद भदौरिया ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अद्भुत नेतृत्व और अद्वितीय दूरदर्शिता से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भर और विकसित भारत का संकल्प लिया है और इस दिशा में वह लगातार प्रयास कर रहे हैं तथा कदम भी उठा रहे हैं। राव ने 2014 में वाईएसआर कांग्रेस के टिकट पर आंध्र प्रदेश के तिरुपति से 16 वीं लोकसभा का चुनाव जीता था। वह तमिलनाडु कैडर के 1983 बैच के आईएएस अधिकारी थे। सिविल सेवाओं में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने तमिलनाडु सरकार, चेन्नई के प्रधान सचिव सहित कई शीर्ष पदों पर कार्य किया। साल 2009 में उन्होंने राजनीति में प्रवेश करने के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी।

दो भाइयों सहित 5 की डंपर से कुचलकर हत्या

कोटा (राजस्थान), एजेंसी

- **हत्यारोपी फरार, दो के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

राजस्थान के झालावाड़ जिले में पगारिया इलाके में विवाद को लेकर डंपर से कुचलकर दो भाइयों समेत पांच लोगों की हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार देर रात हुई और मामले के दो आरोपी रणजीत सिंह और डुंगर सिह अपराध को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। पीड़ितों की पहचान बिन्नायगा फांटा गांव के भरत सिंह, धीरज सिंह, तूफान सिंह, गोवर्धन सिंह और बालू सिंह के रूप में की गई है। भरत और धीरज भाई हैं। पगारिया के थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार देर रात रणजीत सिंह एवं डुंगर सिंह और भरत सिंह एवं अन्य के बीच विवाद हुआ था। विवाद नहीं सुलझ पाने पर भरत सिंह, उसके भाई और तीन अन्य लोग दो मोटरसाइकिल से थाने के लिए रवाना हुए थे। बमुश्किल से आधा किलोमीटर का रास्ता तय किया था कि रणजीत सिंह और डुंगर सिंह ने एक डंपर दोनों मोटरसाइकिल पर चढ़ा दिया, जिससे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पांचवें की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

जवानों की होली, सीमा पर खूब उड़ा अबीर-गुलाल

लेह, एजेंसी

लेह में सैनिकों के साथ होली खेलते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

- **रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लेह में जवानों के साथ खेली होली**
- **लद्दाख को बताया भारत के साहस और वीरता की राजधानी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लेह में सेना के जवानों के साथ होली मनायी और खराब मौसमी परिस्थितियों से जूझते हुए दुश्मनों से देश की रक्षा करने के लिए उनकी प्रशंसा की। सिंह पहले होली दुनिया की सबसे ऊंची रणभूमि सियाचिन में मनाने वाले थे लेकिन खराब मौसम के कारण उनका दौरा रद कर दिया गया। रक्षा मंत्री सिंह के साथ सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और जनरल ऑफिसर कमांडिंग (फायर एंड फ्यूरी कोर) लेफ्टिनेंट जनरल रशीम बाली थे। रक्षा मंत्री सिंह ने सैनिकों के माथे पर 'गुलाल' से तिलक किया। उन्होंने यहां युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और ड्यूटी के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। रंगोत्सव मनाने के बाद सैनिकों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि लद्दाख साहस और बहादुरी की राष्ट्रीय राजधानी है। कहा कि जैसे कि दिल्ली हमारी राष्ट्रीय राजधानी है, मुंबई आर्थिक राजधानी है और बेंगलुरु प्रौद्योगिकी राजधानी है, उसी तरह लद्दाख भारत की साहस और बहादुरी की राजधानी है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि जब हर कोई खराब मौसम के कारण अपने घरों में छिपना चाहता है तो आप अटूट इच्छाशक्ति के साथ दुश्मनों से देश की रक्षा करने के लिए डटे रहते हैं। उन्होंने कहा कि देश सैनिकों के समर्पण व सेवा के लिए हमेशा उनका ऋणी रहेगा। मंत्री ने कहा कि ऊंचाई वाले स्थानों पर तैनात सैनिकों की प्रतिबद्धता शून्य से नीचे के तापमान से भी अधिक मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि आप उत्कृष्ट काम कर रहे हैं।

दिल्ली की फैक्ट्री में भीषण आग दमकल की 25 गाड़ियां पहुंचीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- **100 से ज्यादा फायरकर्मी आग बुझाने में जुटे**

बाहरी दिल्ली के नरेला इलाके के डीएसआईडीसी इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, मौके पर अलग-अलग फायर स्टेशनों से आग बुझाने वाली आधा दर्जन से ज्यादा गाड़ियां रवाना कर दी गई हैं। आग बुझाने में अभी लंबा वक्त लग सकता है। डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर एस के दुआ सहित 100 से ज्यादा फायर कर्मियों की टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई हैं। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। आग किस वजह से लगी है, अभी पता नहीं चल पाया है। फिलहाल मौके पर आग बुझाने का काम जोर-जोर से किया जा रहा है। दिल्ली अग्नि सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोपहर 12 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। आग बुझाने का काम अभी जारी है।

11 करोड़ के बजट से होगा नैना देवी मंदिर का कायाकल्प

संवाददाता, नैनीताल



अमृत विचार : 51 शक्तिपीठों में शुमार मां नैना देवी मंदिर का कायाकल्प होने जा रहा है। जल्द ही मंदिर नए स्वरूप में नजर आयेगा। मानसखंड मंदिर माला प्रोजेक्ट के तहत मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए 11 करोड़ के बजट को स्वीकृति मिल गई है। प्रोजेक्ट के तहत मंदिर की छतों, धर्मशाला के पुनर्निर्माण के साथ ही भव्य गेट निर्मित किया जाएगा। साथ ही मंदिर गेट के सामने की दुकानों को अन्यत्र विस्थापित कर पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा। मां नैना देवी मंदिर हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। इसे देखते हुए सरकार ने मंदिर को मानसखंड मंदिर माला प्रोजेक्ट में शामिल कर इसके कायाकल्प के लिए योजना तैयार की है। अनुबंधित संस्था फोर कंसलटेंट व पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने मंदिर का सर्वे व पदाधिकारियों से वार्ता के बाद सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट तैयार किया है। जिसे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंजूरी दे दी है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रत्नेश कुमार सक्सेना ने बताया कि बीते माह से शासन स्तर पर प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन को लेकर कवायद चल रही थी। जिसे मुख्य सचिव की वित्त समिति व विभागीय समिति में स्वीकृत कर लिया है। जल्द ही सौंदर्यीकरण कार्य शुरू कर दिया जायेगा।

तिब्बती बाजार की 11 दुकानें भी होंगी विस्थापित

लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया कि मंदिर गेट के पास तिब्बती बाजार में करीब 11 दुकानें हैं, जिससे मंदिर के दर्शन नहीं हो पाते। प्रोजेक्ट के तहत चिह्नित की गई 11 दुकानों को अन्यत्र विस्थापित किया जाना है। मंदिर की छत सीधी की जाएगी। पुराने बैठक हॉल व धर्मशाला को ध्वस्त कर नई धर्मशाला व जूता घर बनाया जाएगा। पुराने गेट को विस्तार देकर भव्य गेट निर्मित किया जाएगा। मंदिर में विद्युत व अन्य सौंदर्यीकरण कार्य किए जाएंगे। गेट के सामने स्थित चाट पार्क क्षेत्र का भी सौंदर्यीकरण होगा। यहां फाउंटेन निर्माण और लोगों के बैठने के लिए बेंच लगेगी।

आबादी क्षेत्र में गुलदार का आतंक, लोगों में रोष

नैनीताल, अमृत विचार : आबादी क्षेत्र में इन दोनों गुलदार का आतंक है। देर रात शहर के स्टोन-ले क्षेत्र में गुलदार ने घर के आंगन में बंधे एक कुत्ते पर हमला कर उसे मार दिया। कुत्ते की आवाज सुनकर स्थानीय कमल बिष्ट घर से बाहर आए तो उन्होंने गुलदार को कुत्ते पर हमला करते देखा। शोर मचाने के बाद गुलदार कुत्ते को लेकर जंगल की तरफ भाग गया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि बीते कई दिनों से गुलदार शाम होते ही आबादी क्षेत्र की तरफ आ रहा है। कई बार वन विभाग को इसकी सूचना दी गई, लेकिन अब तक वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा तक नहीं लगाया है।

एक नजर

आंचल दूध के पैकेट पर मतदान करने की अपील

हल्द्वानी : आंचल दूध के पैकेट पर लोगों से वोट देने की अपील की गई है। बकायदा दूध के पैकेट के ऊपर लिखा गया है कि चुनाव पर्व है इसलिए उत्तराखंड वोट करेगा। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड डेरी फेडरेशन का उत्पाद आंचल दुग्ध पदार्थों के मामले में राज्य का सबसे बड़ा ब्रांड है। पर्वतीय क्षेत्रों के दुर्गम इलाकों में भी आंचल उत्पादों की पहुंच है। इस वजह से प्रशासन ने आंचल के दूध के पैकेटों पर वोट देने की अपील के साथ नोट चस्पा किया है।

गौला नदी तीन दिन के लिए बंद, 28 मार्च को होगा खनन

हल्द्वानी : रंगों के त्योहार होली पर गौला नदी में फावड़े बेल्चों की खन-खन बंद रहेगी। अब 28 मार्च को नदी में फिर से खनन शुरू होगा। गौला रेंजर चंदन सिंह अधिकारी ने बताया कि होली के मद्देनजर गौला नदी के सभी गेटों पर खनन नहीं हुआ। रविवार को 11 में से 9 गेट बंद रहे सिर्फ गोरापड़ाव और मोटाहल्दू गेट ही खुले। त्योहार पर खनन मजदूर घर चले जाते हैं। इस वजह से सभी गेट बंद रहे। उन्होंने बताया कि होली की छुट्टियां पड़ गई हैं। नदी में 25 से 27 मार्च तक खनन नहीं होगा। अब 28 मार्च को नदी में खनन शुरू होगा। तब तक अवैध खनन रोकने के लिए सचल दल लगाए गए हैं। इसके अलावा विशेष सुरक्षा दल भी नदी में निगरानी करेगा।

सख्ती : शहर में होगी सघन चेकिंग अगर शराब पिये मिले तो होगी जेल

एसएसपी ने दिए सख्त निर्देश, होली से पहले जिले में शुरू हुआ चेकिंग अभियान

हल्द्वानी में देर सायं वाहन की चेकिंग करते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के निर्देश पर शहर में सघन चेकिंग शुरू कर दी गई है। एसएसपी ने सख्त निर्देश दिए हैं कि होली पर सुरक्षा से खिलवाड़ किया, हुड़दंग किया या फिर शराब पीकर वाहन चलाते तो मिले तो फिर जेल जाना होगा। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा और शांतिपूर्ण त्योहार पुलिस की प्राथमिकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की मॉनिटरिंग की जा रही है। किसी भी प्रकार की भ्रामक खबर, अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश हैं।

बता दें कि पिछले साल होली में कई सड़क हादसे हुए और सबसे भयावह हादसा मुखानी-हीरानगर रोड पर केवीएम के सामने हुआ।

यहां तेज रफ्तार कार ने रूपनगर निवासी संजीव वर्मा की स्कूटी सवार बेटी 22 वर्षीय बेटी हर्षिता और पूर्व स्वास्थ्य महानिदेशक की डॉ. शैलजा की बेटी लाव्या को चपेट में ले लिया था। होली के दिन अलग-अलग घटनाओं में छह लोगों की मौत हुई थी। पुलिस घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सड़कों पर मुस्तैद हो गई है। एसएसपी के निर्देश के बाद जिले के हर चौक और चौराहे पर वाहनों को रोक-रोक कर चेक किया जा रहा है। एल्कोमीटर से वाहन सवारों को जांच की जा रही है।

होली पर न बिगड़े माहौल, तैनात रहेंगे 4 मजिस्ट्रेट

हल्द्वानी, अमृत विचार : होली के हुड़दंग में बवाल न हो, इसलिए जिला प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। साथ ही अतिरिक्त पुलिस फोर्स लगाई गई है। बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में हुए उपद्रव के बाद जिला प्रशासन कोई कोताही नहीं बरतना चाहता है। इस वर्ष होली और रमजान एक साथ चल रहे हैं। स्थानीय अभिसूचना इकाई से मिले इनपुट के बाद मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष चौकसी व सावधानी बरती जा रही है। नैनीताल जिलाधिकारी वंदना ने हल्द्वानी के गांधी नगर, जवाहर नगर, होलिका ग्राउंड, मंगल पड़ाव में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं, रामपुर रोड, इंद्रानगर, नई बस्ती, सिंधी चौराहा क्षेत्र की जिम्मेदारी एसडीएम परितोष वर्मा को सौंपी गई है। काठगोदाम, चांदमारी, ब्यूराखाम, नई बस्ती, दमुवाढूंगा, कमेटी लाइन, बाल्मीकि मंदिर, रानीबाग चुंगी, जमरानी कॉलोनी में तहसीलदार सचिन कुमार को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा रामनगर में बिजरानी रेंज स्थित मधवागढ़ में पनियासेत वाले पीरबाबा की मजार एवं रामनगर संपूर्ण क्षेत्र मंथ एसडीएम रामनगर को कानून व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया गया है कि चारों मजिस्ट्रेट 24-25 मार्च को इन स्थानों पर तैनात रहेंगे और सुरक्षा व्यवस्था बनाएंगे।

दीपक बल्यूटिया ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

हल्द्वानी, अमृत विचार : कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया ने टिकट की उम्मीद टूटते ही इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले भी जब टिकट की उम्मीद टूटती दिख रही थी तो उनके इस्तीफे की खबरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थीं। लोकसभा से पूर्व दीपक ने विस चुनाव के लिए भी दावा ठोंका था लेकिन हाईकमान ने उन्हें दरकिनार करते हुए सुमित हृदयेश को टिकट दे दिया था। दीपक नाराज न हो इसलिए भविष्य की उम्मीद बंधाई थी।

इधर, लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही दीपक ने नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र में होर्डिंग्स और पोस्टर से पाट दिया लेकिन कुछ दिन पहले बात तब बिगड़ गई, जब दीपक को यह लगा कि उन्हें टिकट नहीं मिल रहा है। इसके बाद उनके इस्तीफे की खबरें खूब वायरल हुई। विधायक सुमित हृदयेश व मनोज तिवारी ने दखल दिया और नाराज दीपक को एक बार फिर मना लिया। हालांकि होली से ठीक पहली रात जब नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट पर टिकट की घोषणा हुई और उनका नाम फिर कट गया तो उन्होंने प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा व प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा को इस्तीफा दे दिया।

रविवार को एक बैंक्वेट हॉल में होली के रंग में रंगीं युवतियां। ● अमृत विचार

15 पेटी शराब संग 11 धरे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अवैध मादक पदार्थों को पकड़ने के लिए अभियान चला रही है। शनिवार व रविवार को पुलिस ने 15 पेटी देसी व अंग्रेजी, 305 पाउच कच्ची और 321 लीटर कच्ची शराब के साथ 11 लोगों को गिरफ्तार किया। दो कार, एक बाइक को सीज किया है।

कोतवाली पुलिस लालकुआं ने नौ पेटी देसी शराब के साथ एक आरोपी और 123 पाउच व 28 पाउच कच्ची शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। चोरगलिया पुलिस ने में चेकिंग के दौरान 241 लीटर कच्ची शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया। थाना बनभूलपुरा ने 48 हाफ के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। कालाढूंगी पुलिस ने एक बाइक सवार को गिरफ्तार किया। इसके पास से 80 लीटर कच्ची शराब बरामद की और बाइक को सीज कर दिया है। मल्लीताल में 51 पव्वे देसी, भवाली में 110 पव्वे, रामनगर में 100 पाउच कच्ची शराब और भीमताल में 51 पव्वे देसी शराब बरामद की है।

फौजी ने पहले पीटा फिर फाड़ी सिपाही की वर्दी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ट्रैफिक सिपाही से मारपीट कर वर्दी फाड़ने वाले फौजी ने अपने आगे चल रही कार को दो बार टक्कर मारी थी। नैनीताल बैंक तिराहे पर फौजी ने भागने की कोशिश भी की थी। इसके बाद ट्रैफिक सिपाही ने जब रोकना चाहा तब उससे गाली-गलौज और हाथापाई की गई। मामले की जांच एसएसआई मनोज कुमार कोठारी को सौंपी गई है।

पुलिस को दी तहरीर में ट्रैफिक सिपाही आकाश कुमार ने बताया कि शनिवार की शाम करीब तीन बजे नैनीताल डिस्ट्रिक्ट कॉपरेटिव बैंक तिराहा पर शशांक जोशी नाम के व्यक्ति ने उससे शिकायत की थी। आरोप था कि पीछे से आ रही कार ने पहले तिकोनिया और उसके बाद नैनीताल बैंक तिराहे पर उसकी गाड़ी में टक्कर मारी थी। जब सिपाही ने फौजी की कार को रोककर किनारे लगाने की बात कही तब फौजी ने गाड़ी पहले गाली-गलौज की और उसके बाद हाथापाई करते हुए वर्दी फाड़ दी।

अपराध

- एक नहीं दो बार मारी थी फौजी ने आगे चल रही कार को टक्कर
- सिपाही के रोकने पर बौखलाए फौजी ने अंजाम दी घटना

बाजार में उमड़ी भीड़, लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : छुट्टी का दिन और होली पर घरों से निकले लोगों को जाम से दो-चार होना पड़ा। रविवार को शहर के प्रमुख चौराहों पर भारी यातायात रहा और पूरे दिन पुलिस जाम को खुलवाने के लिए मशक्कत करती रही।

होली के चलते शनिवार को ही पुलिस ने रूट डायवर्जन जारी कर दिया था। डायवर्जन के चलते पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले मार्गों पर तो जाम से हल्की राहत दिखी, लेकिन होली पर बाजार में उमड़ी भीड़ के चलते शहर के अंदर लोगों को जाम से जूझना पड़ा। सिंधी चौराहा, अग्रसेन चौराहा, कालूसिद्ध मंदिर आदि स्थानों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। हालांकि ड्यूटी पर मौजूद यातायात, सिविल पुलिस और होमगार्ड जवानों ने यातायात को सुचारू रखते हुए देर तक लगने वाले जाम से लोगों को राहत दी। वहीं शनिवार को मंगल पड़ाव चौकी के पास तैनात ट्रैफिक सिपाही मोहम्मद ताज को ड्यूटी में लापरवाही के चलते एसएसपी ने निलंबित कर दिया था। इस कार्रवाई का असर रविवार को शहर के चौराहों पर बखूबी दिखाई दिया। ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात हर कर्मी सक्रिय दिखाई दिया। यही वजह रही कि रविवार को ट्रैफिक व्यवस्था भी सुचारू दिखाई दी।

सिंधी चौक पर ट्रैफिक सुचारू करवाती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

उकाडा ने हेलीपैड के लिए मांगी भूमि

- नैनीताल डीएम को भूमि हस्तांतरण के लिए कार्यवाही करने को लिखा पत्र

संवाददाता, भवाली

अमृत विचार : भवाली से हवाई सेवा शुरू होने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। शासन ने नैनीताल जिलाधिकारी को हेलीपैड के लिए भूमि हस्तांतरण के लिए संबंधित अधिकारी को जरूरी कार्यवाही के निर्देश देने के लिए कहा है।

भवाली के निवर्तमान चेयरमैन संजय वर्मा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भवाली के सैनिटोरियम में हेलीपैड बनाने की मांग की थी। उन्होंने सीएम को पत्र लिखकर कहा था कि लोनिवि की अस्थाई

भवाली सैनिटोरियम में इस भूमि पर हेलीपैड प्रस्तावित है। ● अमृत विचार

खंड डिवीजन ने तकनीकी स्वीकृति के बाद 136.47 लाख का प्रस्ताव भेजा था। भवाली में उत्तराखंड न्यायिक अकादमी, एयरफोर्स स्टेशन, बाबा नीब करौरी आश्रम, घोड़ाखाल गोलज्यू मंदिर, चाय बागान हैं। यहां हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं, यहां से हवाई सेवा शुरू होने से पर्यटकों को सुविधाएं मिलेंगी और राजस्व में वृद्धि होगी। इधर, उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (उकाडा) के वित्त नियंत्रक दीपक चंद्र भट्ट ने नैनीताल जिलाधिकारी को पत्र भेजकर बताया कि सैनिटोरियम में संबंधित भूमि पर उकाडा के नाम हस्तांरित होने के बाद प्रस्ताव को फिर से वित्त व्यय समिति के समक्ष पेश किया जाएगा। उन्होंने डीएम को निर्देश दिए कि इस बाबत संबंधित अधिकारी को कार्यवाही के लिए कहें ताकि अगली कार्रवाई की जा सके। इसके बाद प्रशासन ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

निवर्तमान चेयरमैन संजय वर्मा ने बताया कि भवाली से हेलीपैड बनने से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। बाबा नीब करौरी के देश ही नहीं विदेशी अनुयायी भी हैं, ऐसे में उन्हें भी स्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। सरकार की आय में भी वृद्धि होगी।

चोरी की बाइक के साथ युवक पकड़ा

कालाढूंगी : लवनीत कुमार निवासी बैलपड़ाव ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि शुक्रवार की रात घर के बाहर से बाइक चोरी हो गई। एसओ भगवान सिंह महर ने बताया कि पुलिस ने मय बाइक के सुरेश कुमार निवासी हिम्मतपुर बैलपड़ाव को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जायेगा। पुलिस टीम में एसआई गुलाब सिंह कंबोज, लेखराज व अशोक कुमार मौजूद रहे।

सड़क के लिए बजट मिला अब बनाने को मजदूरों का संकट

लोनिवि के सामने आई दिक्कत, होली के बाद शुरू होगा सड़क का काम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लोक निर्माण विभाग के सामने होली त्योहार की वजह से मजदूरों की कमी का संकट बन गया है। मजदूर होली मनाने घर चले गए हैं। इस वजह से बजट जारी होने के बाद भी सड़कें बनाने का काम शुरू नहीं हो पाया है।

बदहाली से जूझ रही हल्द्वानी की सड़कों को ठीक करने के लिए 12 मार्च को बजट जारी हो गया था। लोक निर्माण विभाग ने वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली। मुख्य तौर पर वर्कशॉप लाइन से रेलवे बाजार तक सड़क को बनाना था। इसके अलावा अन्य सड़कों का भी निर्माण करना था। वर्कशॉप लाइन से रेलवे बाजार तक की सड़क को खराब हुए कई साल हो चुके हैं, जबकि यहां समीप ही रेलवे स्टेशन, केमू बस स्टेशन और रोडवेज बस अड्डा है। इस सड़क से जहां रोजाना केमू और रोडवेज की बसें गुजरतीं हैं। वहीं बाहर से आने वाले रेलयात्री भी हल्द्वानी में आने के लिए इस सड़का इस्तेमाल करते हैं। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद लोनिवि के सामने अब मजदूरों का संकट बन गया है। ठेकेदार का कहना है कि मजदूर होली के बाद वापस आ जाएंगे, उसके बाद ही काम शुरू हो पाएगा।

20.21 करोड़ रुपये होंगे खर्च

लोनिवि वर्कशॉप लाइन से रेलवे बाजार तक सड़क निर्माण के अलावा अन्य सड़कों को बनाने में करीब 20 .21 करोड़ रुपये खर्च करेगा। इनमें बमौरी, बिठौरिया, दमुवाढूंगा मार्ग, नवाबी रोड, बाजार क्षेत्र की आंतरिक सड़कें, आरटीओ रोड से संधू फार्म तक, लालपुर नायक मार्ग, एसटीएच से मेहता अस्पताल, रकसिया नाले से देवलचौड़, बिरला स्कूल मार्ग, धानमिल, नीलियम कॉलोनी, आनंदा स्कूल से रणवीर गार्डन तक सड़कें शामिल हैं।

सड़कों के लिए टेंडर हो गया है, लेकिन अभी मजदूरों की दिक्कत है। ठेकेदार को बात करने के लिए बुलाया है। उम्मीद है कि शनिवार को निर्माण सामग्री डाल दी जाएगी और जल्द ही सड़कों का निर्माण शुरू हो जाएगा। –**अशोक कुमार**, ईई, लोनिवि, हल्द्वानी

आचार संहिता से पहले जारी हुआ था बजट

चुनावी लाभ लेने के लिए इन सड़कों का बजट आचार संहिता से ठीक पहले जारी किया गया था, लेकिन उसके बाद होली त्योहार की वजह से सड़कों का निर्माण शुरू नहीं हो पाया।

मेट्रोपोल में लगा कूड़े का अंबार, लोग परेशान

नैनीताल : नगर पालिका के कूड़ा वाहनों के खराब होने का असर दिखने लगा है। पालिका ने आंतरिक मार्गों के कूड़ादान खाली कर शहर तो साफ कर दिया। मगर मेट्रोपोल में कूड़े का अंबार लगा हुआ है। जिस कारण आसपास रहने वाले लोगों व राहगीरों का दुर्गंध से बुरा हाल है। ईओ राहुल आनंद ने बताया कि सभी वाहन ठीक होकर आ चुके है। जल्द ही डंप कूड़े को हल्द्वानी भेज दिया जायेगा।



फिर से बदलेगा मौसम तापमान में आएगी गिरावट

पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, पहाड़ों में होगी झमाझम बारिश

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मौसम में एक बार फिर से परिवर्तन होने की संभावना है। खासतौर से पर्वतीय इलाकों में झमाझम बारिश हो सकती है। साथ ही मैदानी इलाकों में भी हल्की बारिश होने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने अनुमान जताया है कि राज्य में एक बार फिर से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है। 29 से लेकर 31 मार्च तक मौसम में परिवर्तन रहेगा। पहाड़ों में रिमझिम बारिश होगी। साथ ही मैदानी इलाकों में भी हल्की बारिश हो सकती है। मार्च के अंतिम सप्ताह में तापमान में गिरावट आएगी। चढ़ रहा पारा फिर से नीचे गिर जाएगा। इधर, रविवार को हल्द्वानी व आसपास के इलाकों में हल्के बादल छाए रहे। साथ ही तापमान में भी गिरावट आई। दिन का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो शनिवार की अपेक्षा तीन डिग्री सेल्सियस कम था। न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

गेहूं की फसल को होगा नुकसान

इस समय गेहूं की फसल में बाली आ गई है। साथ ही कुछ दिनों के बाद फसल पकना भी शुरू हो जाएगी। ऐसे में अगर अब बारिश होती है तो फसल को नुकसान पहुंचेगा। किसान फसल कटने तक बारिश न होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

सेनेटरी पैड मशीन लगाई

रामनगर : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्राओं के लिए सेनेटरी पैड मशीन लगाई गई। प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पांडे ने बताया कि छात्राओं की सुविधा के लिए इंडियन ऑयल के सौजन्य से दो सेनेटरी नेपकिन वेंडिंग मशीन लगाई गई है। जिनमें से एक पीजी ब्लॉक में तथा दूसरी बीएड ब्लॉक में स्थापित की गई है। ललित कड़ाकोटी व नीलम मनराल ने इस कार्य के लिए प्रसन्नता व्यक्त की है।

प्रो. एनएस बिष्ट को कुलपति बनने पर दी बधाई

नैनीताल, अमृत विचार : कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ कूटा ने डीएसबी परिसर के पूर्व प्रोफेसर एनएस बिष्ट को आम्रपाली निजी विश्वविद्यालय का कुलपति बनने पर बधाई दी है। प्रो. बिष्ट ने डीएसबी के वाणिज्य विभाग में लगभग 45 वर्षों तक अध्यापन कार्य किया। वह संकायाध्यक्ष विभागाध्यक्ष, परिसर निदेशक, डीएसडब्लू एवं कुलानुशासक आदि पदों पर अपनी सेवाए दे चुके हैं। कुविवि में प्रबंध अध्ययन भीमताल के प्रथम विभागाध्यक्ष भी रहे। प्रो. बिष्ट लोक सेवा आयोग उत्तराखंड के अध्यक्ष तथा सदस्य भी रह चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर कूटा के साथ-साथ वाणिज्य विभाग के प्राध्यापकों ने हर्ष व्यक्त किया है। कूटा की तरफ से प्रो. ललित तिवारी, डॉ. विजय कुमार, प्रो. नीलू लोधियाल, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. दीपाक्षी जोशी, डॉ. दीपिका गोस्वामी, प्रो. अनिल बिष्ट, डॉ. उमंग सैनी, डॉ. पैनी जोशी, डॉ. सीमा चौहान, डॉ. दीपिका पंत, डॉ. नागेंद्र शर्मा, डॉ. युगल जोशी, डॉ. रितेश साह ने खुशी व्यक्त की है।

समस्त क्षेत्रवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रताप सिंह बिष्ट
राजकीय ठेकेदार, भुजान

समस्त नगर व क्षेत्र वासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

धर्मेन्द्र सिंह
पशु चिकित्सा फार्मेसिस्ट
भियाल गांव, नैनीताल

सी.बी.एस.ई. मान्यता संख्या-3530326
दून माॅडर्न एकेडमी
सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल
(सी० बी० एस० ई० नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)
" एक विशिष्ट विद्यालय "
ग्राम - पतलिया, कोटाबाग, जिला-नैनीताल
कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 तक
1 अप्रैल से आरम्भ (विज्ञान व कॉमर्स)
प्रवेश प्रारम्भ
विशेषताऐं-
1. प्रशिक्षित, अनुभवी व उच्च योग्यताधारी शिक्षक व प्रशिक्षक।
2. सम्पूर्ण कक्षाओं में प्रोजेक्ट द्वारा उपयुक्त शिक्षण (स्मार्ट क्लासेस)।
3. फुटबाल, क्रिकेट, बैटमिंटन, टेबल-टेनिस चैस व कैरम इत्यादि खेलों की सुविधा।
4. छोटे नर्सरी के बच्चों के लिये उपयुक्त खिलौने एवं किड्स गार्डन।
5. पूर्णतः एन०सी०ई०आर०टी० शिक्षा।
6. कक्षा 11 व 12 में विज्ञान व कॉमर्स संकाय के पाठ्यक्रम की सुविधा।
7. कक्षा 1 से कम्प्यूटर शिक्षा अनिवार्य एवं इंटरनेट की वाई-फाई सुविधा उपलब्ध।
8. बच्चों को अंग्रेजी भाषा के उचित ज्ञान एवं अंग्रेजी में बातचीत पर विशेष जोर।
9. विद्यार्थियों को नैतिक, सामाजिक, धार्मिक, पारम्परिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का ज्ञान कराना।
10. रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, कम्प्यूटर की अत्याधुनिक सुविधा युक्त प्रयोगशाला।
11. सम्पूर्ण क्षेत्र में बच्चों के लिए नई अत्याधुनिक बसों द्वारा परिवहन सेवा उपलब्ध हैं।
12. सेकेण्डरी स्तर पर लगातार शत-प्रतिशत सफल परीक्षा परिणाम।
प्रत्येक वर्ष हमारे विद्यालय के छात्रों का जवाहर नवोदय राजीव नवोदय एवं सैनिक विद्यालयों में निरन्तर चयन
प्रथम CBSE स्कूल निशुल्क कक्षा 11th व 12th में कृषि विषय की मान्यता है।
कोटाबाग क्षेत्र का प्रथम CBSE मान्यता प्राप्त विद्यालय जहाँ कक्षा 11 व 12 के छात्रों के लिए NCC उपलब्ध है।
सम्पर्क सूत्र - 7302947755, 9412991959 (प्रबन्धक)
E-mail: doonmodernacademypataliya@gmail.com, Website: www.doonmodernadacemyntl.com

समस्त क्षेत्रवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दीपक सिंह बिष्ट
जे ई विद्युत विभाग
कालाढूंगी, जिला-नैनीताल

समस्त क्षेत्रवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
भगवान सिंह महर
थानाध्यक्ष, कालाढूंगी

समस्त क्षेत्रवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रमोद कुमार आर्या
वन क्षेत्राधिकारी
उत्तरी गोला रेंज, नथुआखान

समस्त क्षेत्रवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कुबेर सिंह बोरा
अध्यक्ष
ठेकेदार यूनियन कालाढूंगी

समस्त क्षेत्रवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विनोद बधानी
भाजपा मंडल महामंत्री
कोटाबाग

समस्त क्षेत्रवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
भुवन कुमार
भाजपा अनुसूचित मोर्चा मण्डल अध्यक्ष, कालाढूंगी
आरती टम्टा
जिला पंचायत सदस्य 18-गुलजारपुरवंकी, नैनीताल

समस्त क्षेत्रवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विनोद बुढ़लाकोटी
भाजपा महामंत्री
कालाढूंगी

समस्त क्षेत्रवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जोगा सिंह मेहरा
भाजपा मंडल अध्यक्ष
कोटाबाग, कालाढूंगी, नैनीताल

समस्त क्षेत्रवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मुकेश वर्मा
व्यापार मंडल अध्यक्ष
कोटाबाग, जिला-नैनीताल

समस्त क्षेत्रवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
तारा चन्द्र घिल्डियाल
प्रदेश महामन्त्री
उत्तराखण्ड लेखपाल संघ

समस्त क्षेत्रवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
भगवान सिंह रौतेला
जिला अध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन

समस्त क्षेत्रवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रवि कन्याल
भाजपा नेता, ब्लॉक प्रमुख
कोटाबाग, जिला-नैनीताल

समस्त क्षेत्रवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अरविन्द कुमार (एडवोकेट)
सामाजिक कार्यकर्ता,
गुलजारपुरबंकी कालाढूंगी

समस्त क्षेत्रवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मयंक गुप्ता
अध्यक्ष, संघर्ष वेलफेयर सोसाइटी
कालाढूंगी

समस्त क्षेत्रवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कुंदन बसेड़ा
सामाजिक कार्यकर्ता व
भाजपा वरिष्ठ नेता चकलुवा

समस्त नगर व क्षेत्र वासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
डॉ. राजकुमार सेतियां
पूर्व सभासद नगर पंचायत लालकुआं व
पूर्व महामंत्री, भाजपा लालकुआं, नैनीताल

समस्त नगर व क्षेत्र वासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
हेमवती नंदन दुर्गापाल
पूर्व महासचिव
उत्तराखंड किसान कांग्रेस
हरीश चंद्र दुर्गापाल
पूर्व कैबिनेट मंत्री
उत्तराखंड सरकार

समस्त नगर व क्षेत्र वासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
रामबाबू मिश्रा
पूर्व सचिव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी उत्तराखंड व
पूर्व अध्यक्ष, नगर पंचायत लालकुआं, नैनीताल

समस्त नगर व क्षेत्र वासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
जगदीश अग्रवाल
वरिष्ठ भाजपा नेता व सामाजिक कार्यकर्ता
लालकुआं, नैनीताल

समस्त नगर व क्षेत्र वासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
दीवान सिंह बिष्ट
अध्यक्ष, नगर उद्योग व्यापार मंडल
लालकुआं, नैनीताल

ऐसो अनाड़ी चुनर गयो फाड़ी...

28वां फागोत्सव : होली जुलूस निकाला, गीतों पर झूमे लोग और सैलानी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : रामसेवक सभा की ओर से आयोजित 28वें फागोत्सव के तहत रविवार को नगर में होली जुलूस निकाला गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने प्रतिभाग किया।

रामसेवक सभा प्रांगण से होली जुलूस का शुभारंभ हुआ, जो मल्लीताल बाजार, गोलघर, गाड़ीपड़ाव, जयलाल साह बाजार होते हुए वापस सभा प्रांगण में पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में होल्यारों ने आयो नवल बसंत सखी ऋतुराज कहायो...कह दीजो रघुनाथ भरत से कह दीजो..., बुराशी क फूलों क कम-कम मारो..., मोहन गिरधारी...ऐसो अनाड़ी चुनर गयो फाड़ी..., हो मुबारक मंजरी फूलों भरी ऐसी होली खेले जनाबेअली... आदि गीतों की मनमोहन प्रस्तुति दी। जिस पर स्थानीय लोगों के साथ ही सैलानी भी झूमते नजर आये। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामसेवक सभा ने दो सौ किलो हर्बल रंगों का प्रयोग किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ललित तिवारी ने किया। इस दौरान मनोज साह, जगदीश बवाड़ी, कैलाश जोशी, मुकुल जोशी, हीरा सिंह, भीम सिंह कार्की, बृजमोहन जोशी, राजेंद्र बिष्ट, अशोक साह, मुकेश जोशी मंटू, बिमल चौधरी, राजेंद्र बिष्ट, भुवन बिष्ट, राजेंद्र लाल साह, चंद्र प्रकाश, हीरा, कुंदन नेगी, गोविंद, हरीश राणा, मिथिलेश पांडे, कुंदन नेगी, मोहित रौतेला आदि मौजूद रहे।

नैनीताल में होली जुलूस में शामिल महिलाएं और बच्चे। ● अमृत विचार

हल्द्वानी के मंगलपड़ाव स्थित होली ग्राउंड में होलिका दहन से पूर्व होलिका की पूजा-अर्चना के लिए उमड़ी लोगों की भीड़। ● राजेश श्रीवास्तव

होली महोत्सव में हुड़का बजाते विधायक सुरेश गड़िया। ● अमृत विचार

देवलचौड़ स्थित संस्कृत महाविद्यालय में होली कार्यक्रम में प्रतिभाग करते लोग।

दिल्ली से पैक होकर हल्द्वानी पहुंचे बसें

हल्द्वानी : होली से ठीक पहले परिवहन निगम की बसों में यात्रियों की मारामारी रही। हालांकि परिवहन निगम ने यात्रियों की भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की थी। दिल्ली से हल्द्वानी आने वाले यात्रियों की संख्या सबसे अधिक रही। जिसके लिए देर शाम तक हल्द्वानी डिपो की 21 बसों को दिल्ली के लिए रवाना किया गया। काठगोदाम डिपो से 39 बसें चलाई गई। दिल्ली के लिए डिपो की 12 बसें, एक जनरथ व 12 सीएनजी बसों का संचालन किया गया।

होलिका पूजन को उमड़ी महिलाओं की भीड़

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : होली के अवसर पर मंगल पड़ाव होली ग्राउंड और पटेल चौक में होलिका पूजन के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ी। रविवार की सुबह से ही महिलाएं होलिका की पूजा के लिए स्थलों पर पहुंचने लगी थीं। शाम 6 बजे से भजनों का सिलसिला शुरू हो गया था। रात्रि करीब 11.30 बजे होली ग्राउंड में होलिका दहन किया जायेगा। इसके साथ ही पटेल चौक, मुखानी चौराहा, अंबेडकर चौराहा, तिकोनिया चौराहा में भी होलिका दहन किया जाएगा।

पं. गोपाल भट्ट शास्त्री ने बताया कि होलिका जलने के बाद रंग डालना शुरू किया जाता है। होलिका दहन स्थल पर सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर गेहूं की बाली और गन्ना चढ़ाया। गेहूं की बाली भूनकर और होलिका की राख लेकर लोग घरों में ले गए और पूजन किया। होलिका की राख ले जाकर लोग सुख समृद्धि की कामना करते हैं।

होलिका पूजन के लिए महिलाओं की उमड़ी भीड़

रामनगर : होलिका दहन से पूर्व होली चौक में होलिका मैया की पूजा-अर्चना के लिए महिलाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। बता दें कि कोसी रोड स्थित होली चौक (बड़ी होली) पर नवयुवक समिति होलिका कमेटी एकादशी के दिन चीर बंधन के साथ ध्वज स्थापित करती है। होली के दिन प्रात: से ही महिलाओं द्वारा होलिका का पूजन किया जाता है। देर सायं होलिका दहन के उपरांत प्राचीन परंपरा के तहत लोग गन्ना, गेहूं आदि भूनते देखे गए। होलिका दहन के दौरान होलिका मैया की जय का लोगों ने उद्घोष किया। व्यवस्था बनाने में राकेश महंत, रवि शुक्ला, सौरभ मित्तल, प्रखर मित्तल, कुलदीप अग्रवाल, निरंजन कुमार, हिमांशु मित्तल मौजूद रहे।

इस बार दो दिन खेला जाएगा होली का रंग

रामनगर : पंचाग के चलते इस बार होली का त्योहार दो दिन मनाया गया। रामदत्त जोशी के पंचाग के अनुसार होली मंगलवार को खेली जाएगी। इसकी वजह सोमवार को प्रतिपदा उदयव्यापनी का नहीं होना है। मंगलवार सूर्योदय के समय प्रतिपदा शुरू होगी। जबकि दूसरे पंचागों में होलिका दहन के बाद अगले दिन सोमवार को होली खेली जाएगी। रामनगर शहर में सोमवार को, जबकि पर्वतीय समाज व ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को होली मनाई जाएगी।

हुड़के की थाप पर झूमे कपकोट विधायक गड़िया

हल्द्वानी : भाजपा से कपकोट विधायक सुरेश गड़िया की ओर से जगदंबा नगर रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में होली महोत्सव आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि यह त्योहार रंगों और आपसी प्रेम व भाईचारे का है। हम सभी को पैतृक गांव नहीं भूलना चाहिए। सभी कुल देवी-देवताओं की पूजा और पर्व मनाने के लिए गांव जाना चाहिए। महोत्सव में चाचरी छोड़ा न्यूली के साथ ही हुड़के की थापा पर विधायक झूमे। इस दौरान प्रताप बिष्ट, जगदीश बिष्ट, महिपाल आदि मौजूद रहे।

नवाबी रोड स्थित वैंकट हाल में होली मनाती महिला महाविद्यालय की छात्राएं।

संगीत, नृत्य और रंगों से छात्राओं ने मनाई होली

हल्द्वानी : महिला डिग्री कॉलेज की छात्र संघ पदाधिकारियों की ओर से नवाबी रोड स्थित बैंक्वट हॉल में होली महोत्सव का आयोजन किया गया। होली के दौरान डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने लोकगीतों के साथ ही बॉलीवुड के गीतों पर जमकर नृत्य किया। वहीं एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया। छात्राएं होली के अवसर पर तमाम तरह के परिधान पहन कर आईं थीं। बैंक्वट हॉल में होली मिलन का दौर काफी देर तक रहा। कार्यक्रम आयोजकों में छात्र संघ अध्यक्ष प्रीती स्यूनरी, निकिता जोशी, सौम्या आदि मौजूद रहीं।

आज बिरज में होली रे रसिया...पर झूमे लोग

हल्द्वानी : देवलचौड़ स्थित महादेव गिरि संस्कृत महाविद्यालय में जिला कुटुंब प्रबोधन ने होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रसिद्ध होली गायक आचार्य विवेक शर्मा के सिद्धि को दाता विघ्न विनाशन...गीत से हुई। लोग आज बिरज में होली रे रसिया...गीत पर झूमते नजर आये। होल्यारों ने सामूहिक खड़ी होली जल कैसे भरुं जमुना गहरी को गाकर आनंद उठाया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद दरम्वाल ने विवेक शर्मा को सम्मानित किया। डॉ. नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि होली का आयोजन नशा मुक्ति होली के रुप में किया गया। लोगों ने फूलों की होली का भी आनंद लिया। इस मौके पर संघ के जिला कार्यवाहक गोधन सिंह, जिला सह कार्यवाहक चंद्र शेखर भट्ट, सुरेश तिवारी, प्रकाश हरबोला, समर पाल सिंह, कार्तिक हरबोला, डॉ. नवीन चंद्र बेलवाल, लोकमणि पाठक, भगवान सहाय आदि मौजूद रहे।

आर्य समाज में होलिकोत्सव पर हुआ विशेष यज्ञ

हल्द्वानी : आर्य समाज में रविवार को नवसंस्येष्टि पर्व (होलीकोत्सव) पर विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। आचार्य विनोद कुमार ने यज्ञ संपन्न कराया। होलीकोत्सव पर होने वाले इस यज्ञ में विशेष आहुतियां दी गईं। बाद में स्वामी श्रद्धानंद सभागार में भजन एवं प्रवचन हुए। मुख्य वक्ता एवं राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय विद्यालंकार ने होली पर्व की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। आयोजन में समाज के संरक्षक पीएल आर्य, हरिप्रसाद आर्य, रविकांत माहेश्वरी, नरेश कंसल, श्रीकांत खंडेलवाल, हरीश चंद्र पंत, यमुनादत्त बेलवाल, दयानंद बिनवाल, संतोष भट्ट व राजकुमार राजौरिया शामिल रहे।

महिलाओं ने खेली फूलों की होली

हल्द्वानी : सत्यनारायण मंदिर में महिला मंडल ने फूलों की होली खेली। जिसमें महिलाओं ने होली के भजन गाए। महिला मंडल की अध्यक्षा नीता रानी सुखीजा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मंदिर के मुख्य पुजारी चंद्रशेखर जोशी, राजरानी सुखीजा, सुनीता आनंद, नीतू आनंद, रितु चोपड़ा, पूजा, मीनू आदि मौजूद रहीं।

अपराधियों को सजा दिलाने में कालाढूंगी थाना सबसे अव्वल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : साल भर पुलिस थानों में मामले दर्ज होते हैं और कोर्ट भी पहुंचते हैं। कई मामलों में पुलिस के गिरफ्तार किए आरोपी कोर्ट से बरी भी हो जाते हैं। वहीं कालाढूंगी थाने को इस बार पुलिस मुख्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र देते हुए सम्मानित किया गया है। वर्ष 2023 में दर्ज हुए मामलों में 92 प्रतिशत दोषसिद्ध करने वाला कालाढूंगी पहला थाना बना है।

जिले के कालाढूंगी थाने को सर्वाधिक दोषसिद्धि करने वाला थाने का सम्मान मिला है। देहरादून पुलिस मुख्यालय की ओर से कालाढूंगी थाने को सम्मानित किया गया है। वर्ष 2023 में कालाढूंगी थाना पुलिस ने 92 प्रतिशत मामलों में गिरफ्तार किए आरोपियों को दोषी साबित किया और सजा दिलाई। वर्तमान में कई आरोपी अभी भी जेल में सजा काट रहे हैं। तत्कालीन थाना प्रभारी नंदन सिंह रावत ने बताया कि साल 2023 में कालाढूंगी थाने में 192 मुकदमे दर्ज हुए थे। 92 प्रतिशत मामलों में आरोपियों के दोष कोर्ट में साबित कर उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाया।

सर्राफा चौक पर जमकर चले दो पक्षों में लाठी-डंडे

रामनगर, अमृत विचार : बीते शनिवार को मुख्य बाजार के सराफा चौक में दो पक्षों की बीच जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें कई लोग चोटिल भी हुए।

पुलिस के पहुंचने से पहले ही दोनों गुट मौके से भाग गये। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। पुलिस मामले की जांच करने के साथ ही आरोपियों की तलाश में जुट गई है। घायल अजीत नेगी पुत्र अरविन्द सिंह नेगी निवासी शान्तिकुंज पीरूमदारा की तहरीर पर पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अजित नेगी ने चन्दन सागर निवासी लूटाबड़, हर्षित कोहली, मंयक उर्फ मंकु, पंकज पांडे निवासी लूटाबड़, राबिन, प्रियाशु निवासी बसई, लक्की उर्फ भानुप्रताप पम्पापुरी, सिकन्दर, विशाल पासवान निवासी टांडा, अर्जुन किलर, युवराज गिल, अनुज सिंह निवासी चोरपानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सबसे ज्यादा शिकायतें हल्द्वानी और सबसे कम भीमताल में दर्ज हुईं

हल्द्वानी, अमृत विचार : जनता अबकी बार चुनाव में आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के लिए भी जागरूक है। चुनाव आयोग की ओर से शुरू की गई सी-विजिल एप भी इसमें मददगार साबित हुई है। इस एप के जरिए अब तक 288 से अधिक शिकायतें दर्ज हुई हैं।

केंद्रीय निर्वाचन आयोग के अनुसार, सी-विजिल एप से जनपद की छह विस सीटों पर 288 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें 284 शिकायतें रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को सही पाई गईं, जबकि 4 शिकायतें ड्रॉप कर दी गईं। आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा शिकायतें हल्द्वानी में 116, लालकुआं व रामनगर में 64-64, नैनीताल व कालाढूंगी में 20-20 और भीमताल में 4 शिकायतें दर्ज हुई हैं। यह शिकायतें 11 से 24 मार्च तक प्राप्त हुई हैं। जिनपर त्वरित कार्रवाई की गई।

रंगों के पर्व होली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

प्रदूषण मुक्त होली खेलें।

- पेंट, कैमिकल आदि का प्रयोग न करें।
- अपने वाहन का प्रदूषण जाँच प्रमाण पत्र वैध रखें।
- नदियों, झरनों पर वाहन न धोयें, इससे जल प्रदूषि होता है।
- अपने वाहन के एयर फिल्टर, ऑयल फिल्टर को दुरस्त रखें जिससे प्रदूषण की मात्रा न बढ़े।
- प्रेशर हॉर्न या मल्टी टोन हॉर्न का प्रयोग अवैध है, इससे ध्वनि प्रदूषण होता है। वाहनों में इनका प्रयोग न करें।
- बालू, रेता आदि खनन सामग्री का वहन ट्रक, डम्पर आदि में तिरपाल से ढ़ककर ही करें।
- यदि वाहन के सायलेंसर से लगातार काला धुआँ आ रहा है तो वाहन को सर्विस स्टेशन/वर्कशॉप में चैक करवायें।

स्वस्थ एवं प्रदूषण मुक्त होली मनायें।

कार्यालय उप सम्भागीय परिवहन
काशीपुर, जिला-ऊधमसिंह नगर

NAINI
समस्त क्षेत्रवासियों को
रंगो एवं खुशियों का पर्व
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
नैनी पेपर्स लिमिटेड
7th किमी. स्टोन, मुरादाबाद रोड़, काशीपुर-244713

आप सभी को रंगोत्सव होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
Shree Krishna Multi Speciality Hospital
श्री कृष्णा हॉस्पिटल हार्ट एवं ट्रामा सेन्टर
निकट चामुण्डा मन्दिर, गिरिताल, काशीपुर
फोन : 05947-277027, मो. 8192005701, 05

24 घंटे उपलब्ध सुविधायें
- न्यूरो एवं ट्रामा यूनिट
- ब्लड बैंक
- जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
- ईको, टी.एम.टी.
- कूल्हा, घुटना एवं जोड़ प्रत्यरोपण
- सी.टी. स्कैन
- स्त्री एवं प्रसूति रोग
- डिजिटल एक्स-रे
- बाल रोग
- अल्ट्रासाउण्ड
- कैथ लैब एवं हार्ट सेन्टर
- कलर डॉप्लर
- आई.सी.यू.
- मेडिकल स्टोर
- आई.सी.सी.यू.
- पैथोलॉजी
- एन.आई.सी.यू.
- क्रिटिकल केयर एम्बुलेंस
- पी.आई.सी.यू.

सभी एवं आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा योजना की सुविधा उपलब्ध
एम्बुलेंस के लिए कॉल करें - 8958800015

निकट चामुन्डा मन्दिर, गिरीताल, काशीपुर (उत्तराखण्ड)
फोन : 05947-277027, 8192005701

आप सभी को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आनंद कुमार
एडवोकेट, पूर्व ग्राम प्रधान
समाज सेवक, काशीपुर

आप सभी को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
खाद्य आपूर्ति विभाग
काशीपुर, जिला-ऊधमसिंह नगर

समस्त क्षेत्रवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार सेठी
निवर्तमान पार्षद वार्ड न. 17
सोना सेठी
पूर्व पार्षद
15 वर्षों से आपकी सेवा में समर्पित

Amazing New Designs
www.elegantfurniture.co.in
Elegant
FURNITURE & INTERIORS
Creating Comfort & Style for You
Girital Road, Near Havells Showroom
Kashipur, Mob: 9760009616, 9917133222
Happy Holi

HOME FURNITURE | OFFICE FURNITURE | OUTDOOR FURNITURE | MATTRESSES

होली गीतों पर कार्यकर्ताओं संग थिरके भगत

फूलों व रंगों की खेली होली, विधायक बोले-लोकसभा चुनाव में पांचों सीटों पर भाजपा की होगी बंपर जीत

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार : कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने कार्यकर्ताओं के साथ नगर के पार्वती गार्डन में फूलों व रंगों की होली खेली। विधायक भगत ने सभी को अबीर-गुलाल का टीका लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

रविवार को होली कार्यक्रम में भाजपा कार्यकत्रियों व कार्यकर्ताओं ने अबीर-गुलाल व फूलों की जमकर होली खेली। जल कैसे भरूं जमुना गहरी..., रंग बरसे...आदि होली पर कार्यकर्ता झूमते नजर आये। महिलाओं ने भी होली गीतों से कार्यक्रम में समा बांधा। सुंदर व मनमोहक होली गीतों पर विधायक बंशीधर भगत भी कार्यकर्ताओं के साथ थिरकते नजर आये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता शपथ ले चुका है। लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांचों सीटों पर भाजपा की बंपर जीत होगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, महामंत्री हरीश मेहरा, विनोद, पुष्कर कत्यूरा, कुंदन बसेड़ा, भगवान कुमटीया, कैलाश बुढ़लाकोटी, अखिलेश वर्मा, गोपाल बुढ़लाकोटी, गणेश मेहरा, अनिल बिष्ट, दीवान सिंह बिष्ट, कुबेर बोरा, ममता साह, कविता वालिया, इला बुढ़लाकोटी, शोभा पांडेय, प्रियंका मेहरा, रेखा गुप्ता सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कालाढूंगी में कार्यकर्ताओं के साथ होली खेलते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

इधर, नगर व्यापार मंडल की ओर से मुख्य बाजार में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें व्यापारियों ने सभी से नशे से दूर रहने व होली पर्व उत्साह के साथ मनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। रंग बरसे भीगे चुनर वाली..., मेरा रंगीलो देवर घर ऐ रौ छो... आदि गीतों पर जमकर ठुमके लगाये। इस दौरान अध्यक्ष मंयक मेहरा, पुष्कर खनायत, कैलाश बुढ़लाकोटी, हरीश मेहरा, गोपाल बुढ़लाकोटी, जगदीश कांडपाल, पंकज सती, गणेश दिगारी, विशन बगड़वाल, रवि शंकर वर्मा, राकेश गोयल, कुक्की बुढ़लाकोटी, भुवन पांडे, गोधन सैनी आदि मौजूद रहे।

होली गीतों पर जमकर थिरके होल्यार

गरमपानी : कोसी घाटी में होली गायन की धूम मची है। घरों व मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद होली गायन पर होल्यार खूब थिरक रहे हैं। समीपवर्ती टूनाकोट व छड़ा गांव में महिलाओं ने पारंपरिक होली गायन से समां बांधा। छड़ा गांव में महिला मंगल दल ने होली महोत्सव का आयोजन किया। जिसमें हेमा बिष्ट, खष्टी बिष्ट, ममता बिष्ट, प्राची, दीपा, माया, याचना, बसंती देवी, गीता देवी, रेखा ने कुमाउनी होली गायन से धूम मचाई। वहीं रामगढ़ ब्लॉक के प्यूड़ा गांव स्थित आरोही बाल संसार विद्यालय में नौनिहालों ने भी एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया।

पत्रकारों की होली में झूमे विधायक व पूर्व मंत्री

लालकुआं, अमृत विचार : उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें होल्यारों ने होली गीतों से समा बांधा। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल ने ढोलक में थाप देकर ठुमका लगाया। अंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन बिष्ट, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट ने होली गाकर होली मिलन का शुभारंभ किया। नगर की महिला होलियारों ने होली के गीतों से कार्यक्रम में समा बांधा। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता हेमंत नरूला, व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, भाजपा मंडल अध्यक्ष धन सिंह बिष्ट, बॉबी संभल, पूर्व चेयरमैन लालचंद सिंह, रामबाबू मिश्रा, पुष्कर दानू, प्रमोद कॉलोनी, दीपक जोशी, नेता हेमंत नरूला आदि रहे।

होली कार्यक्रम में खड़ी होली गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन तस्कर पकड़े

कालाढूंगी : पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष भगवान सिंह महर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गिन्ती गांव तिराहे कोटाबाग से 52 पव्वे के साथ दिगम्बर साह निवासी खुडलिया को गिरफ्तार किया है। वहीं चेकिंग के दौरान स्टोन क्रशर बैतखेड़ी बैलपड़ाव के पास से बाइक सवार सोनू निवासी ग्राम इटब्बा बन्नाखेड़ा के पास से 80 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर बाइक को सीज कर दिया है। उधर, नैनीताल में पुलिस ने 35 लीटर अवैध शराब के साथ एक अधेड़ को गिरफ्तार किया है। अधेड़ के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। शनिवार देर शाम मल्लीताल पुलिस गश्त करते हुए चीना बाबा तिराहे के पास पहुंची थी। तभी सूचना मिली कि एक व्यक्ति गेलन में शराब लेकर मेट्रोपोल से सूखाताल की ओर जा रहा है। जिस पर पुलिस ने व्यक्ति की धर दबोच लिया। पूछताछ में बताया कि वह चेकिंग से बचने के लिए 94 अध्धे अंग्रेजी शराब को गैलन में भरकर छिपाते हुए ले जा रहा था। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि गाड़ी पड़ाव निवासी रघुवीर जाटव के पास एक जरकिन में 35.625 लीटर शराब बरामद हुई है।

वृद्धों व दिव्यांगों को मतदान के लिए किया जागरूक

भीमताल : आश्रय सेवा समिति वृद्धाश्रम चौफुला चौराह दमुवाढूंगा में समाज कल्याण विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल, नोडल अधिकारी पीडब्ल्यूडी ने वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगों को मतदान के दिन दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। उन्होंने घर से मतदान स्थल तक निशुल्क लाने व मतदान के उपरांत घर छोड़ने के लिए वाहन सुविधा एवं सक्षम एप की जानकारी दी। उन्होंने सभी को मतदान के लिए शपथ दिलाई। इस दौरान सहायक समाज कल्याण अधिकारी राहुल चन्द्र आर्य, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र हल्द्वानी से राजेश कुमार, प्रकाश डिमरी आदि मौजूद रहे।

कार सवार युवक से दो लाख की नगदी बरामद

नैनीताल, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने चेकिंग के दौरान ज्योलीकोट में एक कार सवार युवक से दो लाख की नगदी बरामद की है। नगदी की सही जानकारी न मिलने पर पुलिस ने नगदी सीज कर दी है। शनिवार की शाम ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्य व एसएसटी की टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। तभी हल्द्वानी से पिथौरागढ़ जा रही एक कार को रोका तो कार सवार युवक घबरा गया। तलाशी लेने पर कार से दो लाख की नगदी बरामद हुई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम किशोर सिंह कठायत निवासी बेरीनाग पिथौरागढ़ बताया।

होली पर हुड़दंग करने वालों की होगी वीडियोग्राफी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : होली की आड़ में अराजक तत्वों व हुड़दंगियों की वीडियोग्राफी के साथ-साथ कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए एसएसपी ने मासिक अपराध समीक्षा बैठक में अधीनस्थों को आदेशित कर दिया है। उन्होंने कहा कि जिले के मुख्य चौराहों पर भारी पुलिस बल की तैनाती रहेगी। जो कैमरों और मोबाइल से हुड़दंगियों की वीडियो बनाकर नियमानुसार कार्रवाई करेगी।

रविवार को पुलिस लाइन में हुई मासिक अपराध समीक्षा बैठक में एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कहा कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो चुकी है और सोमवार को होली का त्यौहार है। ऐसे में उपद्रवी या फिर हुड़दंगी कानून व्यवस्था को भंग कर सकते हैं। उन्होंने अधीनस्थों को आदेश दिया कि किसी भी इलाके में तनाव की स्थिति में संयम बरतने के साथ ही इसकी सूचना आला अधिकारियों को दी जाए। साथ ही सभी थाना, कोतवाली एवं चौकी में टास्क फोर्स बनाकर सजग रहा जाए। एसएसपी ने कहा कि मुख्य चौराहों पर पुलिस, पीएसी के अलावा पैरामिलिट्री के जवानों की भी तैनाती की जाएगी और थाना-चौकी पुलिस अपने-अपने इलाकों में होलिका दहन से लेकर होली मनाने की देर शाम तक गश्त करते रहेंगे। इस मौके पर एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कत्याल, एसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह, सीओ सदर निहारिका तोमर, सीओ बाजपुर भूपेंद्र सिंह भंडारी, सीओ पंतनगर ओमप्रकाश शर्मा, सीओ संचार रेवाधर मठ पाल, सीओ अनुषा बडोला, प्रतिसार निरीक्षक मनीष शर्मा आदि मौजूद रहे।

पुलिस लाइन में मासिक अपराध समीक्षा बैठक करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी। ● अमृत विचार

समस्त क्षेत्रवासियों को
रंगों के पर्व होली
की हार्दिक शुभकामनाएं

एक नजर

जसपुर से उमराह करने गए जायरीन की मौत

जसपुर। नगर से सऊदी अरब उमराह करने गए जायरीन की तबियत बिगड़ने से वहां मौत हो गई। नई बस्ती निवासी अंडा, मुर्गा कारोबारी इब्राहीम उर्फ मुन्ना कुछ दिन पहले उमराह करने सऊदी अरब यात्रा पर गए थे। गुरुवार को उनकी उमराह करने के दौरान अचानक तबीयत खराब होने के बाद मौत हो गई। मुन्ना के छोटे पुत्र हसनैन अली ने बताया कि पिता की मौत की खबर सुनकर उनके बड़े भाई सलीम सऊदी अरब के मदीना पहुंचे, जहां सऊदी अरब के पवित्र शहर मदीना में जायरीन मुन्ना को सपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

इब्राहिम उर्फ मुन्ना।

भ्रमित कर रही भाजपा

काशीपुर। कांग्रेस प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी डॉ. चयनिका उनियाल ने भाजपा को जनता को भ्रमित करने वाली पार्टी करार दिया। रविवार को टांडा उज्जैन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ प्रवक्ता ने बैठक की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव में पूरी तरह से उतर चुकी है। इसके लिए उत्तराखंड में पांचों सीटों पर प्रत्याशियों का चयन कर लिया गया है। दावा किया कि कांग्रेस जीत दर्ज करेगी। इस मौके पर अधिवक्ता इंदर सिंह, मोहम्मद आकिब आदि मौजूद थे।

शाकिब चौधरी को बनाया कांग्रेस प्रदेश सचिव

जसपुर। शाकिब चौधरी को कांग्रेस प्रदेश सचिव बनाया गया है। इस पर उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय सचिव नईम प्रधान, प्रदेश प्रभारी शिवी चौहान, प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, प्रदेश सह प्रभारी नवनीत कौर एवं समस्त कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त किया है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में विधायक आदेश सिंह चौहान, नईम प्रधान, सुखदेव प्रधान, आफताब अंसारी, मोइन उद्दीन, हिमांशु इख्तियार बबलू, गजेंद्र चौहान आदि शामिल हैं।

इब्राहिम उर्फ मुन्ना।

तुम सुख सोहे रंग महल में, अब कैसे खेलें होली...

पर्वतीय समाज की महिलाओं ने घर-घर जाकर खेली होली, एक-दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर दी बधाई

पर्व

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: क्षेत्र में कुमाउनी होली पूर्ण यौवन पर पहुंच गई। महिलाओं ने समूह बनाकर घर-घर दस्तक दी और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली गायन किया। पूरा माहौल रंगों के पर्व होली में सराबोर हो गया है।

महिला होल्यारों की टोली मोहल्ला मझरा प्रभु में रेखा उपाध्याय के आवास पर पहुंची और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही तुम सिद्धि करो महाराज होलिन के दिन में, तुम विध्न हरो महाराज होलिन के दिन में... से होली गायन शुरू किया गया। इसके पश्चात पीपल पतिया झलके झालर, नाचे मोर पिया घर ऐरौछौ..., शिवशंकर खेलत है होली, हां-हां साथ लिए गोरा-गोरी..., तुम सुख सोहे रंग महल में, अब कैसे खेलें होली लला... आदि होली गीतों से पूरा माहौल रंग बिरंगा हो गया। इस दौरान बार्डर से आए फौजी व पत्नी के बीच होली के वार्तालाप की आकर्षक गायन प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर नंदी देवी, मानसी, बसंती, लाल ताई, दीपा, खस्ती बरुला, रमा उपाध्याय, सुधा उपाध्याय, नेहा उपाध्याय, माया, गीता, प्रिया पंत, भावना पंत, राधा तिवारी, सुजाता द्विवेदी, प्रेमा जोशी, सरिता, रेखा पांडे, राखी बबली जोशी राधा तिवारी,बबली जोशी, आदि मौजूद थी। इससे पूर्व सुभाष नगर में गौरव शर्मा के आवास पर तथा अनेकों मोहल्लों में भी होली गायन का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं द्वारा फागुन की आई है बहार जी मनाओ होली का गायन किया गया।

बाजपुर के मोहल्ला मझरा प्रभु में होली गायन व नृत्य करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

खटीमा में होलिका दहन स्थल पर पूजा अर्चना करतीं महिलाएं।

देवनगर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देते कलाकार।

होलिका दहन स्थल पर पूजन करतीं महिलाएं

खटीमा। नगर के मुख्य चौराहे पर होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार देर शाम होलिका दहन किया जाएगा, इससे पूर्व दोपहर से ही पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं का होलिका दहन स्थल पर पहुंचकर पूजा अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया था जो शाम तक चलता रहा। वहीं नन्हें मुन्ने अपने परिजनों के साथ नगर में रंग और गुलाल खरीदने दुकानों पर पहुंचे और की खरीदारी।

मां काली की स्तुति नृत्य ने लोगों का मन मोहा

शक्तिफार्म। ग्रामसभा देवनगर में आयोजित काली पूजा महोत्सव के चौथे दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मां काली स्तुति के नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया। ग्राम सभा देवनगर में आयोजित काली पूजा महोत्सव के चौथे दिन विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे कलाकारों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। अपने कार्यक्रमों से कलाकारों ने खूब वाहवाही लूटी। इस दौरान मां काली स्तुति की नृत्य लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान आयोजन कमेटी द्वारा गांव के ही दो युवा प्रोफेसर डॉ. शंकर मंडल एवं डॉ. नरेंद्र विश्वास को शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान नारायण सरदार, उप प्रधान बंकेश सरदार, क्षेत्र पंचायत सदस्य विक्रम भंडार, आयोजन कमेटी अध्यक्ष शंकर गोलदार, सुनील सरकार, किशोर राय, अनूप सरकार, अमीर दास, चंदन विश्वास, सुकृत मालाकार, दीपांकर मल्लिक, विक्रम मंडल, विश्वजीत राय, दीपांकर राय समेत तमाम प्रबुद्ध लोग मौजूद थे।

करियर परामर्श वर्कशॉप में मौजूद छात्र, शिक्षक व विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल में करियर परामर्श वर्कशॉप

सितारगंज। स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के छात्रों के लिए एक उत्तम करियर परामर्श वर्कशॉप का आयोजन किया। इसमें क्षेत्र के विशेषज्ञों ने उनके करियर के दृष्टिकोण और आवश्यकता के बारे में मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में छात्रों को करियर के विभिन्न विकल्पों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का मौका मिला। स्कूल के प्रबंधक पलविंदर सिंह औलख और कमलजीत कौर ने छात्रों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए सही राह दिखाई। सीनियर कोऑर्डिनेटर भूपेंद्र सिंह ने छात्रों को बताया कि किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए आपको पहले अपने अंदर उत्साह पैदा करना होगा। एकेडेमिक कोऑर्डिनेटर उत्तम तिवारी ने विज्ञान संबंधित क्षेत्र के बारे में छात्रों को बताया।इस अवसर पर कॉमर्स अध्यापक अर्शदीप सिंह, सिमरनजीत कौर, सुखवंत कौर, अमित पाठक, अशोक कुमार, गीता तिवारी ,अनुपमा दुबे, सुमित कुमार, गौरव चौधरी आदि उपस्थित रहे।

बाजपुर में सेंटमेरी स्थित निष्कलंक माता चर्च से जुलूस निकालते लोग। ● अमृत विचार

ईसाई समाज ने पाम संडे पर की प्रार्थना

बाजपुर। ईसाई समाज के लोगों ने रविवार को पाम संडे का उत्सव मनाया। इस दौरान सेंटमेरी स्थित निष्कलंक माता चर्च बाजपुर में प्रभु यीशु के दु:खभोग की याद करते हुए खजूर इतवार (पाम संडे) मनाते हुए प्रार्थना की गई। बताया गया कि ईसाई समुदाय में पाम संडे का खास महत्व है। क्रूस पर चढ़ने से पहले इस दिन प्रभु यीशु ने येरुशलम में प्रवेश किया था और विनम्रता के साथ आए थे। उनके येरुशलम में आगमन पर लोगों ने खजूर की डालियों के साथ स्वागत किया गया था। इसी की स्मृति में यह पर्व मनाया जाता है। निष्कलंक माता के ग्रोटो से लेकर चर्च परिसर तक जुलूस भी निकाला गया। इस मौके पर पल्ली पुरोहित फादर उदय, फादर राबर्ट, फादर बाला, सिस्टर शाइनी, सिस्टर सुमन, सिस्टर विनीता, मुराद मसीह, जैकब पाल, डोनाल्ड आदि मौजूद रहे।

गश्त के दौरान अलग-अलग स्थानों से चाकू के साथ तीन लोगों को दबोचा

काशीपुर : पुलिस ने गश्त के दौरान अलग-अलग स्थानों से तीन संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके पास से पुलिस ने नाजायज चाकू बरामद किये। शनिवार देर शाम पुलिस ने गश्त के दौरान नागनाथ मंदिर के पास से पाकीजा कालोनी जसपुर खुर्द निवासी मोहम्मद इस्लाम व रेलवे क्रॉसिंग के पास टांडा उज्जैन निवासी राहुल सिंह और मोहल्ला अल्ली खां में करबला मैदान गेट के पास से हनुमान मंदिर के पास मंझरा लक्ष्मीपुर पट्टी निवासी तरुण यादव को गिरफ्तार किया। तीनों के पास से पुलिस ने तीन अवैध चाकू बरामद किये हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान किया है।

कच्ची शराब के धंधे में लिप्त महिला सहित चार को धरा

आरोपियों के पास से 247 लीटर शराब, बाइक और चाकू बरामद

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से कच्ची शराब के धंधे में लिप्त एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने कुल 247 लीटर कच्ची शराब व एक बाइक बरामद की है, जबकि एक आरोपी के पास से पुलिस ने चाकू बरामद किया है। पुलिस ने फौजा सिंह निवासी मंगल बाजार आलू फार्म के कब्जे से लगभग 80 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

उधर, राजाजीपुरम कॉलोनी हेमपुर इस्माइल के पास से यहीं की निवासी बबीता देवी के कब्जे से लगभग 47 लीटर और पुरानी नमक फैक्ट्री के पास से ग्राम कटैया निवासी अभिषेक कुमार के कब्जे से एक मोटरसाइकिल से तस्करी हो रही करीब 120 लीटर कच्ची शराब परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों का आबकारी एक्ट में चालान किया है।

उधर पुलिस ने चैती मंदिर के सामने स्थित मैदान से आकाश निवासी द्रोणा सागर के पास से एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी का आर्म्स एक्ट में चालान किया है। कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सिंह कोश्यारी, उपनिरीक्षक अनिल उपाध्याय, प्रकाश सिंह बिष्ट व जीवन सिंह चुफाल, अपर उपनिरीक्षक सोमवीर सिंह, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह, कांस्टेबल दीपक जोशी, जितेंद्र नेगी , रमेश सिंह बंगयाल, गणेश मेहरा, शैलेंद्र सिंह, दीपक प्रसाद, महिला कांस्टेबल राधा गोस्वामी शामिल रहे।

नशे के 75 इंजेक्शन के साथ तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर, अमृत विचार : पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से पुलिस ने नशे के 75 इंजेक्शन बरामद किये हैं। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है। कुंडा थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुरादाबाद रोड से स्कूटी पर सवार होकर आ रहे मोहल्ला थाना साबिक निवासी मोहम्मद हासिम को गिरफ्तार किया, जिसके पास से पुलिस ने नशे के 75 इंजेक्शन बरामद किये। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह उक्त इंजेक्शन मुरादाबाद स्थित बस स्टेशन स्थित एक युवक से खरीद कर लाया है और यहां उनको नशेड़ियों को ऊंचे दामों में बेचने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में कुंडा थानाध्यक्ष विक्रम सिंह राठौर, एसआई मनोहर चन्द, कांस्टेबल त्रिलोक सिंह, हरीश प्रसाद व मनोज बोरा शामिल रहे।

प्रदीप अध्यक्ष और देवराज उपाध्यक्ष

काशीपुर, अमृत विचार: अंबेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा लगाने व अंबेडकर जयंती को लेकर कमेटी का गठन किया गया। रविवार को ग्राम ब्रह्मनगर में अंबेडकर जनकल्याण सेवा से समिति अध्यक्ष चन्द्रहास गौतम व भीम आर्मी जिला अध्यक्ष अजय गौतम सहित गांव के लोगों ने बैठक कर निर्णय लिया गया।

मंदिर के सामने खाली पड़ी जमीन पर बाबा साहब की प्रतिमा लगाने और 14 अप्रैल को अंबेडकर जंयती व विशाल शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। जिसमें प्रस्ताव पास कर अंबेडकर पार्क कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसमति से प्रदीप कुमार को अध्यक्ष, देवराज सिंह को उपाध्यक्ष, बॉबी को सचिव,अतुल कुमार को उपसचिव, गौरव कुमार को कोषाध्यक्ष, मोहन सिंह को सदस्य मनोनीत किया गया।

युवक ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

संवाददाता, काशीपुर

हताशा

- सुबह परिजनों ने कमरे में लटका हुआ देखा शव
- पत्नी से कुछ अनबन के चलते उसका तलाक हो चुका था

अमृत विचार : शनिवार देर रात कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र में एक युवक ने पंखे से लटककर फांसी लगा ली। सुबह परिजनों ने उसका शव लटका हुआ देखा।

कुंडेश्वरी चौराहा निवासी 27 वर्षीय शुभम कंसल अपनी मां के साथ वही मेन बाजार में दुकान के ऊपर बने घर में रहता था। शनिवार को खाना खाने के बाद वह कमरे में सोने चला गया और उसकी मां पास के कमरे में सो गई। रविवार सुबह बहुत देर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो उसकी मां ने दरवाजा खोलकर देखा तो उसका शव पंखे में फंदे से लटका हुआ था। शोर होने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक की एक साल पूर्व ही शादी हुई थी और उसकी पत्नी से कुछ अनबन चल रही थी और उसका तलाक हो चुका था, जिसके बाद से पत्नी अपने मायके में रह रही थी। कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौके से कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

सिडकुल चौक के सौंदर्यीकरण व नाम परिवर्तन के बाद मौके पर कंपनी प्रबंधन।

सिडकुल चौक वी-गार्ड के नाम पर विकसित किया

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : वी-गार्ड फाउंडेशन द्वारा सीएसआर एक्टिविटी के तहत सिडकुल स्थित चौक का सौंदर्यीकरण करते हुए वी-गार्ड चौक से विकसित कर दिया है। जिसका शुभारंभ कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट बिजॉय पनघट और गार्ड के प्लांट हेड प्रवीण बनकर द्वारा किया गया।

रविवार को कार्यक्रम के दौरान वाइस प्रेसिडेंट बिजॉय पनघट ने बताया कि वी-गार्ड कंपनी की स्थापना 1977 में हुई थी। तभी से कंपनी लगातार सीएसआर के तहत चौराहों का सौंदर्यीकरण के अलावा समाज सेवा के प्रति कार्य करता आ रहा है। आगे भी कंपनी सिडकुल चौराहों को विकसित करती रहेगी। इस मौके पर सिडकुल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा, कोषाध्यक्ष विनीत शर्मा, मुक्ता टंडन, राजेश मिश्रा, मुकेश मंडल, हरिंदर राव, शाहिद आदि मौजूद रहे।

दीप प्रज्वलित करते राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा व अन्य।

सांस्कृतिक धरोहरों को बचाएं स्वयंसेवक

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : राजकीय प्राथमिक विद्यालय रेलवे में चल रहे राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर रंगारंग कार्यक्रमों संग संपन्न हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने कुमाउनी, पंजाबी लोक नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए। संचालन करते कार्यक्रम अधिकारी हेमा बिष्ट ने स्वयंसेवकों के शिविर में किए गए क्रियाकलापों को बिंदुवार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पूर्व कार्यक्रम अधिकारी प्रमिला भारती, प्रधानाध्यापक शैलेंद्र रैक्वार, जशविंद्र कौर आदि मौजूद थे।

एक नजर

युवा मतदाताओं को वोट का महत्व बताया

पंतनगर। सीडीओ मनीष कुमार के नेतृत्व में जिले की स्वीप टीम की ओर से पंतनगर विवि स्थित कृषि महाविद्यालय के छात्रों और युवा मतदाताओं को वोट के महत्व के बारे में बताकर 19 अप्रैल को हर हाल में मतदान करने की अपील की गई। इसी क्रम में छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर यूएसएन (ऊधमसिंह नगर) वोट प्रदर्शित कर मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योम जैन, ग्राम्य विकास अधिकारी पारस, आईएस विशेषज्ञ पिंकेश व प्राध्यापक डॉ. रेणु आदि मौजूद रहे।

पंचायत के दौरान मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

किच्छा। थाना अंतर्गत क्षेत्र में मंदिर में हो रही पंचायत के दौरान मारपीट हो गई। पीड़ित ने ग्राम प्रधान के साथियों पर गाली गलौज कर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलभट्टा थाना पुलिस को दी शिकायत में बंगाली कॉलोनी चुंगी, ग्राम शहदौरा, थाना पुलभट्टा निवासी प्रदीप सरकार पुत्र नारायण सरकार ने कहा कि वह मेहनत मजदूरी करता है। विगत दिनों वह अपने भाई उत्तम सरकार की ससुराल में नई बस्ती गया था। किसी मामले को लेकर चल रही पंचायत में वह चला गया और पंचायत में मारपीट होने के दौरान ग्राम प्रधान अजय के साथी सुरजीत, जसवीर व अन्य लोगों ने पीड़ित के साथ गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान अजय के भाई करण ने भी डंडे से मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

होल्यारों ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

हल्द्वानी: बिठौरिया नंबर एक में आयोजित होली में होल्यारों ने होली गाने के साथ ही मतदाता जागरूकता का संदेश भी दिया। समिति के अध्यक्ष तेज सिंह धौनी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हम मिलजुल कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए पोलिंग बूथ तक अवश्य जाएंगे और वोट करेंगे। इस मौके पर इंदर सिंह, भोपाल सिंह, नैन सिंह रौतेला, कैलाश चंद थुवाल, राजेंद्र सिंह रौतेला, नवीन जोशी, गौरी शंकर कांडपाल, श्यामसुंदर मिश्रा, केसी संग्रौला आदि उपस्थित रहे।

लोकसभा चुनाव : 101 लोगों ने अब तक जमा नहीं कराए अपने शस्त्र

अपील व सूचना की लोग कर रहे अवहेलना, पुलिस ने निरस्तीकरण को लिखा एसएसपी को पत्र

अनदेखी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत कटोरातात चौकी क्षेत्र में 101 लाइसेंसधारियों ने अपने शस्त्र जमा नहीं कराए हैं, जिसको लेकर पुलिस ने इन सभी के शस्त्र लाइसेंसी निरस्तीकरण की कार्यवाही को लेकर एसएसपी को पत्र भेजा है।

कटोरातात चौकी प्रभारी विपुल जोशी ने एसएसपी को भेजे अपने पत्र में कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत शस्त्र लाइसेंसधारकों को गन हाउस/मालखाने में जमा करने के लिए निरंतर चौकी क्षेत्र के सभी गली मोहल्लों में ई-रिक्शा पर लाउडस्पीकर लगाकर एनाउसमेंट कराया जा रहा है तथा भिन्न-भिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म व स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से लाइसेंसी शस्त्रों को जमा करने की अपील की जा रही है। साथ ही घर-घर जाकर व दूरभाष पर भी लोगों को सूचना दी गई है। उसके बावजूद कुल 100 शस्त्र लायसेंसधारियों द्वारा अपने-अपने लाइसेंसी शस्त्रों को गन हाउस/मालखाने में जमा नहीं कराया जा रहा है। जिससे कि इन शस्त्र धारकों द्वारा अपने लाइसेंसी शस्त्रों का दुरुपयोग कर लोकसभा चुनाव में किसी भी प्रकार से बाधित किये जाने की संभावना बनी हुई है। जिसके चलते इन 101 शस्त्र लाइसेंस धारकों के शस्त्र लाइसेंस को निरस्त किये जाने आवश्यक है। एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान लाइसेंसी शस्त्रों को जमा नहीं कराने वालों लोगों को चिन्हित किया जा रहा है और ऐसे लाइसेंसी शस्त्रों के निरस्तीकरण की कार्यवाही की प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है।

लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई

रुद्रपुर : लोकसभा चुनाव और आचार संहिता प्रभावी होने के बाद जिला पुलिस ने जहां मादकों पदार्थों के खिलाफ मुहिम चलाया। वहीं जिले में बढ़ते दबाव के बाद हजारों की संख्या में लाइसेंस धारकों ने अपने लाइसेंसी हथियारों को जमा करवाया।एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही जिला पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए 127 मुकदमे दर्ज करते हुए 125 तस्करों की गिरफ्तारी की और 5112 लीटर से अधिक अवैध शराब बरामद की गई। 24 मुकदमे पंजीकृत कर 19 चाकुओं व सात तमंचे व आठ कारतूस के साथ 26 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की कार्यवाही में अब तक तीन अभियोग पंजीकृत कर 1022 ग्राम चरस, स्मैक 36 .43 ग्राम व 332 कैप्सूल इंजेक्शन तथा पांच के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा पंजीकृत किया। इसके अलावा लाइसेंसी शस्त्र जमा की कार्यवाही में अब तक लगभग 5,053 लाइसेंसी शस्त्र जमा किए गए। निरोधात्मक कार्यवाही में अब तक 344 मामलों में 2838 व्यक्तियों के चालान किया गया और 118 व्यक्तियों को पाबंद किया गया। एसएसपी ने बताया कि होली और लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी और पुलिस और अनैतिक कार्यों के खिलाफ अभियान जारी रखेगी।

कैंटर की टक्कर से चालक गंभीर घायल

किच्छा। कैंटर की टक्कर में छोटा हाथी वाहन का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस को दी शिकायत में अमृत सरिया फॉर्म, ग्राम खजुरिया, जनपद रामपुर, उत्तर प्रदेश निवासी गुरजीत कौर पत्नी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि विगत 13 मार्च की रात्रि 10 बजे उसके पति इंद्रजीत सिंह छोटा हाथी से रुद्रपुर लौट रहे थे। कोतवाली अंतर्गत ग्राम नारायणपुर के समीप सामने से आ रहे कैंटर के चालक ने लापरवाही से चलाते वाहन को टक्कर मार दी। पीड़िता के पति इंद्रजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़िता ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा 108 एंबुलेंस को सूचना दिए जाने के बाद पति इंद्रजीत सिंह को गंभीर अवस्था में रुद्रपुर जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसे गंभीर अवस्था में हल्द्वानी रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर इंद्रजीत सिंह के परिवारजन हल्द्वानी पहुंचे और उसे इलाज के लिए रुद्रपुर के निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां इंद्रजीत सिंह की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कंट्रोल रूम में आईं शिकायतें निस्तारित

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आपदा प्रबंधन कार्यालय में बने कंट्रोल रूम में आयी 1368 शिकायतों का निस्तारण हो गया है। इसमें फोन नंबर 05944-1950 पर आयी 789 और एनजीपीएस में आयी 672 शिकायतें शामिल हैं। वहीं शिकायतों के निस्तारण के लिए 18 कार्मिकों की ड्यूटी लगायी गयी है। यह ड्यूटी तीन शिफ्टों में करायी जा रही है।

8 जनवरी को जिला मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने लोकसभा चुनाव में जन सामान्य की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आपदा प्रबंधन कार्यालय में निर्वाचन से संबंधित जनपद स्तरीय सहायता, शिकायत निगरानी नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेंटर स्थापित किया गया है। इसमें शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 टोल फ्री के साथ हंटिंग लाइन 05944-250222, 250481, 250500, 250501, 250502 पर शिकायतें दर्ज करायी जा रही थी। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी ने बताया कि कंट्रोल रूप बनने के बाद से हेल्पलाइन नंबर 150 पर मतदान पहचान पत्र से संबंधित 700 से अधिक शिकायतें आयी थी।

सभी शिकायतों का निस्तारण कर लिया गया है। इसी तरह एनजीपीएस में 672 शिकायतें दर्ज हुई। इसमें से 668 से अधिक शिकायतों का निस्तारण हो चुका है, जबकि चार शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया चल रही है।

निस्तारण

- फोन नंबर 05944-1950 पर आईं 789 और एनजीपीएस में आयी 672 शिकायतें
- तीन शिफ्टों में लगायी गयी है 18 कार्मिकों की ड्यूटी

केलाखेड़ा कब्रिस्तान से शव बाहर निकलवाती संयुक्त टीम। ● अमृत विचार

केलाखेड़ा कब्रिस्तान से शव बाहर निकालने के विरोध के चलते सुरक्षा में लगी पुलिस।

युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: कोतवाली पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को करीब 6 ग्राम अवैध स्मैक तथा 7120 रुपए की नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी सिंचाई विभाग अल्मोड़ा में कनिष्ठ सहायक पद पर तैनात बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। उप निरीक्षक राजेंद्र पंत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त के दौरान बंडिया चौराहे पर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम वार्ड नंबर 9, कोठी अठवाला, थाना रानी पोखरी, जिला देहरादून निवासी सुरेश तिवारी बताया। आरोपी ने बताया कि वह सिंचाई विभाग में कनिष्ठ सहायक पद पर अल्मोड़ा में तैनात है। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 06.02 ग्राम अवैध स्मैक के अलावा 7120 रुपये बरामद किए। आरोपी ने बताया कि वह खोलरा, अल्मोड़ा निवासी अपने दोस्त राजू बोरा के साथ तीन दिन पूर्व दोस्त की शादी में आया था और कुछ देर पहले ही एक युवक द्वारा उसे स्मैक का पैकेट दिया गया है तथा कुछ देर पूर्व दोस्त राजू भी उसके साथ मौजूद था।

कब्र से बाहर निकाला महिला का शव

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: महिला के मौत के राज को खोलने के लिए संयुक्त टीम ने न्यायालय के आदेश पर कब्रिस्तान में दफन महिला के शव को बाहर निकाला। जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस दौरान लोगों के विरोध को देखते हुए मौके पर पुलिस तैनात रही।

केलाखेड़ा में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई महिला की मौत के मामले में रविवार को पहुंची संयुक्त टीम ने लोगों के हल्के विरोध के बीच कब्रिस्तान में दफन महिला के शव को बाहर निकालकर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद महिला की मौत का राज खुलने की सभावना है। केलाखेड़ा के वार्ड नंबर चार निवासी नफीसा पत्नी गुलाम हुसैन की 19 जनवरी को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मौत के बाद परिजनों ने नफीसा के शव को दफन कर दिया था। वहीं मृतका के स्वजनों ने केलाखेड़ा थाने में महिला की हत्या करने का आरोप लगा तहरीर दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने के बाद मृतका के भाई मोबिन अली ने कोर्ट में शिकायत देकर मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराने तथा केस दर्ज करने की मांग की थी। वहीं लंबे समय बाद कोर्ट के आदेश पर बीती 13 मार्च को केलाखेड़ा पुलिस ने आरोपी पति गुलाम हुसैन, बेटी निशा और गांव बहादुर का माजरा थाना स्वार रामपुर उप्र निवासी सीमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आज संयुक्त टीम ने केलाखेड़ा के कब्रिस्तान में पहुंचकर कब्र से महिला के शव को बाहर निकाला तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited SUN MACLEODS Canixa
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

विश्व शांति के लिए हवन किया

बाजपुर में रविवार को सहज योग ध्यान केंद्र में हवन करवाते सहजयोगी।

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: सहजयोग परिवार उत्तराखंड ने होली के अवसर पर विश्व शांति के लिए हवन किया। रविवार को सूरी फार्म बाजपुर में स्थित निर्माणाधीन सहज योग ध्यान केंद्र में आयोजित हवन में सहजयोगियों ने माता निर्मला देवी के बताए निर्देश के अनुसार महाकाली के 108 नामों से हवन संपन्न किया गया। साथ ही विश्व में फैल रही अनैतिकता, आतंकवाद, अश्लीलता, भ्रष्टाचार, नशा जैसी नकारात्मक शक्तियों के खात्मे को हवन में आहुतियां दी गईं।

आयोजन

- माता निर्मला देवी के निर्देश पर महाकाली के 108 नामों से हवन
- अनैतिकता, आतंकवाद और भ्रष्टाचार के खात्मे को आहुति

इस दौरान श्री गणेश भजन जे गणपति वंदन..., भोली मां निर्मल मां, आजा मां... आदि प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में रुद्रपुर, बाजपुर से पहुंचे दर्जनों सहजयोगियों ने भाग लिया। वहीं सहजयोगियों को मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर सहजयोग के पूर्व स्टेट कोआर्डिनेटर धर्मेंद्र बसेड़ा, सिटी कोआर्डिनेटर पंकज सक्सेना, विनोद, एस.चंदेल, पूनम, हैप्पी सूरी, रेखा, रिंकू चौबे, चंद्र प्रकाश, पुष्पा, राजेंद्र, सुनीता, राजेंद्र शर्मा, जमुना देवी आदि मौजूद रहे।

पूजा कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारी का स्वागत करते जनप्रतिनिधि।

शिव पूजा महोत्सव और मेले को संचालक कमेटी गठित

शक्तिफार्म। पवित्र चैत्र माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाले शिव पूजा महोत्सव एवं पांच दिवसीय मेले के सफल संचालन के लिए पूजा कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से तीसरी बार सुमित मंडल को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। रविवार को ग्रामसभा सुरेंद्रनगर स्थित जय बाबा तारकनाथ धाम के मंदिर प्रांगण में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शंभू साना की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें शिव पूजा महोत्सव एवं पांच दिवसीय मेले के सफल संचालन के लिए पूजा कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से सुमित मंडल को अध्यक्ष, परेश मंडल को उपाध्यक्ष, मुकुल पोद्दार को सचिव, उज्जवल राय को उपसचिव, अनंत हालदार को मुख्य कोषाध्यक्ष, तापस मंडल, समीर साना, और राजीव मिरवर को आय कोषाध्यक्ष, सुशांत राय, जगदीश मंडल और दिनेश राय को व्यय कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान राजा हालदार, रंजीत हालदार, मिथुन मंडल, विक्की बैरागी, विजय सिकदर, सुकुमार विश्वास, सपन हालदार, दीपक बड़ाल, उत्तम शील मौजूद रहे।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMC BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन
दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।
लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन
हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

शांति का संदेश स्थानीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने एसएसबी के जवानों के साथ शांति बनाए रखने का संदेश दिया

होली और लोस चुनाव पर मिश्रित आबादी में फ्लैग मार्च

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: होली पर्व और लोकसभा चुनाव को देखते हुए स्थानीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने नागरिक पुलिस एवं एसएसबी के जवानों के साथ शहर की मिश्रित आबादी में फ्लैग मार्च किया।

रविवार को बेरिया मोड़ से एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी व सीओ अन्न राम आर्य की अगुवाई में फ्लैग मार्च की शुरुआत की गई, जोकि मोहल्ला आलापुर नहर रोड, रेलवे क्रासिंग अंडर पास, ग्राम चकरपुर, डा.पांडेय रोड, मुड़िया तिराहा, मुड़िया पिस्तौर, मुड़िया कलां के बाद मुख्यमार्ग, रेलवे क्रासिंग, गुरुद्वारा साहिब, इंटर कालेज मार्केट, भगत सिंह चौक से होते हुए कोतवाली पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन कर रंगोत्वस होली पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने व आगामी लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। फ्लेग मार्च में एसएसआई विनोद फर्त्याल, एसआई देवेंद्र सिंह मनराल, कैलाश चंद्र नगरकोटी, दोराहा चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह, बरहैनी चौकी प्रभारी गोविंद सिंह मेहता, सुल्तानपुर पट्टी चौकी प्रभारी अर्जुन गिरि गोस्वामी, एसआई रमेश चंद्र बेलवाल के साथ ही पुलिस एवं एसएसबी के जवान शामिल रहे।

बाजपुर में फ्लैग मार्च करते अधिकारी एवं पुलिस व एसएसबी के जवान।

पुलिस के साथ पैरामिलिट्री फोर्स भी तैनात

काशीपुर : होली पर हुड़दंग करना भारी पड़ सकता है। ऐसा करने वाले की होली हवालत भी ही मनेगी। पुलिस की ओर से हुड़दंगियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश है। इसके लिए पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किये है। शहर में जगह-जगह पुलिस के साथ पैरामिलिट्री फोर्स भी तैनात किया गया है। शहर में करीब 40 से अधिक जगहों पर होलिका दहन हुआ। जहां किसी प्रकार का कोई व्यवधान उत्पन्न न हो, इसके लेकर पुलिस के जवान तैनात रहे। साथ ही होली के दिन हुड़दंग करने वालों पर भी पुलिस की विशेष नजर रहेगी। असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद भी ले रही है। साथ ही आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने को लेकर पुलिस के साथ पैरामिलिट्री फोर्स के जवान जगह-जगह तैनात किये गये है। एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि होली पर हुड़दंग मचाने वालों से पुलिस सख्ती से निपेटगी। साथ ही उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने की अपील की।

रुद्रपुर बस स्टेशन पर पहले सीट पाने को लेकर मशक्कत करते होली पर घर जाने वाले यात्री। ● अमृत विचार

रुद्रपुर के मुख्य बाजार में अबीर-गुलाल खरीदते लोग। ● अमृत विचार

होली पर रुद्रपुर बस स्टेशन पर उमड़ी भीड़, छूटे पसीने

बरेली-पीलीभीत मार्ग के सबसे अधिक यात्री रहे, डिपो प्रबंधन ने दोनों मार्गों पर भेजीं 18 बसें, देर रात तक आने-जाने का सिलसिला जारी रहा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : होली पर रुद्रपुर बस स्टेशन में अचानक यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी। इससे डिपो प्रबंधन के पसीने छूटने लगे। किसी तरह बसों की व्यवस्था कर यात्रियों को गंतव्य की ओर रवाना किया गया। इस दौरान सबसे अधिक भीड़ पीलीभीत और बरेली मार्ग पर रही। वहीं देर रात तक यात्रियों के आने-जाने का सिलसिला जारी रहा। हालांकि डिपो प्रबंधन का कहना कि यात्रियों की भीड़ विगत वर्ष की अपेक्षा कम रही।

यहां बता दें कि 25 मार्च को होली खेली जाएगी। इसके चलते लोगों के अपने घरों को जाने का सिलसिला शनिवार की रात से शुरू हो गया था। कारण औद्योगिक नगरी होने के चलते यहां हजारों की संख्या में बाहरी राज्यों के लोग काम करते हैं। इसी के चलते रविवार की सुबह यात्रियों की काफी भीड़ स्टेशन परिसर में नजर आयी। इसके बाद यात्रियों की भीड़ थोड़ी कम हो गयी। दोपहर बाद अचानक यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी। अचानक उमड़ी भीड़ से डिपो प्रबंधन के भी पसीने छूटने लगे।

डिपो प्रबंधन के अधिकारियों के अनुसार होली पर्व के लिए करीब 35 बसों की अतिरिक्त व्यवस्था की गयी थी। लेकिन रमजान और लोकसभा चुनाव और होली के हुड़दंग के चलते यात्रियों की भीड़ कम रही। उन्होंने बताया कि बरेली और पीलीभीत मार्ग पर यात्रियों की संख्या सबसे अधिक रही। इस कारण दोनों मार्गों पर 18 अतिरिक्त बसों को संचालित किया गया।

> होली पर्व पर इस बार विगत वर्ष की अपेक्षा यात्री कम निकले, हालांकि बरेली और पीलीभीत पर यात्रियों की भीड़ रही। यात्रियों की भीड़ को देखते इन मार्गों पर 18 अतिरिक्त बसों को लगाया गया।
> -केएस राणा, महाप्रबंधक, रुद्रपुर डिपो

राधा-कृष्ण की लीला पर प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

बैठकी होली में जमाया रंग

रुद्रपुर : भारत विकास परिषद की ओर से रामपुर रोड स्थित एक होटल में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गजेंद्र सिंह संधू और शाखा अध्यक्ष विष्णु कुमार सक्सेना एवं राष्ट्रीय प्रोजेक्ट सदस्य नरेंद्र अरोरा दीप जलाकर किया। इसके बाद वन्दे मातरम् गायन के पश्चात् गणपति वंदना एवं भजन प्रस्तुतियां के साथ कलाकारों ने राजस्थानी गीत एवं राधा कृष्ण की लीला पर शानदार प्रस्तुति दी गई। रविवार को होली मिलन कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष गजेंद्र सिंह संधू ने होली पर्व के महत्व एवं प्रासंगिकता के बारे में जानकारी दी। इसी क्रम में रुद्रपुर शाखा अध्यक्ष विष्णु कुमार सक्सेना ने सभी का होली मिलन कार्यक्रम में आभार व्यक्त किया। इस दौरान मनोज अरोरा, संजय ठुकराल, कैलाश अग्रवाल, राजकुमार बिंदल, अधिवक्ता दिवाकर पांडे, मनीष अग्रवाल, सुरेंद्र मिड्ढा, जतिन अग्रवाल, विजय अग्रवाल, रोहित कपूर, संजय सिंघल, डॉ. प्रदीप अदलखा, गुरमीत सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

भीड़ देखकर कारोबारियों में खुशी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: होली पर्व से एक दिन पहले बाजार में लोगों की काफी भीड़ नजर आयी। भीड़ को देखकर कारोबारियों के चेहरे भी खुशी से खिल गये। इस दौरान लोगों ने अबीर, गुलाल के साथ ही पिचकारी और अन्य खाद्य सामग्री की जमकर खरीद की।

रविवार को सुबह से ही मुख्य बाजार में भीड़ लगनी शुरू हो गयी थी। इस दौरान अबीर, गुलाल की दुकानों के साथ ही कपड़ों की दुकानों और मिठाई की दुकानों में लोगों की काफी भीड़ नजर आयी। रंग बेच रहे रम्पुरा निवासी प्यारे लाल ने बताया कि वे पिछले 15 साल से अबीर, गुलाल बेचने का काम कर रहे हैं। पिछले एक सप्ताह में इतनी भीड़ नजर नहीं आयी जितनी आज नजर आ रही है।

प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बताया कि पिछले कई दिनों से बाजार सुस्त पड़ा हुआ था। वहीं होली का पर्व आते ही बाजार में रौनक लौट आयी है। हालांकि अपेक्षा के अनुरूप भीड़ नजर नहीं आ रही है। उन्होंने बताया कि बड़े कारोबारियों से अधिक छोटे कारोबारियों के लिए यह पर्व थोड़ा ठीक है।

काशीपुर बाजार में रंगों की खरीद को उमड़े लोग। ● अमृत विचार

जमकर उड़ेगा अबीर और गुलाल

काशीपुर : होली की खरीदारी को लेकर लोग बाजार में उमड़ पड़े। आज यानी सोमवार को होली वाले दिन लोग रंग, अबीर गुलाल और होली के नए कपड़े पहनकर होली खेलेंगे। इसके लिए कई लोगों ने विशेष तैयारी भी की है। सोमवार की सुबह 11 बजे से लोग बाजार में आने शुरू हुए। तीन बजे के बाद बाजार में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर निगम के पास, रतन रोड, सब्जी मंडी रोड, पुरानी सब्जी मंडी रोड के समीप लगी रंगों की दुकानों पर अबीर, गुलाल, बच्चों के लिए पिचकारी, होली के कपड़े आदि की खरीदारी की। दुकानदार रमेश सिंह, शिव कुमार व दीपक सिंह ने बताया कि कई सालों से वह होली पर रंग व पिचकारी बेचने का काम कर रहे हैं, बताया कि होली से एक दिन पहले ही लोगों में उत्साह देखने को मिला है। इससे पहले कई दिन पहले ही लोग मार्केट में आने शुरू हो जाते थे।

डीएम ने जनपद वासियों को दी होली की बधाई

रुद्रपुर। जिला अधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने जनपद वासियों को होली पर्व की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा होली पर्व भाईचारे व हर्षोल्लास का पर्व है इसे शांतिपूर्वक व सौहार्दपूर्वक मनाये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चुनाव का पर्व-देश का पर्व है। इस पर्व में शत-प्रतिशत प्रतिभाग कर मतदान करने की अपील की।

हैप्पी होली...

रुद्रपुर में होली खेलते दैनिक समाचार पत्र वितरक। ● अमृत विचार

वितरक बंधुओं ने खेली होली

रुद्रपुर : होली त्योहार की पूर्व संध्या पर रुद्रपुर वेंडर यूनियन के बैनर तले दैनिक समाचार पत्र वितरकों ने पत्रकारों के साथ होली खेली और एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। रविवार की सुबह दैनिक समाचार पत्र के सेंटर पर रुद्रपुर वैंडर यूनियन से जुड़े सभी समाचार वितरकों ने समाचार पत्रों का वितरण किया उसके बाद होली खेलकर लुत्फ उठाया। समाचार पत्र वितरकों का कहना था कि दैनिक समाचार पत्र वितरण में वितरको की अहम भूमिका होती है। उन्होंने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रेमपाल गंगवार, प्रमोद गंगवार, सोम पाल सिंह, नरेंद्र कोली, अर्जुन कोली, पप्पू कोली, सोनू आनंद, मनीष कुशवाहा, अमन कुमार, विष्णु कुमार, गोविंद गौतम, संजय भूरा, सोनू कुमार, महेंद्र कुमार, सुनील मिश्रा, सतवीर सिंह, सद्दाम हुसैन, मनोज ठाकुर आदि मौजूद रहे।

वाद्य यंत्रों के साथ गीतों की प्रस्तुति देतीं महिला होल्यार। ● अमृत विचार

महिला होल्यारों ने मधुर गीतों से बांधा समा

शक्तिफार्म। नगर की महिला होल्यारों ने पारंपरिक कुमाउनी बैठकी होली का आयोजन किया। इस दौरान महिलाओं ने वाद्य यंत्रों के साथ मधुर गीतों से समां बंधा। शनिवार को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आन सिंह रावत के आवास पर महिला होल्यारों ने पारंपरिक शास्त्रीय रागों पर आधारित बैठकी होली का गायन किया। इस दौरान उन्होंने फागुन के दिन चार मोहन गिरधारी, अजब होली खेले गजब होली खेले गायन के साथ बैठकी होली का शुभारंभ किया। बैठकी होली में महिलाओं ने आयो नंदलाल..., फाल्गुन का रंग बरसा दो कि घर आयी राधिका गोरी.. आदि गीतों पर नृत्य कर एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर मुकेश रावत, गोदावरी पंत, हंसी त्रिपाठी, मेघा नेगी, हेमा सामंत, अनीता चैहान, पुष्पा नेगी, मीना रावत, भवानी देवी, भावना नैनवाल, सरस्वती बिष्ट, देवकी रावत, विमला देवी, पार्वती कौटिल्या, लवली मेहता, केश्वी देवी, सुनीता जोशी, भगवती रावत, उषा रावत, शांति रावत, धनपा देवी सहित अन्य महिला होल्यार मौजूद रही।

काशीपुर ब्राह्मण सभा के सम्मानित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

समारोह में ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी सम्मानित

काशीपुर। अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा के होली मिलन समारोह में काशीपुर के ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया है। बीते दिनों अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा के हल्द्वानी में हुए प्रादेशिक होली मिलन समारोह में विधायक सुमित हृदेश, रेनू अधिकारी, अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित विशाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष पंडित हेमभट्ट, प्रदेश महामंत्री पंडित उमेश जोशी ने काशीपुर के महानगर अध्यक्ष पंडित शैलेंद्र कुमार मिश्रा, आरसी त्रिपाठी, प्रदीप जोशी, डॉक्टर दीपिका गुड़िया, सुख वर्षा पंत, लता शर्मा, लता तिवारी, ब्राह्मण सभा समिति के अध्यक्ष पंडित सुभाष चंद्र शर्मा, प्रभा तिवारी को सम्मानित किया गया। शाल उढाकर व ब्राह्मण गौरव का प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया।

ग्राम शांतिपुरी नंबर दो आनंदपुर में होली के गीतों पर डांस करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

गदरपुर में बैठकी होली में गायन करतीं पर्वतीय समाज की महिलाएं। ● अमृत विचार

जाम में फंसे लोग

काशीपुर। होली की खरीदारी को लोगों के पहुंचते ही मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बन गई। रामनगर हाईवे स्टेडियम के पास व अन्य जगहों पर जाम से लोग परेशान रहे। पुलिस ने जाम खुलवाने को लेकर पूरी तरह से तत्पर रही।

ग्राहकों की भीड़ उमड़ी

जसपुर। रविवार को लोग होली का त्योहार मनाने की तैयारी में जुटे रहे। बाजार में जहां तहां रंग की दुकानें लगी रहीं। जिन पर रंग व पिचकारी आदि खरीदने वाले ग्राहकों की भीड़ लगी रही।

शांतिपुरी में महिला होल्यारों ने मचाया धमाल

शांतिपुरी। शांतिपुरी में जगह-जगह महिला होल्यारों ने परंपरागत कुमाउनी होली के रंग में रंगकर धमाल मचाया। क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गांव जवाहरनगर, शांतिपुरी, बिन्दुखत्ता, सूर्यनगर, शांतिनगर आदि स्थानों पर होलियार हरे, पीले और लाल, गुलाबी रंगों में सराबोर होकर होली गीतों में थिरकते नजर आए। रविवार को शांतिपुरी नंबर दो आनंदपुर में खिलेश व पूनम जोशी के आवास पर महिलाओं ने होली परिधानों में सज धज कर फिल्मी एवं पारंपरिक हो गीत गाये और बारी बारी डांस एवं हंसी मजाक कर खूब धमाल मचाया। इस दौरान सभी ने परस्पर एक दूसरे को रंग अबीर व गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। होली गाने वालों में सरस्वती दफोटी, गंगा दफोटी, दीपा कोरंगा, लीला दानू, सरस्वती देवी, इंद्रा मिश्रा, कविता नेगी, मुन्नी मिश्रा, रेखा जोशी, आनंदी जोशी, देवकी दफोटी, गोपुली देवी, चम्पा कोरंगा, बबीता दानू, कमला टाकुली, उमा दफोटी, संगीता जोशी, लीला जोशी, सीमा जोशी, गीता जोशी, ममता दानू, गोबिन्दी देवी, गुड्डी दफोटी, मधु जोशी, सीमा टाकुली, रोहिता नेगी व शीला जोशी मौजूद रहे।

गदरपुर में होली गायन की धूम, महिला टोलियों ने जमाया रंग

गदरपुर। होली पर्व पर रंगों की मस्ती में डूबकर पर्वतीय बाहुल्य क्षेत्रों में बैठकी होली की धूम मची। इस दौरान पर्वतीय समाज की महिलाओं ने जमकर धमाल मचाया। रविवार को सरकारी बाग स्थित मंदिर में पर्वतीय समाज के होल्यारों ने बैठकी होली में जमकर धमाल मचाया। इस दौरान महिला होल्यारों ने सिद्धि के दाता विघ्न विनाशक होली खेलते गिरजापति, बलमा घर आए फागुन में, जब से पिया परदेस सिधारे, ब्रज में होली कैसे खेलूंगी मेरा रंगीलो देवर, घर एरो छो, कान्हा डाल गयो रे, नैनों में गुलाल, विरज में होली कैसे खेलूंगी आदि गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति कर धमाल मचाया। इससे पूर्व जमकर महिलाओं एवं पुरुषों ने एक दूसरे को गुलाल भी लगाया। इस मौके पर मनोज कांडपाल, परमजीत पम्मा, मनोज गुंबर, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, रविंद्र आर्य, अजीत बोरा, पंकज कांडपाल, अंकुर कांडपाल, नवीन उपाध्याय, गजेंद्र सिंह बिष्ट, आनंद जोशी, इंद्रमणि तिवारी, चंपा पांडे, शशि, नीलम, रश्मि, सुनीता कांडपाल, अर्पिता संनवाल, दीक्षा, गीता पपोला आदि लोग शामिल थे।

110 लीटर कच्ची शराब समेत घर के आंगन से गिरफ्तार

बाजपुर : बन्नाखेड़ा चौकी की पुलिस ने आगामी लोकसभा चुनाव व नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए ग्राम केलाबंदवारी निवासी पिंटू सिंह पुत्र फौजा सिंह को रबड़ की ट्यूब में भरकर बेच रहे 110 लीटर कच्ची शराब समेत घर के आंगन से गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम में कांस्टेबल दलीप सिंह फर्त्याल व अशोक बिष्ट शामिल रहे।

अवैध तमंचा-कारतूस के साथ पंतनगर का युवक पकड़ा

पंतनगर। थाने के एसआई हेमचंद्र सिंह कांस्टेबल भूपाल सिंह, जीवन चंद्र व राजेंद्र कोरंगा के साथ आनंदपुर मोड़ पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान आनंदपुर की ओर से आ रहा युवक उन्हें देखकर पीछे मुड़कर भागने लगा। जिसे इन लोगों ने बैरियर से करीब 70 मीटर दूर पकड लिया। पकडे गए युवक से जामातलाशी में एक अदद 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। युवक ने अपना नाम अजय पुत्र पहवारी निवासी झा कालोनी पंतनगर बताया। पुलिस कर्मियों ने बताया कि पकड़े गए युवक को जेल भेज दिया गया है।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY
NH-24 BANTHRA, SHAHJAHANPUR
VACP SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
VACANCY OF TEACHING & NON TEACHING STAFF
Teaching Staff
- Associate Professor (M.Pharm+8 Years Experience)
- Assistant Professor (M.Pharm+5 Years Experience)
- Specialization (Pharmacy Practice, Biotechnology & Clinical Pharmacology)
- Lecturer (B.Pharm+3 years Experience)

Non Teaching Staff
- Lab Technician (B.Pharm)
- Accountant (M.Com)
- Computer Operator (BCA/MCA)
- Lab Attendant (D.Pharm)

Contact
Director/Principal
Dr. Pradeep Singh
9412852652

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)

हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती है?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?

इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्यता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेमिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

अप्युन्मत्तात् प्रलपतो बालाच्च परिजल्पतः।
सर्वतः सारमादद्यात् अश्मभ्य इव काञ्चनम्॥

व्यर्थ बोलने वाले ,मंदबुद्धि तथा बेसिर -पैर की बोलने वाले बच्चों से भी सारभूत बातों को ग्रहण कर लेना चाहिए। जैसे पत्थरों में से सोने को ग्रहण कर लिया जाता है।

संपादकीय

होली और लोकतंत्र का पर्व

होली प्राचीन समय से ही विशेष महत्व का पर्व रहा है, जो समाज में उमंग के साथ-साथ सामाजिक समरसता का भी संदेश देता है। होली न केवल भारत में,बल्कि संपूर्ण विश्व में अलग-अलग ढंग से मनाया जाने वाला त्योहार है। होली सबका उत्सव है। मनुष्यों के साथ देवों का भी। इसमें गरीब, अमीर का भेद नहीं है। श्वेत-श्याम, वर्ण-सवर्ण सभी साथ-साथ होली खेलते हैं। होली पर भारत सामगान हो जाता है। होली गीतों में व्याकरण नहीं चलता। यहां आनंद ही संज्ञा है और आनंद ही सर्वनाम। अन्य उत्सवों के भांति होली का कोई सुव्यवस्थित ढंग नहीं है। होली में आनंद ही गोत्र है और आनंद ही सबकी जाति। तैत्तिरीय उपनिषद् में आनंद की व्याख्या है,'सैषा आनंद मीमांसा भवति।' कहते हैं कि मनुष्य स्वस्थ हो। शिक्षित हो। बल संपन्न हो। धन संपदा हो, यह मनुष्य को आनंद से भरता है, लेकिन इसका सौ गुना आनंद मनुष्य गंधर्व आनंद होता है। गंधर्व आनंद गीत-संगीत और नृत्य से परिपूर्ण होता है। इसमें शीत और ग्रीष्म का मिलन है। यहां मर्यादा, शील और स्वच्छंदता साथ-साथ है। होली असंभव को संभव करती है।

इस बार होली के साथ देश में लोकतंत्र का पर्व भी शुरू हो चुका है। भले ही लोकतंत्र का पर्व पांच साल बाद आता है, लेकिन इस बार होली के साथ इस पर्व का महत्व और भी बढ़ जाता है। एक ओर होली के गीत हवा में तैर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर चुनावी नारे भी हवा तैरने लगे हैं। साथ ही जिस तरह होली पर होलियारे अपने साथियों को रंगने के लिए घेराबंदी और जुगत लगाते हैं, उसी प्रकार चुनावी होलियारों की भी लोकतंत्र के पर्व पर अपने प्रतिद्वंद्वियों को हार के रंग में रंगने की भी जुगत शुरू हो चुकी है। नेताओं को यहां होली से भाईचारे की सीख लेते हुए यह बात याद रखनी होगी कि उनका विरोधी सिर्फ चुनावी प्रतिद्वंद्वी है, न कि उनका दुश्मन है। देश में जिस तरह राजनीतिक विद्वेष और वैमनस्यता बढ़ रही है, राजनेताओं को चाहिए कि होली की आग में उसका दहन कर देश और समाज को एकता और सद्भावना का संदेश दें। इसी तरह देश की आवाम भी अपने आपसी द्वेष, ईर्ष्या और कटुता को त्याग कर होली पर्व के भाईचारे के संदेश को आत्मसात कर समाज की एकता के लिए आगे आए। यह इसलिए भी जरूरी है कि जब देश के विभिन्न क्षेत्रों में नकारात्मकता बढ़ रही है, तब इसकी आवश्यकता कहीं अधिक है कि होली के माध्यम से आपसी एकता, शांति एवं सद्भाव के रंगों को और गाढ़ा किया जाए। यह बात सभी को समझनी होगी कि सामूहिक समाज ही किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होती है। इससे बेहतर और कुछ नहीं कि इस होली पर आपसी प्रेम और सकारात्मकता के विविध रंगों से तन के साथ मन भी भीगे।

वसंत के मादक मधुमास में काम- रति का राग-रसोत्सव

डॉ. रामानंद शुक्ल
अयोध्या

चातुर्मास का मतलब चारमास चतुराई से चित्त-मन की चंचलता को एक जगह सुस्थिर दत्तचित्त एकाग्र करके साधना करें। गमनागमन का निषेध। यह धूमावती-ज्येष्ठा (निॠति) की विधिवत उपासना का काल है। दस महाविद्याओं में यह लक्ष्मी की विधवा बड़ी बहन हैं। वसंत प्रेम-सौन्दर्य,गीत-संगीत का मधुमय काल है।

होली फाल्गुन मास के वसंत ऋतु में होती है। नक्षत्रों की नामावली में फाल्गुन दो हैं। एक पूर्वा फाल्गुन और दूसरा उत्तरा फाल्गुन। इन्हीं के नाम पर फाल्गुन मास का नामकरण हुआ है। महाभारत में इसका निर्वचन इस प्रकार किया गया है, उत्तराभ्यां फल्गुनीभ्यां नक्षत्राभ्यामहं दिवा। जातो हिमवतः पृष्ठे तेन मां फाल्गुनं विदुः। इसे वसंत काल कहा गया है। बोधायन के गृह्यसूत्रों में राशियों के नामादि मिलते हैं,मीनमेषयोर्मेषवृषयोर्वा वसंतः। अर्थात् मीन-मेष और विकल्प से वृष राशि को वसंत लिखा है। फाल्गुन में होली तक का समय वसंत होता है। वसंत का परिपक्व रस ही मधुमास का काल है,चैत्र और वैशाख। चित्रा से चैत्र बना है। इस चन्द्रमास का नामकरण चित्रा नक्षत्र पुंज में चन्द्रमा के स्थित होने के कारण पड़ा है। ज्योतिष में भी चैत्र को मधु कहा गया है और वैशाख को माधव, मधुस्तथा माधवसंज्ञकश्च। विशाखा नक्षत्र है। विशाख से ही वैशाख बना है। यह चन्द्रमास का दूसरा महीना है। मधुमास काम का सखा है। मधु मायने सुमन (फूलों का) रस,शहद-मकरंद अर्थात रसराग-रंग का महीना। यह मदनोद्दीपक होता है। अतः ऋतुओं का यौवन-उल्लास और आनंद है वसंत। प्रकृति की पल्लवित-पुष्पित प्रेमाभिव्यक्ति है वसंत। इसमें सुगंध है,मस्ती है। मतवालापन-मादकता और अल्हड़पन है। इस समय पराग-पूरित पवन,विविध वर्णी-बहुरंगी पुहुप खिल उठते हैं। मधूक-मधूलिका, पलाश-सेमल के विकसित पुष्पों के सौंदर्य-सुगंध से खेत,वन-बागों में बहार आ जाती है।

रंग-बिरंगी चिड़ियां चहकने लगती हैं। कोयल कुहकने लगती है। उसकी काकली में मधुरिमा घुली होती है। यह प्रकृति की भाषा,बात- बतकही को सुनने-समझने का महीना है। प्राकृतिक वनस्पतियों के विभिन्न कुल-गोत्र गमक-महक और खिल उठते हैं। संवेदना का विस्मय-विमुग्धकारी विस्तार हो जाता है। रागरस चूने-टपकने लगता है। रसाल बौरा जाते हैं। उनसे मदगंध गिरने लगता है। उसे पीकर भौरें मदमस्त-मतवाले होकर भनभनाने लगते हैं। गली-गली, क्यारी-क्यारी मुकुलित कलियों को भी छेड़ने लगते हैं। हमारे यहां षड्ऋतु वर्णन है। बारहमासा गाया-

> रंग-बिरंगी चिड़ियां चहकने लगती हैं। कोयल कुहकने लगती है। उसकी काकली में मधुरिमा घुली होती है। यह प्रकृति की भाषा,बात- बतकही को सुनने-समझने का महीना है।

बजाया जाता है। बारह महीनों के पृथक-पृथक सूर्य होने के कारण द्वादशादित्य हैं। विष्णु पुराण और महाभारत में उनका नामोल्लेख किया गया है। मकर के सूर्य से दो-दो राशिगत सूर्य के कारण छः ऋतुएं होती हैं। मकर-कुंभ (शिशिर), मीन-मेष (वसंत),वृष-मिथुन(ग्रीष्म),कर्क-सिंह (वर्षा), कन्या-तुला (शरद),वृश्चिक-धनु(हेमंत) ऋतुओं से ही मासों का भी विभाजन है। पावस (सावन-भादों),शरद (आश्विन-कार्तिक),हेमंत (मार्गशीर्ष अर्थात् अगहन-पूस), शिशिर (माघ-फाल्गुन), लेकिन इस पर वसंत का आधिपत्य हो गया है और शिशिर सुटुक गया है। वसंत (चैत-वैशाख) और ग्रीष्म (ज्येष्ठ-आषाढ)। इनमें चातुर्मास ऋतुओं का,प्रकृति का संन्यासाश्रम है। यह नदियों के रजस्वला होने का काल है। इसलिए इस महीने में नदी स्नान का निषेध है।

चातुर्मास का मतलब चारमास चतुराई से चित्त-मन की चंचलता को एक जगह सुस्थिर दत्तचित्त एकाग्र करके साधना करें। गमनागमन का निषेध। यह धूमावती-ज्येष्ठा (निॠति) की विधिवत उपासना का काल है। दस महाविद्याओं में यह लक्ष्मी की विधवा बड़ी बहन हैं। वसंत प्रेम-सौन्दर्य,गीत-संगीत का मधुमय काल है। इनसे संबंधित देवताओं की उपासना का पर्व है। यह ऋतुओं के यौवन में शृंगार का संचारी भाव है। कामदेव-रति, मातंगी-गंधर्व, अप्सराएं, यक्ष-यक्षिणियों की वैभव-ऐश्वर्य हेतु साधना-सिद्धि का उपयुक्त समय है,वसंत और मधुमास। अप्सरा की साधना-सिद्धि हेतु सर्वाधिक सशक्त समय है यह। अद्भ्यः सरन्तीति अप्सराः। जल से उत्पन्न होती हैं, इसलिए अप्सरा कही जाती है। जलक्रीड़ा इन्हें अतीव पसंद भी है। आगमोपासना में सम्मोहन-वशीकरण के काम्यप्रयोग उक्त महीने में ही किए जाते हैं। वैसे तो प्रतिदिन प्रातर्वेला (सूर्योदय) से नौ बजे तक वसंतकाल रहता है। इस अवधि में भी ये प्रयोग प्रशस्त कहे गए हैं। क्रूर दिन-तिथि को छोड़कर। इस समय समग्र प्रकृति पुष्पों-मंजरियों से लद जाती है। गदरा जाती है। प्रमदा हो जाती है। मदमस्त-मस्त हो जाती है। इसलिए इसे ऋतुराज कहते हैं। शिशिर का माघ-फाल्गुन वसंत है। चैत-वैशाख मधुमास है। मधुमास में फसलों का रस पक जाता है। राम का आविर्भाव इसी मास में हुआ था, नौमी तिथि मधुमास पुनीता। सुकल पक्ष अभिजित हरि प्रीता। तभी तो वह सो आनंद सिंधु सुखरासी हैं। आज फाल्गुन शिशिर से खिसक करके वसंत का हो गया है। इसकी पूर्णता का अंतिम दिन रंगपर्व है। इसके बाद चैत-चैती विरह-वेदना के दिन शुरू हो जाते हैं। वसंत का प्राणधाम है काम। कामदेव, सृजन-सृष्टि की कामना के संचार का देवता। प्रेम-शृंगार, सौन्दर्य का उपासक। रतिराग भैरव हैं। रति इसकी भैरवी और राग है भैरव। प्रकृति के प्यार का मधुर महोत्सव है। कामदेव की पत्नी रति अप्रतिम सौन्दर्य-लावण्यमयी देवी है। काम पुरुष है और रति स्त्री। रति प्रेम या अनुराग को उत्पन्न करती है। यह छठीं अवस्था है। तुलसीदास ने तो उदात्त चरितनायक अपने आराध्य के सामने काम के सौन्दर्य को म्लान कर दिया,कोटिक काम लजावन हारी। राम के सम्मुख करोड़ों काम निस्तेज हो भी कैसे न जो श्री जी की देहद्युति की विच्छुरित सौन्दर्य-छवि से संसिक्त हैं राम। सीता जी उनकी आह्लादिनी चिद्शक्ति उनसे अभिन्न हैं। उनमें घुलीमिली है उनकी अपार सौंदर्यराशि। जैसे शब्द में ध्वनि- अर्थ और जल में तरंग। मदन मन को प्रफुल्लित कर देता है,माद्यति अनेन मदनः। मदयतीति मदनः अर्थात् आनंद प्रद। मादक-आनंददायक,पागलपन। भौरें पगला जाते हैं। हर्षोत्साह से भर देता है। संकल्प-विकल्पात्मक मन को मथ देता है, इसलिए मन्मथ है, मनः मथ्नाति मन्मथः। इसलिए यह प्रेम-पुलक देवता है। तप के रंग में भंग डालकर साधक की साधना-संयम को बदरंग करना इसका सहज स्वभाव है। मन से जायमान उत्पन्न होने के कारण यह मनोज- मनसिज (मनसि+जन) है। इसकी उत्पत्ति शरीर में गुदगुदी वाले स्थान से है। नीलगिरि पर्वत पर तपरत शिव ने अपने अग्नि वाले तीसरे नेत्र की धधकती क्रोधाग्नि ज्वाला से दग्ध करके काम को अनंग कर दिया। बाद में सुरों की स्तुति-विनयाधान से आशुतोष ने प्रमन प्रसन्न होकर सबके चित्त चंचरीक में बसने का वरदान प्रदान किया। यह सृजन के लिए समुद्यत करता है। यह विश्वकेतु है। पूरे विश्व के मनरूपी डंडे में इसका केतु (झंडा) लहराता-फहराता रहता है। इसे मीनकेतु भी कहते हैं। मीन-ध्वजधारी है यह। मकरध्वज भी इसका पर्याय है। मकर (घड़ियाल) और मछली जिसके ध्वज पर स्थित हों। यह इक्षुदंडधारी है,इष्यते असौ माधुर्यात्। यह मीठा होता है। भोग-मोक्षप्रदायिका तंत्रोपासिता श्रीविद्या-षोडशी का भी यही अस्त्र है। काम को पुष्पसायक-पंचशर या पुष्पचाप, पुष्पधंवा, कुसुमशर भी कहते हैं। पांच पुष्प उसके बाण हैं,अरविन्दमशोकं च चूतं च नवमल्लिका। नीलोत्पलं च पञ्चैते पञ्चबाणस्य सायकाः। कार्य के प्रभाव की दृष्टि से इन्हें भी पंचबाण कहा गया है,उन्मादनस्तापनश्च शोषणः स्तम्भनस्तथा। संमोहनश्च कामस्य पञ्च बाणाः प्रकीर्तिताः॥ उज्ज्वलनीलमणि के अनुसार काम की दस दशाएं होती हैं।

वसंत-मधुमास एवं मदनोत्सव का रस और रंगों से गहरा संबंध है। नौ ग्रहों का राजा सूर्य रंगों का आदि स्रोत है। सुगंध का संबंध पृथ्वी से है,इसलिए न्यायशास्त्र परिभाषित करता है, गंधवती पृथिवी। उदय से लेकर अस्त तक सूर्य की सप्तरंगी किरणें-रश्मियां पृथ्वी को आच्छादित- आह्लादित करती हैं। सात रंग ही सूर्य के घोड़ों के प्रतीक हैं। गुलाबी-लाल रंग मन को प्रेम-सौन्दर्य और शौर्य की ओर आकृष्ट करता है। नीला सकारात्मक सोच, नारंगी सात्त्विक ऊर्जा-उत्साह,पीला सात्विक बुद्धि-स्तंभन,बैगनी राजसभाव, आसमानी आकाश का रंग ज्ञान की व्यापकता का, क्योंकि शब्दगुणकमाकाशम्। शब्द का आश्रय आकाश है। शब्द आकाश का गुण है। आकाश विभु है। विस्तृत है। अनंत है। शब्द की ध्वनि-तरंगें आकाश में विलीन हो जाती हैं। ये सारे रंग शरीर में भी भरे हैं। ये रंग कुण्डलिनी सहित अष्ट चक्रांकित शरीर की यौगिक शक्ति को जाग्रत करते हैं। वसंत और मधुमास में रसरंगों का बृहद विस्तार हो जाता है। विविध रंग के पुष्प विकसित होते,खिलते हैं। यह ऋतु रोगरोधक औषधीय मधु शहद का भी प्रबल स्रोत है।

प्रसंगवश

होली की लोक परंपरा

होलिका दहन पर शहर के चौराहे -चौहारे,गली-कूचों में होलिका लगा दी जाती है। सड़क के पार्कों के हरे पेड़ काटकर होलिका में कूड़ा करकट पुराने सड़े गले सामान के साथ लकड़ी के कुंदे भी डालकर होलिका माता बना दिया जाता है।

होलिका दहन का एक महत्वपूर्ण अंग था कि होलिका की आग को अपने घर ले जाते थे और चूल्हे में रखते थे।

यह हमारी उत्सवधर्मिता है, धर्मप्राण चंदा उगाहू युवा वर्ग की धार्मिकता है जिसका चरम दर्शन होलिका दहन के बाद होली खेलने में दिखाई पड़ता है। प्रहलाद और उसकी बुआ होलिका के मिथक से इतर लोक परंपरा में हर गांव में होली का एक चौरा होता था,हर परिवार अपनी क्षमता के अनुसार होलिका में लकड़ी डालता था। होलिका जलने के पहले नवान्न की बालियों के साथ,उबटन का छीजन,नजर उतारा राई नमक लेकर लोग इकठ्ठा होते थे।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

होलिका को गांव के कल्याण की देवी मानकर उसे तापते थे और परिक्रमा करते हुए गाते थे-हल्लई माता देई आशीष लरिका जियई लाख बारिस। होलिका दहन का एक महत्वपूर्ण अंग था कि होलिका की आग को अपने घर ले जाते थे और चूल्हे में रखते थे। होली के पकवान इसी आग को आगे बढ़ाकर बनाए जाते थे और इस आग को चुल्हे में वर्ष भर संरक्षित करते थे। सक्षम परिवार जिसके चूल्हे में दोनों जून भोजन बनाता था,उसी के चूल्हे की आग को ले जाकर लोग अपना चुल्हा जलाते थे। होलिका पर्व की यह लोक परंपरा लुप्त हो गई है। हर घर में जो गैस का चुल्हा जलने लगा है? अतीत को तो याद रखें।

जिंदगी के रंग होली के संग

होली में मस्ती का रंग हम सब पर चढ़ता है, लेकिन होली के बहाने जिंदगी के विभिन्न रंगों के बारे में सोचना वाकई दिलचस्प है। जिंदगी को ठीक तरह से समझने के लिए जीवन में विभिन्न रंगों का होना बहुत जरूरी है। हर रंग हमारे जीवन को एक नया अर्थ देता है। कभी-कभी हमारी जिंदगी के कैनवास पर दुख के रंग की कूची अपने आप चल जाती है और हम दुखी हो जाते हैं।

रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

> होली पर रंगों का उत्सव हमें सचेत करता है और हम रंगों के बारे में सोचना शुरू कर देते हैं। क्या आपने बारिश के बाद आसमान में उभरे इंद्रधनुष को देखा है? ऐसा लगता है जैसे सारे जहां में रंगों की बारिश हो रही है। इंद्रधनुष के सात रंगों में सारा जहां समाया हुआ लगता है। हमारे आसपास और प्रकृति में जो रंग छिपे हुए हैं,हम उन्हें देखने की कोशिश ही नहीं करते हैं। इस प्रकृति में हजारों रंग बिखरे हुए हैं। अकेले एक रंग का कोई महत्व नहीं होता। एक रंग दूसरे रंग के साथ मिलकर ही एक नया रंग बनाता है।

हालांकि कोई इंसान यह नहीं चाहता कि उसकी जिंदगी में दुख का रंग भी हो,लेकिन वास्तविकता यह है कि दुख का रंग हमारी जिंदगी में शामिल अन्य रंगों को और ज्यादा चटकदार बनाता है। इसका अर्थ यह नहीं कि मैं जिंदगी में दुख को शामिल करने की वकालत कर रहा हूं। अगर हमारे जीवन में मात्र एक ही रंग होगा तो हमें जीवन के यथार्थ का पता नहीं चल पाएगा। दुख-सुख रूपी रंगों के माध्यम से ही हमारे जीवन की एक मुक्कमल तस्वीर बनती है। दरअसल हम अपने जीवन में इस कदर व्यस्त हो जाते हैं कि जिंदगी में घुले विभिन्न रंगों को देख ही नहीं पाते हैं।

होली पर रंगों का उत्सव हमें सचेत करता है और हम रंगों के बारे में सोचना शुरू कर देते हैं। क्या आपने बारिश के बाद आसमान में उभरे इंद्रधनुष को देखा है? ऐसा लगता है जैसे सारे जहां में रंगों की बारिश हो रही है। इंद्रधनुष के सात रंगों में सारा जहां समाया हुआ लगता है। हमारे आसपास और प्रकृति में जो रंग छिपे हुए हैं,हम उन्हें देखने की कोशिश ही नहीं करते हैं। इस प्रकृति में हजारों रंग बिखरे हुए हैं। अकेले एक रंग का कोई महत्व नहीं होता। एक रंग दूसरे रंग के साथ मिलकर ही एक नया रंग बनाता है। इंद्रधनुष के सात रंग जब एक साथ होते हैं तो उनकी खूबसूरती देखने लायक होती है। इसलिए प्रकृति की खूबसूरती एक रंग के साथ दूसरे रंग के मिलन या समन्वय पर निर्भर करती है। विभिन्न रंगों का मिलन यह भी प्रदर्शित करता है कि प्रकृति में कोई भी रिश्ता मेल-मिलाप या आपसी समन्वय तथा सहयोग की भावना के बिना खूबसूरत नहीं हो सकता। सहयोग की भावना का यह रंग हमारे आसपास तथा समाज में हर दिन देखने को मिलता है। विभिन्न धर्मों एवं वर्गों के बीच घुले सहयोग एवं प्यार के रंग द्वारा ही आज हमारे समाज का अस्तित्व बना हुआ है।

क्या आपने प्यार के रंग में रंगे हुए प्रेमियों को देखा है? प्यार का गुलाबी रंग अपने आप उनके चेहरे पर उभर आता है। घबराहट में हमारे चेहरे का रंग उड़ जाता है तो गुस्से में लाल हो जाता हैं। फूल और पत्तियों की खूबसूरती उनके रंग के कारण ही तो है। रंगों का महत्व यहां तक ही सीमित नहीं है। अनेक स्थानों पर विभिन्न रंगों से रोगियों का उपचार भी किया जाता है। इस तरह रंग हमारे स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। रंग केवल खूबसूरती के लिए ही नहीं हैं,बल्कि ये बोलते भी हैं। चित्रकार जब अपनी कूची चलाता है तो वह रंगों के माध्यम से कैनवास पर अपनी भावनाएं उड़ेलता है। यह बात अलग है कि हम में से कुछ लोग रंगों की भाषा या तो समझते नहीं हैं या फिर जानबूझकर समझना नहीं चाहते। साहित्य में भी किसी एक विचारधारा का रंग लेखक पर भारी पड़ता है और उसका साहित्य भी उसी रंग में रंगा हुआ दिखाई देता है।

ऐसे बहुत से रंग भी हैं,जो हमारी जिंदगी के कैनवास को बदरंग कर देते हैं। नफरत का रंग हमारी जिंदगी के कैनवास पर हमेशा एक काले धब्बे की तरह दिखाई देता है। यह काला धब्बा ही पूरी तस्वीर का रंग बदल देता है। नफरत का यह रंग हर जगह उपलब्ध है। नफरत का काला रंग केवल मुट्ठी भर लोगों की पसंद है और ये ही लोग विश्व में खतरे का लाल रंग फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी कारण साल भर भारत समेत पूरे विश्व में आतंकवाद के नाम पर खून की होली खेली जा रही है। हालांकि आज भी अधिकतर लोगों की पसंद प्यार का गुलाबी रंग ही है और शायद इसीलिए आतंकवाद लगातार मात खा रहा है तो आइए,इस विश्वास को और ज्यादा पक्का करते हुए विभिन्न रंगों के साथ प्यार के गुलाबी तथा शांति के सफेद रंग से होली खेलकर सही मायनों में होली को एक नया अर्थ दें।

सोशल फोरम

गाड़ी चलती रहनी चाहिए

गेराज में मिस्त्री गाड़ी को खोले उसकी बीमारी का कारण खोजने में लगा हुआ था। आखिर उसने एक पुर्जा निकाला और कहा "साब जी ये खराब हो गया है। बदलना होगा। नया ले आईए।"

मरता क्या न करता। आखिर बाजार से उसे नया पुर्जा लाकर दिया। मिस्त्री उसे फिट करने में लग गया, लेकिन बहुत कोशिश के बाद भी वो पुर्जा फिट नहीं हुआ। "सर जी ये तो नहीं लगेगा। दूसरा लाना होगा।" "लेकिन इसमें क्या दिक्कत है। हूबहू तो है ये।" "हूबहू होने से क्या हुआ सर। लगता है ओरिजनल नहीं, डुप्लीकेट है। इसलिए सेट नहीं हो रहा।" ये कहते हुए मिस्त्री ने उस पुर्जे को कूड़ेदान में फेंक दिया। आखिर अधिकृत दुकान से मैं ओरिजनल पुर्जा लाने चल दिया,लेकिन रास्ते भर कई ख्याल मेरे मन मे आते रहे। "आखिर ओरिजनल कौन है?" "वो जो हूबहू नकल भर है और सही से फिट हो जाता है या वो जो थोड़ा अलग है।" देखा जाए तो हमारी समाजरूपी गाड़ी भी ऐसी ही है। इसे भी सब कार्बन कॉपी ही चाहिए। जिस किसी ने भी समाज से असहमति जताने की या थोड़ा दाएं-बाएं चलने की,इसके नियमों को बदलने की कोशिश की उसे डुप्लीकेट करार देकर फेंक दिया जाता है। असहमतियों को यहां विद्रोह के रूप में देखा जाता है। समाज को अपनी गाड़ी की ज्यादा चिंता है बनिस्पत समाज के लोगों के,समाज के किस पुर्जे पर ज्यादा दबाव है? कौन कष्ट में है? कहां थोड़े बदलाव की जरूरत है, कहां परंपराएं हमें नुकसान पहुंचा रही हैं। इसकी उसे कोई चिंता नहीं। बस समाजरूपी गाड़ी सही से चलती रहनी चाहिए। शक्ल सूरत, रूप रंग,कद काठी,अचार व्यवहार, सोच विचार में हर प्राणी अपने आप में अनूठा है और एक दूसरे से भिन्न है। प्रकृति नकल में विश्वास नहीं रखती। अगर कहीं कुछ नकल है भी तो वो भूलवश है। सदियों से हमारी एक ही कोशिश है। धर्म, जाति, आस्था, परंपरा, विश्वास के नाम पर हम नकल गढ़ रहें हैं। यही नकली लोग यहां ओरिजनल कहलाते हैं और जो वास्तव में ओरिजनल हैं, जो लीक से थोड़ा हटकर सोचने और करने का साहस दिखाते हैं,उन्हें यहां डुप्लीकेट कहकर किनारे कर दिया जाता है। नक्कालों की आज की इस दुनिया में असल के लिए कोई गुंजाइश नही है। क्योंकि गाड़ी चलती रहनी चाहिए।

तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

- फेसबुक वॉल से

भारत की आत्मा हैं त्योहार

होली एक ऐसा त्योहार है,जिस हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं। होली खासकर हिन्दुत्व का एक सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है। प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन खोलकर भाईचारे का संदेश देता है। इस दिन सारे लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूलकर गले लगते हैं और एक दूजे को गुलाल लगाते हैं। बच्चे और युवा रंगों से खेलते हैं।

यह भारत सहित पूरी दुनिया में बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जाता है। यह त्योहार हमेशा फाल्गुन महिने की पूर्णिमा को मनाया जाता है। क्या बच्चे,क्या बुढ़े, क्या युवा, महिलाएं सभी बड़े उत्साह से होली के त्योहार को मनाते हैं। एक दूसरे पर रंग, गुलाब फेककर कबीरा गाते हैं,फगूआ गाते हैं और बोलते हैं, "बुरा न मानों,होली है"। छोटे बड़ों के माथे पर रंग लगाकर उनका पैर छुते हैं और आशीर्वाद लेते हैं। होली का त्योहार हर साल नई उर्जा और नई ऊष्मा लेकर आता है और सबको अपने रंग में रंग जाता है। कुछ साल पहले तक यह हाल था कि जैसे ही होली का त्योहार करीब आता,"पानी बचाओ" और "जल ही जीवन है" जैसे कैंपेन चलने लगते। ऐसा लगता मानों होली मनाना जैसे कोई पाप हो गया हो।

साल के 365 दिन लोग रोज नहा रहे है, पेशाब,पखाना कर रहे है, कपड़े धो रहे हैं, कचरा साफ कर रहे है,सड़क गली पानी से साफ की जा रही है,लेकिन इन सबसे पानी बर्बाद नहीं होता, मगर लोटा भर पानी से होली क्या खेल लो, पानी बर्बाद होने लगता है,भारत सहित दुनिया के जल स्रोत सुखने लगते है। एक वक्त तो ऐसा होने लगा था कि आम जनमानस ऐसे कैंपेन की वजह से पानी बर्बादी की ग्लानी से भर जाता था। वह सोच भी नहीं पाता था कि मुश्किल से एक लोटा पानी होली के दिन इस्तेमाल करने से कौन सा पाप हो जाता है कि चारों तरफ "जल बचाओ" नारे सुनाई देने लगते हैं। जबकि सालभर मल-मुत्र त्याग करने के बाद जब उस पर पानी फेरा जाता है तो होली वाले दिन के मुकाबले कई हजार गुणा पानी बर्बाद होता है। नहाने, धोने पर पानी की बर्बादी का गुणा भाग तो और भी ज्यादा है।

डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

> मथुरा,वृंदावन और बरसाने की होली देखने लोग देश-विदेश व दूर-दराज से आते हैं। इन स्थानों पर होली की बात ही निराली होती है,यहां की होली तो दुनियाभर में प्रसिद्ध है। होली का त्योहार भारत की आत्मा है।

धीरे-धीरे लोग अब जागरूक होने लगे हैं। वे समझने लगे हैं कि जब पूरे साल नहाने,धोने और पानी बहाने के बाद भी पानी बर्बाद नहीं हो रहा है, जल स्रोत सूख नहीं रहे है तो एक दिन के होली के त्योहार खेलने से कौन सी आफत आ जाएगी। कुछ साल पहले से होली के रौनक फिर से लोट आई है। होली मनाने का आलम यह है कि जो गांव जवार होली पर फगुआ के लिए जाने पहचाने जाते थे,अब वो सब शहरी होली हुड़दंग में बहुत पीछे छुट गए हैं। एक वक्त था,जब होली गांव-जवार की रौनक हुआ करती थी,लेकिन अब शहरों ने उसकी यह रौनक छीन ली है।

अब शहरों में होली का त्योहार बहुत हर्षोल्लास से मनाया जाता है। शहरी जीवन होली के दिन रंगों से कुछ ज्यादा ही सराबोर हो जाता है। शहर भागम-भाग वाली नीरस जीवन से होली का त्योहार काफी हद तक निजात दिलाता है। शहरों की होली अब ज्यादा आकर्षक होती है। यह अलग बात है कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मस्थान से संबंधित होली का पारंपरिक रूप आज भी अपने आकर्षक अस्तित्व को बनाए हुए है। मथुरा,वृंदावन और बरसाने की होली देखने लोग देश-विदेश व दूर-दराज से आते हैं। इन स्थानों पर होली की बात ही निराली होती है,यहां की होली तो दुनियाभर में प्रसिद्ध है। होली का त्योहार भारत की आत्मा है।

मुगल होली को ईद-ए-गुलाबी या आब-ए-पालशी कहते थे और बड़ी ही धूमधाम से उसे मनाते थे। राजा अकबर भी होली खेलते थे। नवाब मोहम्मद शाह रंगीला की लाल किले के रंगमहल में होली खेलते हुए एक बहुत प्रसिद्ध पेंटिंग भी है। औरंगजेब के सत्ता में आने के बाद मुगल दरबार में होली नहीं खेली जाती थी। अमीर खुसरो, बुल्ले शाह, रसखान, रहीम जैसे मुस्लिम कवियों ने होली की शान में रचनाएं लिखी है। दिल्ली में ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह और लखनऊ के पास सूफी देव शरीफ की मजार पर हर साल होली का त्योहार मनाया जाता है। यह त्योहार रंगों का त्योहार है। खुशियों का पर्व है। एकता और भाईचारे का महोत्सव है।

भगत सिंह और लोहिया का सामाजिक दर्शन

भगत सिंह ब्रिटिश उपनिवेशवादियों व पूंजीपतियों के लिए खतरा बन चुके थे। शहीदे आजम भगत सिंह की जिंदगी और उनकी सामाजिक समझ प्रेरणादायी है। उनका सपना ब्रिटिश हुकूमत से आजादी के साथ-साथ वंचितों, मजलूमों और श्रमिकों को सामाजिक व्यवस्था आजादी का था। जब वे फरवरी 1931 में जेल में 'क्रांतिकारी कार्यक्रम का मसविदा' लिखा। इसमें उन्होंने दो टूक लिखा कि "श्रमिकों के शासन से कम कुछ नहीं चाहते। भारत में साम्राज्यवादी एवं उनके मददगार हटाकर जो कि आर्थिक व्यवस्था के पैरोकार हैं जिनकी जड़ें शोषण पर आधारित हैं को आगे आना होगा। हम गोरी बुराई की जगह काली बुराई को लाकर कष्ट उठाना नहीं चाहते।"

इसी तरह नौजवान राजनीतिक कार्यकर्ताओं के नाम पत्र में भगत सिंह साफ-साफ कहते हैं कि "भारत सरकार का प्रमुख लार्ड रीडिंग की जगह यदि सर पुरुषोत्तम दास ठाकुर ले लें तो इससे जनता में क्या फर्क पड़ेगा? एक किसान को इससे क्या फर्क पड़ेगा। यदि लार्ड इरविन की जगह तेज बहादुर सप्रू आ जाएं।" छुआछूत जैसी घातक बीमारी उन्हें बहुत आहत करती थी। 1928 में किरती पत्रिका में विद्रोही नाम से 'अछूत का सवाल' नामक लेख में उन्होंने लिखा कि हमारे देश जैसे बुरे हालात किसी दूसरे देश के नहीं होंगे, 30 करोड़ वाले देश में 6 करोड़ लोग अछूत कहलाते हैं। ऐसे थे भगत सिंह सिंह जिनके दिल में वतन की स्वतंत्रता के साथ-साथ सामाजिक स्वतंत्रता की भावना थी। लोहिया जी भी भगत सिंह की तरह शोषण विहीन समाजवादी व्यवस्था चाहते थे। स्वाधीनता सेनानी डॉ राममनोहर लोहिया भगत सिंह के विचारों की प्रतिमूर्ति थे। उनका जन्म गांधीवादी हीरालाल व चंदादेवी के घर में अकबरपुर में हुआ था। लोहिया जाति प्रथा के विरुद्ध क्रांति को प्रोत्साहित करना चाहते थे।

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

> लोहिया जी भी भगत सिंह की तरह शोषण विहीन समाजवादी व्यवस्था चाहते थे। स्वाधीनता सेनानी डॉ. राममनोहर लोहिया भगत सिंह के विचारों की प्रतिमूर्ति थे।

लोहिया के दिल में भगत सिंह के लिए कितना सम्मान था, इसे ऐसे समझा जा सकता है कि जब भगतसिंह को फांसी हुई तो जिनेवा में लीग ऑफ नेशन का अधिवेशन हुआ। भारत की ओर से बीकानेर के महाराजा प्रतिनिधि थे। वे दर्शक दीर्घा में जाकर बैठ गए, उन्हें लग रहा था महाराज भगत सिंह की फांसी व गांधीजी की यात्रा में हुई अत्याचार का विरोध करेंगे,लेकिन महाराज तो अंग्रेजों की शान में कसीदे पढ़ने लगे। कहने लगे अंग्रेजों के राज में अमन चैन है तो उन्होंने नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। वे अपने समर्थकों से अपने जन्मदिन को मनाने को मना करते थे, क्योंकि उनके जन्म और भगत सिंह व उनके साथियों का शहीद दिवस है।

ककलासों पट्टी में पारंपरिक होली गायन करते डीएनपी स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

टनकपुर के गांव नायकगोठ में होली गायन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

होली गीतों और रंगों से सरोबार हुई सांस्कृतिक नगरी

शहर के साथ ही जनपद भर में जगह-जगह मची खड़ी होली की धूम, पुरुषों के साथ ही महिलाएं भी बढ़-चढ़ के ले रहीं होली में भाग

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : होली पर्व के मौके पर सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा होली के गीतों और रंगों से पूरी तरह सरोबार हो चुकी है। जगह जगह जहां खड़ी होलियों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं महिलाओं की टोलियां भी घर घर जाकर होली गायन कर रही हैं और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दे रही हैं।

रविवार को पूरी सांस्कृतिक नगरी होली के रंगों में रंगी रही। नगर के तल्ला मल्ला जोशीखोला, खल्याड़ी, विवेकानंद पुरी, बद्रेश्वर, पूर्वी पोखरखाली, ढूंगाधारा, धारानौला, मकीड़ी, खोल्टा, सरकार की आली, कर्नाटक खोला, गंगोला मोहल्ला, थाना बाजार, मिलन चौक नंदा देवी परिसर में खड़ी होलियों का गायन किया गया। होली की मस्ती में सरोबार होल्यारों ने एक से बढ़कर एक होली गायन किया। होल्यारों की टीम ने नगर के मुख्य बाजार का भ्रमण भी किया और रंग लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इधर महिला होल्यारों में भी रविवार को गजब का उत्साह दिया। महिला होल्यारों ने नगर के गली मोहल्लों में एक दूसरे के घरों में जमकर होली गायन और नृत्य कर पर्व के उल्लास को और बढ़ा दिया।

इधर जिले के सोमेश्वर, द्वाराहाट, चौखुटिया, भिकियासैंण, स्याल्दे, सल्ट, भैंसियाछाना, धौलादेवी लमगड़ा आदि स्थानों पर भी होल्यारों ने होली गायन कर जमकर धमाल मचाया।

डीएनपी स्कूल भतरौंजखान के स्कूली बच्चों ने ककलासों पट्टी के अनेक कस्बों और बाजारों में पारंपरिक होली गायन कर लोगों को होली की शुभकामनाएं दी। होली के लेकर जिले भर में होल्यारों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। पहाड़ों में छलड़ी तक होली गायन का यह सिलसिला ऐसे ही चलता रहेगा।

रानीखेत नगर में खड़ी होली में सम्मिलित होलियार। ● अमृत विचार

तू कर ले सोलह श्रंगार राधिका, तेरे आंगना होली आई रही

बागेश्वर, अमृत विचार : जनपद के गांवों में होली की धूम मची हुई है। दिन में पुरुष जहां विभिन्न क्षेत्रों में जाकर होली गायन कर रहे हैं वहीं महिलाएं भी होली गायन में मस्त हैं। होल्यार घरों में होली गायन कर रहे हैं तथा प्रत्येक घर में उनका स्वागत हो रहा है। जनपद के गांवों में होली का आयोजन किया जा रहा है महिलाएं गांव व घरों तथा मंदिरों में होली गायन किया जा रहा है। जौलकांडे, लेटी, दयागण, तहसील रोड आदि स्थानों में महिलाओं की होली गायन किया गया। जौलकांडे में आयोजित होली गायन में उप प्रधान नैना लोहुमी, नीतू लोहनी, नीमा भट्ट, पुष्पा भट्ट, नीमा, लीला देवी, अंजलि लोहुमी आदि ने तू कर ले सोलह श्रंगार, सिद्धी को दाता विघ्न विनाशन आदि होलियां गाईं।

हर तरफ होली गीतों और नृत्य की मची धूम

टनकपुर, अमृत विचार : जनपद चम्पावत में इस समय होली कार्यक्रम जगह-जगह आयोजित हो रहा है। यहां कार्यक्रमों के माध्यम से खड़ी और बैठकी होली का गायन किया जा रहा है जिसमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इधर गांव नायकगोठ स्थित मां अखिलतारिणी मंदिर में महिलाओं द्वारा होली कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गायन के साथ-साथ एक दूसरे को अमीर गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी गई। कार्यक्रम में आभा सिंह, मुन्नी देवी, आशा धामी, गोविंद देवी, उमा देवी, मीना जोशी, जानकी जोशी, विमला देवी, बसंती देवी, बबीता जोशी आदि मौजूद रहे। वहीं गांव आमबाग, ज्ञानखेड़ा, ककरालीगेट, सैलानीगोठ, उचौलीगोठ, बिचई, छीनीगोठ, खेतखेड़ा, थपलियालखेड़ा के अलावा बनबसा और चम्पावत, लोहाघाट आदि क्षेत्रों में भी इस पर्व पर जगह-जगह होली गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

रानीखेत में होल्यारों ने मचाया धमाल

रानीखेत, अमृत विचार : सांस्कृतिक समिति एवं व्यापार मंडल के तत्वावधान में रानीखेत नगर में खड़ी होली का आयोजन किया गया। जिसमें होलियारो ने खडी होली गाकर रंग जमा दिया। होलीयारों की टीम केएमयू स्टेशन से गांधी चौक, सदर बाजार होते हुए विजय चौक पर पहुंची। इस दौरान भारी संख्या में व्यापारी व स्थानीय लोगों ने टोली में शामिल होकर खूब रंग जमाया। वही टोली में शामिल महिलाओं ने भी चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष विमल सती, पूर्व प्रमुख रचना रावत, कुलदीप कुमार, अगस्त लाल साह, पूर्व सभासद संजय पंत, गीता पवार, खजान जोशी, दीप भगत, प्रीति पंत, हरीश पांडेय, परमवीर मेहरा, अभिषेक कांडपाल, गौरव भट्ट, पंकज थापा, उमेश पंत और व्यापार मंडल से जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल मोहन नेगी, व्यापार मंडल अध्यक्ष मनीष चौधरी, उपाध्यक्ष दीपक पंत, महिला उपाध्यक्ष नेहा साह माहरा, महासचिव संदीप गोयल, उपसचिव विनीत चौरसिया, मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दकी आदि उपस्थित रहे।

कत्यूर की होली टीमों का बागनाथ मंदिर में मिलन

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार: यहां कई गांवों के होल्यारों ने होली चतुर्दशी रविवार को मनाई। इस दौरान कत्यूर क्षेत्र के दर्जनों गांवों की होली टोलियां चौक बाजार पहुंची तथा यहां से सैकड़ों होल्यार बाबा बागनाथ मंदिर पहुंचे, जहां बाबा बागनाथ को अबीर गुलाल चढ़ाया तथा होली गायन किया व एक दूसरे को होली की बधाईयां दीं।

इस बार होली की चतुर्दशी के आयोजन को लेकर गांवों में संशय रहा। कुछ गांवों के होल्यारों ने चतुर्दशी शनिवार को मनाई जबकि कई गांवों में रविवार को होली चतुर्दशी मनाई गई। इस दौरान अमसरकोट, दयांगण व बिलौना, दफौट आदि क्षेत्रों की होली बागनाथ मंदिर में पहुंची। जहां होल्यारों ने बाबा बागनाथ मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की व बाबा बागनाथ जी को अबीर गुलाल चढ़ाया। इसके बाद मंदिर परिसर में होली गायन किया। होल्यारों ने भगवान शिव की होलियों का गायन किया। इसके बाद होल्यारों ने एक दूसरे को होली की बधाईयां दी तथा अगले वर्ष की होली में मिलने की कामना की। इस दौरान प्रशासन ने भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात किया था।

ढोलकों की थाप पर होता है होली गायन

बागेश्वर : बाबा बागनाथ मंदिर परिसर में होली के दौरान दर्जनों क्षेत्र के होल्यारों की ढोलकों की थाप पर होली गायन होता है। इस दौरान गांवों की होली टीमें अपनी ढोलकी का प्रदर्शन करते हैं। गांवों के मुखिया सर्वाधिक ताल व आवाज वाली ढोलकी का चयन करते हैं तथा प्रथम आने वाले ढोलक बजाने वाले को कंधों पर रखते हैं। इसमें कोई पुरस्कार नहीं दिया जाता है।

बाबा बागनाथ मंदिर में होली गायन करते होल्यार। ● अमृत विचार

चौक बाजार में होलियों का होता है विशाल संगम

बागेश्वर : परंपरा के अनुसार चौक बाजार में विभिन्न क्षेत्रों की होली का संगम विशेष आकर्षण का केंद्र होता है। इस स्थान पर विभिन्न क्षेत्रों के होल्यार एक साथ मिलते हैं। इसमें समय बाध्यता काफी महत्वपूर्ण होती है जो कि प्रशासन के लिए भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। तहसील, अमसरकोट क्षेत्र के कई गांवों की होलियां गोमती पुल चौराहे पर होली गायन करती हुई मिलती हैं वहीं दूसरी टोली दयांगण क्षेत्र की होलियां की टोलियां एक बनकर यहां पहुंचती हैं। इस बीच मान्यतानुसार दोनों क्षेत्रों की टोलियो की ढोलकियां एक साथ अलग अलग मार्ग से चौक बाजार पहुंचती हैं। इस दौरान दोनों टीमों के होली टीम लीडरों को यह ध्यान रखना होता है कि वे एक साथ चौक बाजार पहुंचें।

होली पर्व पर चाक चौबंद रहेगी सुरक्षा की व्यवस्था

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : होली के मद्देनजर एसएसपी अल्मोड़ा देवेंद्र पींचा ने जिले के सभी पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व कानून व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए हैं। जिला मुख्यालय पर पुलिस की टीम पूरे नगर की गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरों से पैनी निगाह रखेगी और हुड़दंग फैलाने और माहौल खराब करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।

एसएसपी ने जिले के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि होली पर्व और लोकसभा चुनावों को देखते हुए कर्मचारियों को अपने अपने क्षेत्रों विशेष सतर्कता बरतनी होगी। पर्व के दौरान चुनावी रंजिश रखने वाले लोगों, अराजकता व हुड़दंग फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर अलर्ट होकर नजर रखनी होगी। ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे और किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना सामने न आ सके। एसएसपी ने इसके लिए सभी अधिकारियों को पैदल गश्त, चीता मोबाइल, पिकेट और बैरिकेट्स ड्यूटियां लगाने के निर्देश दिए हैं। नगर में यातायात व्यवस्था बाधित न हो, इसके लिए टीआई और टीएसआई को चेकिंग पर बने रहने के निर्देश दिए गए हैं। एसएसपी ने कहा है कि पर्व और चुनावों के माहौल के दौरान सोशल मीडिया की भी अलर्ट होकर मॉनीटरिंग की जाए।

नशे में हुड़दंग मचाया तो खैर नहीं

अल्मोड़ा : होली पर्व के मद्देनजर रविवार को थानाध्यक्ष भतरौंजखान मदन मोहन जोशी ने भतरौंजखान बाजार के व्यापारियों और स्थानीय लोगों के साथ बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष जोशी ने कहा कि होली पर्व भाईचारे और आपसी सदभाव का पर्व है। इसलिए हमें इस पर्व को शांतिपूर्वक और उल्लास के माहौल में मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि होली पर्व के दौरान कानून व्यवस्था प्रभावित ना हो इसके लिए बाजार में पुलिस बल तैनात रहेगा। पर्व के दौरान बाजार अथवा आसपास के कस्बों में अगर कोई व्यक्ति नशे में हुड़दंग करता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

फाल्गुनी रंग से सराबोर है बैरती-पान क्षेत्र

बैरती (अल्मोड़ा): रंगोत्सव (छलड़ी) के नजदीक आते बैरती-पान क्षेत्र पूरी तरह फाल्गुनी रंग से सराबोर हो गया है। महिलाओं और पुरुषों की दिन- रात की होली महफिलें सज रही हैं। क्षेत्र के गैराड़ में गिरीश चंद्र पांडेय, भैनर में उमेश त्रिपाठी और सेलागढ़ी में ललित त्रिपाठी के अलावा चित्रेश्वर में महेश पांडेय के आवास पर होली बैठकों में होलियारों की मस्ती छाई रही। रामनगर से पहुंचे संगीतज्ञ कैलाश त्रिपाठी, चित्रेश त्रिपाठी, हल्द्वानी से पंकज पांडेय और हिमांशु पांडेय, नट्टागुल्ली से नंदाबल्लभ मैनाली, कुशाग्र मैनाली के अलावा नवीन बिष्ट, महेश उपाध्याय, मदन उपाध्याय, पूरन बिष्ट, कैलाश पांडेय आदि ने होली का रंग जमाया।

बसों का संचालन न होने से यात्री परेशान

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : होली पर्व के दौरान चालक-परिचालकों को प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा के बाद भी उत्तराखंड परिवहन निगम वाहनों के संचालन की समुचित व्यवस्था नहीं कर पा रहा है। जिस कारण यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

होली पर्व के मौके पर प्रवासियों के अपने-अपने घरों को लौटने तथा बाहर से लोगों का घरों को आने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिस कारण वाहनों में यात्रियों की खासी भीड़ है। लेकिन उत्तराखंड परिवहन निगम के अल्मोड़ा डिपो में चालक-परिचालकों की कमी होने के कारण कई रूटों पर नियमित रूप से बसों का संचालन नहीं हो पा रहा है। रविवार को निगम की लंबे रूट की चार सेवाएं बाधित रहीं। जिस कारण यात्रियों को निजी कंपनियों की बसों और टैक्सियों से गंतव्य की ओर रवाना होना पड़ा।

अल्मोड़ा डिपो के सहायक महाप्रबंधक विजय तिवारी ने बताया कि उपलब्ध संसाधनों के तहत अधिक से अधिक सेवाओं को संचालित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिन रूटों पर सेवा शुरू नहीं हो सकी हैं। उन्हें शीघ्र शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है।

देघाट पुलिस ने कार से बरामद की अवैध शराब

अल्मोड़ा, अमृत विचार : मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत देघाट पुलिस ने एक कार से अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार को सीज कर अभियुक्त के खिलाफ आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। लोकसभा चुनावों और होली पर्व को देखते हुए पुलिस द्वारा इन दिनों सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत देघाट पुलिस ने संदेह के आधार पर क्षेत्र के चचरोटी की ओर से आ रही एक कार को रोका तो चेकिंग करने पर उसमें करीब पंद्रह पेटी शराब व बीयर बरामद की गई। पूछताछ के दौरान कार में सवार आरोपियों ने अपना नाम श्याम सिंह मनराल निवासी ग्राम बसेडी, नौला कुणीधार, भिकियासैंण और राजेंद्र सिंह रावत उर्फ राजू रावत निवासी श्यामपुर, ऋषिकेश देहरादून बताया। श्याम सिंह मनराल ने बताया कि वह स्याल्दे में अंग्रेजी शराब की दुकान में काम करता है, जबकि राजू रावत नागचुलाखाल की अंग्रेजी शराब का अनुज्ञापी है। वह दोनों दुकानों से शराब लाकर गांवों में ऊंचे दाम में बेचने के लिए ले जा रहे थे।

वर्ग पहेली-20

बाएं से दाएं

1. ऐसा व्यक्ति जिसकी पीठ पर कूबड़ निकल आया हो, वह जो पीठ के टेढ़ी होकर पीछे की ओर निकल जाने वाले रोग से पीड़ित हो।
4. जिसे जीत लिया गया हो, विजित।
5.1. किसी वस्तु के अंशों का वितरण करना या बांटना 2. किसी वस्तु के आवश्यकतानुसार अलग-अलग अंश या विभाग करना, अंशों का विभाजन करना
7.1. कबूतरों के रहने का दरबा, कपोत पालिका 2. वह गद्देदार कपड़ा जिसपर रोटियां रखकर तंदूर में डालते हैं।
9. जहाज़ चलाने का काम।

ऊपर से नीचे

1. कुरैश समुदाय से संबंध रखने वाला।
2.1. नाम, संज्ञा 2. कथन, उक्ति 3. उपाधि
3. जिसकी बुद्धि नष्ट हो गई हो, जड़मति, हतबुद्धि, किंकर्तव्यविमूढ़।
5.1. जल में उत्पन्न होने वाली अर्थात कमलिनी 2. कुमुदनी 3. एक रागिनी 4. (पुराण) लक्ष्मी का एक नाम।
6. वनस्पति जो सब्ज़ी के रूप में प्रयुक्त होती हो, साग, तरकारी।
8.1. धरती से फूट पड़ने वाली तेज़ धारा 2. एक तरह का उपकरण जिससे पानी को पतली धार या फुहार के रूप में चारों ओर गिराया जाता है, जलयंत्र 3. पानी या किसी तरल पदार्थ की पतली तेज़धार।



वर्ग पहेली -19 का हल

1 प	ट	ह	■	2 बा	■	3 भ
टा	■	■	4 ब	हु	ज	न
न	■	5 द	■	ब	■	भ
■	6 ठे	ल	ठा	ल	■	न
7 हो	■	ना	■	■	8 फू	■
ट	■	य	■	9 ढा	ल	ना
10 ल	श	क	री	■	ना	■

सुडोकू-99

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				2		6		8
		9	1			4		
	8			7			1	
	1	6				3		
	7						8	
		5		6		7		
	5			4			9	
		3			5	2		
4		1		3				

सुडोकू -98 का हल

3	6	9	4	8	2	5	7	1
7	2	4	5	1	9	3	6	8
8	1	5	3	6	7	4	9	2
2	7	1	9	3	8	6	5	4
6	4	8	2	7	5	1	3	9
5	9	3	6	4	1	8	2	7
9	3	7	1	5	4	2	8	6
1	5	2	8	9	6	7	4	3
4	8	6	7	2	3	9	1	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 12 .29 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

आज का पंचांग



त्योहार/व्रत/दिवस- वसंत पूर्णिमा, होली।
दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 10 .38 तक तत्पश्चात हस्त।

मेष — आज शुगर के रोगियों को स्वास्थ्य समस्या होगी। परिजनों के साथ नोंक-झोंक हो सकती है। शत्रुओं के साथ सुलह होने की संभावना है। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी परेशानियां हो सकती हैं। व्यवसाय में नए विरोधी सक्रिय हो सकते हैं।

वृष — आज नई तकनीक सीखने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में बिक्री बढ़ने के योग बन रहे हैं। घरेलू कलह का निवारण होगा। वैवाहिक जीवन खुशियों से भरपूर रहेगा। आपकी बातों से लोग आकर्षित रहेंगे। प्रेम संबंधों में गलतफहमियां न आने दें।

मिथुन — आज सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। मित्र आपसे नाराज हो सकते हैं। भारी उद्योग से जुड़े लोगों को मशीनरी को लेकर समस्या हो सकती है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। मेहनत से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी।

कर्क — आज सोशल मीडिया के माध्यम से शुभ सूचना मिल सकती है। भाई-बहनों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। घर के बड़े बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। परिवार में अनुशासन बनाए रखें। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करें।

सिंह — आज आवश्यक कार्यों को दिन के पहले भाग में ही पूर्ण कर लेना हितकर होगा। बच्चे मस्ती के मूड में रहेंगे। पारिवारिक विवादों का निपटारा हो सकता है। जीवनसाथी के लिए कुछ उपहार खरीद सकते हैं। परिवार में उत्सव की धूम रहेगी।

कन्या — आज रचनात्मक योजनाओं से आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। वैवाहिक जीवन को लेकर थोड़ी परेशानियां रहेंगी। पैर और कमर दर्द की शिकायत हो सकती है। आपके काम समय पर पूरे हो जाएंगे। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे।

तुला — आज लंबी दूरी की यात्रा करने से बचें। प्रेमी जन के ऊपर धन खर्च करेंगे। नशे से दूरी बनाकर रखें। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। मन में नकारात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। स्वास्थ्य में थोड़ी नरमी हो सकती है।

वृश्चिक — आज मन में पुरानी स्मृतियां दोबारा ताजा होंगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। व्यापार में बिक्री बढ़ने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। दिन खुशियों और उत्साह से भरपूर रहेगा। अविवाहित लोगों को विवाह के अवसर मिल सकते हैं।

धनु — आज आपकी सेहत थोड़ी प्रतिकूल हो सकती है। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। दोस्तों के साथ पार्टी के लिए जा सकते हैं। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत सुखद है।

मकर — आज रुका हुआ धन मिलने में कठिनाई होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। प्रतिष्ठित लोगों के बीच आपका सम्मान और यश बढ़ेगा। दिखावे के चक्कर में आप थोड़ी गलतियां करेंगे। धर्म-कर्म पर धन खर्च होगा।

कुंभ — आज मित्रों के व्यवहार से आपको दुख हो सकता है। व्यवसाय में आपकी अपेक्षा के अनुसार बिक्री न होने से मन अप्रसन्न हो सकता है। अपना खानपान संतुलित रखें। पाचन बिगड़ने से आप परेशान रहेंगे। महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो सकते हैं।

मीन — आज का दिन बहुत सुखद रहेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। आप मित्रों के साथ कहीं घूमने जाने का विचार बनाएंगे। परिवार के साथ आप बहुत अच्छा समय बिताएंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES	जिस देश में गंगा रहता है सुबह : 10 .22 कर्तव्य रात : 07 .00	SONY PIX	स्पाइडर मैन सुबह : 09 .40 ग्रैन टूरिस्मो रात : 09 .00
&pictures	कूगल कुट्टप्पा सुबह : 11 .09 अंतिम शाम : 05 .11	ZEECINEMA	परदेस सुबह : 10 .30 क्रांति रात : 07 .40
		colors CINEPLEX	विजय राघवन सुबह : 10 .30 भोला शंकर रात : 07 .33

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर शाम : 05 .11 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टिंकू- ओए तूने लाली के साथ होली क्यों नहीं खेली?
पिंकू- अरे यार, उसका कोई बॉयफ्रेंड नहीं था।
टिंकू- तो उसमें क्या था, तू बन जाता उसका बॉयफ्रेंड!
पिंकू- नहीं यार, जो आज तक किसी की न हो सकी, वो भला मेरी क्या होगी।

पप्पू- यार होली आ गई है।
गप्पू- हां यार सही बोला
पप्पू- होली पर एक आवश्यक सूचना है।
गप्पू- क्या?
पप्पू- होली में इतने भी पुराने कपड़े मत पहन लेना कि जिससे कोई तुम्हें रोटी हाथ में थमाकर चला जाए।

एक नजर

भाजपा प्रदेश महामंत्री ने गिनाईं उपलब्धियां

रानीखेत : राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर जिला मुख्यालय रानीखेत में एक प्रेस वार्ता एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री द्वारा 24 माह में 48 गारंटी का कार्य भी किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतुल अग्रवाल व संचालन जिला महामंत्री विनोद भट्ट ने किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मनीष चौधरी, राम सिंह रावत, मुकेश पांडे, धीरेंद्र मठपाल, दीप भगत, मोहन नेगी, दीप पांडे, ध्यान सिंह नेगी, विमल भट्ट, विमला रावत, दीप्ति गोयल, सोनू फर्त्याल, मनजीत भगत, उमेश पंत, दर्शन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

हवाओं के साथ हुई बारिश

अल्मोड़ा : होली से पहले पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। रविवार को सुबह आसमान में हल्के बादलों के बीच धूप निकली। लेकिन दोपहर बाद से आसमान में घने बादल छाने लगे। शाम होने तक आसमान काले घने बादलों से ढक गया और तेज हवाएं भी चलने लगी। देर शाम से जिले के कई इलाकों में बारिश शुरू हो गई। जिससे हल्की ठंड का अहसास होने लगा। मौसम खराब होने के बाद से जिले के कई ग्रामीण इलाकों में बिजली की आपूर्ति भी ठप हो गई है।

12 मतदान केन्द्रों के लिए 3 दिन पहले रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

सीईओ डॉ. पुरुषोत्तम ने दिए लोकसभा चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर लेने के निर्देश

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : राज्य में लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी मतदान स्थलों पर सभी व्यवस्थाएं भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार सुचारू रखने के निर्देश दिए हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए राज्य में 12 दुर्गम व दूरस्थ पोलिंग स्टेशन हैं। इन स्टेशनों के लिए पोलिंग पार्टियां जिला मुख्यालय से मतदान से तीन दिन पहले रवाना कर दी जाएंगीं। जिन पोलिंग स्टेशनों पर तीन दिन पहले पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी जाएंगीं उनमें 11 पोलिंग

पिथौरागढ़ स्थित इस दुर्गम विद्यालय को बनाया गया है मतदान केन्द्र। ● अमृत विचार

स्टेशन उत्तरकाशी और एक पिथौरागढ़ जिले में हैं। उत्तरकाशी जनपद के पी माइनस श्री पोलिंग स्टेशन पुरोला विधानसभा क्षेत्र में राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय कलाप, राजकीय प्राथमिक विद्यालय लिवाड़ी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कासला, राजकीय प्राथमिक विद्यालय राला, राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय फिताड़ी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय ओसला, राजकीय प्राथमिक विद्यालय पवाणी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय गंगाड, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बरी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय सेवा और राजकीय प्राथमिक विद्यालय हडवाड़ी हैं, जबकि पिथौरागढ़ जनपद के धारचूला विधानसभा क्षेत्र में राजकीय प्राथमिक विद्यालय कनार भी पी माइनस श्री पोलिंग स्टेशन में शामिल है।

पी माइनस श्री पोलिंग स्टेशनों के लिए पोलिंग पार्टियां ईवीएम और अन्य चुनाव सामग्री लेकर तीन दिन पहले पोलिंग स्टेशनों के लिए रवाना होंगी। पहली रात को मतदान कर्मी सरकारी भवन में ठहर सकेंगे। इसकी जानकारी उन्हें सभी राजनीतिक दलों के लोगों को देनी होगी। ताकि वह ईवीएम और अन्य चुनाव सामग्री के बारे में निगरानी रख सकें। लोकतंत्र के इस महापर्व में हर मतदाता को मतदान का अधिकार मिले, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले मतदाताओं को मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए निकटवर्ती स्थानों पर मतदान केंद्र बनाए हैं। ये वो पोलिंग स्टेशन हैं जो बर्फीले, अति विषम भौगोलिक परिस्थितियों और पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित हैं।

कार्मिकों ने चुनाव ड्यूटी में जताई असमर्थता

अल्मोड़ा, अमृत विचार : लोकसभा चुनावों को सम्पन्न कराने के लिए जहां प्रशासन कड़ी मशक्कत में जुटा हुआ है। वहीं जिले के कई कार्मिक ऐसे भी हैं जिन्होंने चुनाव ड्यूटी करने में असमर्थता जताई है। निर्वाचन आयोग को अब तक जिले से ऐसे 50 कार्मिकों के आवदेन मिले हैं। जिन्होंने उन्हें चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखने का आग्रह किया है।

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा करीब आठ हजार से अधिक कार्मिकों की ड्यूटी चुनावों में लगाई है। बाकायदा कार्मिकों को प्रशिक्षण देने का कार्य भी शुरू हो गया है। लेकिन इसके बाद भी अभी तक चुनाव ड्यूटी से दूर रहने वाले कार्मिकों के आवेदन मिलने का सिलसिला जारी है। विभाग को अब तक जिले भर से ऐसे पचास आवेदन मिल चुके हैं। इनमें से अधिकांश कार्मिकों ने चुनाव ड्यूटी न करने को लेकर अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला दिया है। इधर जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने सभी आवेदनों से जुड़े कर्मचारियों के असल हालात की जांच करने के निर्देश जारी किए हैं।

बेतरतीब खड़े वाहन बन रहे परेशानी का कारण

जागेश्वर धाम में रविवार को लगा जाम। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में तमाम प्रयासों के बाद भी यातायात व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को भी जागेश्वर धाम के मुख्य बाजार में बेतरतीब खड़े वाहनों और सड़कों के किनारे किए गए अतिक्रमण के कारण लंबा जाम लग गया। जिस कारण देश विदेश से यहां पहुंचे सैलानी घंटों जाम में फंसे रहे।

जागेश्वर धाम में लंबे समय से जाम की समस्या स्थानीय लोगों और बाहरी क्षेत्रों से आने वाले सैलानियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। व्यापार संघ के पदाधिकारियों कई बार पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से इस समस्या से निजात दिलाने के लिए कार्रवाई की मांग भी कर चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो पा रहा है। रविवार की दोपहर जागेश्चर धाम बाजार में अचानक जाम लग गया और सड़कों पर दौड़ने वाले वाहन यहां रेंगने लगे। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद बड़ी मुश्किल से जाम में फंसे वाहन बाजार से बाहर निकलकर गंतव्य की ओर रवाना हो सके। व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने प्रशासन से फिर जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए कार्रवाई करने की मांग की है।

मतदान कर निभाएं लोकतांत्रिक धर्म

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने रविवार को नेपाल सीमा से लगे मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। मतदान केंद्र में मतदान के दिन पेयजल, बिजली, स्वच्छता, रास्तों तथा मतदान स्थलों की स्थिति, मतदान कर्मियों के लिए आवास की सुविधा आदि बातों की जानकारी ली। मतदान स्थल से जुड़े गांवों का भी अध्ययन किया। उन्होंने मजबूत लोकतंत्र के लिए लोगों से मतदान जरूर करने की अपील की।

उन्होंने प्रत्येक मतदान केंद्र के शिक्षकों व बीएलओ से भी उनके मतदान केंद्रों की जानकारी प्राप्त की। डीएम का कहना था कि मतदान के दिन गुमदेश में मुख्य चैतोला मेला होने के कारण उस दिन लोगों को अपनी धार्मिक

चमदेवल गांव में लोगों को मतदान के लिए जागरूक करते जिलाधिकारी नवनीत पांडेय।

आस्था का निर्वाह करने के साथ लोकतांत्रिक धर्म को भी निभाना है। यह मतदान का पर्व भी पांच साल में एक बार आता है। वैसे चैतोला मेला चैत्र में होने पर रामनवमी के दिन से शुरू होता है यदि वैशाख में पड़ता है तो दसवीं के दिन से तीन दिनी मेला शुरू होता है। इस वर्ष नवमी से शुरू होने वाले मेले में ठीक मुख्य मेले के दिन मतदान होना है। इस वर्ष ऐसा संयोग रहा है कि लोकसभा मतदान की तिथि ऐसे दिन नियत हुई है जिस दिन गुमदेश का प्रमुख चैतोले का मुख्य मेला भी है। डीएम ने खालगढ़, किमतोली, पुल्ला, ढुमडाई, चमदेवल, धौनी सीलिंग, मजपीपल, गंगानौला के साथ कई अन्य मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट, आरबी सिंह, क्षेत्रीय पटवारी मोहित मेहता, नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में 6 बदमाशों पर लगाया गैंगस्टर एक्ट

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस महकमा कड़ी मशक्कत कर रहा है। पुलिस ने जिले भर में वांछित चल रहे बदमाशों और अराजक तत्वों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करनी शुरू कर दी है।

जिले की चौखुटिया तहसील के थाना प्रभारी जसविंदर सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनावों को देखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से क्षेत्र के छह बदमाशों पर गैंगस्टर एक्ट लगाया गया है। उन्होंने बताया कि सभी अभियुक्तों के खिलाफ चौखुटिया और गैरसैंण थाने में चोरी और लूटपाट के कई मुकदमे दर्ज हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरोह का सरगना कैलाश सिंह नेगी निवासी चुलेरासीम पर चौखुटिया में दो और गैरसैंण में एक मुकदमा दर्ज है। इसके अलावा उसके साथी भुवन जोशी उर्फ राजू जोशी निवासी धुधलिया महर पर चौखुटिया में दो, नरेंद्र सिंह निवासी चुलेरासीम पर चौखुटिया और गैरसैंण में एक-एक, दीपक आर्या निवासी विजयपुर पर चौखुटिया में एक, जगत सिंह निवासी खत्याड़ी जौरासी पर चौखुटिया में एक और राजेंद्र गिरी गोस्वामी निवासी धुधलिया महर के खिलाफ चौखुटिया और द्वाराहाट में एक एक मुकदमा दर्ज है। थाना प्रभारी जसविंदर सिंह ने बताया कि आरोपियों पर गैंगस्टर लगाने के लिए डीएम विनीत तोमर को संस्तुति भेजी गई थी।

द्वाराहाट के गांवों में पेयजल संकट

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले के द्वाराहाट विकास खंड के दर्जनों गांवों में पिछले कई दिनों से पेयजल का संकट बन हुआ है। लेकिन ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी विभाग पेयजल की आपूर्ति सुचारू नहीं कर पाया है। मजबूरी में अब इन गांवों के सैंकड़ों ग्रामीणों को दूरदराज के नौले धारों से पीने के पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है।

द्वाराहाट तहसील के खलना, गोदी, मोहणी, धूरा, तड़ीगांव, सिमलगांव, टेड़ागांव ग्राम सभाओं और उनके कई तोकों को खलना पेजल योजना से पानी की आपूर्ति की जाती है। लेकिन इस योजना की लाइन में फाल्ट आने के कारण इन गांवों में पिछले एक सप्ताह से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने कई बार विभाग के अधिकारियों से इसकी शिकायत भी की। लेकिन विभाग अभी तक पेयजल लाइन में आई खामी को दूर नहीं कर पाया है। सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश सिंह ने कहा है कि पेजल की आपूर्ति ना होने के कारण सभी ग्राम सभाओं में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। क्षेत्र के अधिकांश प्राकृतिक पेयजल स्रोत सूख चुके हैं। ऐसे में ग्रामीणों को स्वयं व अपने मवेशियों के लिए पानी जुटाना काफी मुश्किल भरा साबित हो रहा है।

ग्रामीणों का पूरा दिन पानी की जुगत में ही खत्म हो जा रहा है। जिससे उनके दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। लेकिन विभाग ग्रामीणों की इस समस्या पर गंभीरता से कार्रवाई नहीं कर रहा है।

आदर्श कालोनी में पानी के लिए परेशान हुए उपभोक्ता

बागेश्वर, अमृत विचार : नगर के आदर्श कालोनी में अनियमित पानी की आपूर्ति के चलते उपभोक्ता परेशान हैं। लोगों का कहना है कि जल संस्थान उनसे बिल पूरी राशि का ले रहा है। परंतु पानी की आपूर्ति नहीं कर पा रहा है। कहा कि कुछ देर आपूर्ति करने व इसका समय निश्चित न होने के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ता सुरेश चंद्र उपाध्याय, हरीश मलकानी, रमेश सिंह, पूरन तिवारी, ललित मोहन पांडे ने बताया कि क्षेत्र में कई दिनों से पानी की किल्लत बनी हुई है। कहा कि इस संबंध में कई बार जल संस्थान के अधिकारियों को अवगत कराया गया परंतु उनके द्वारा सिवाय आश्वासन के कुछ नहीं दिया जा रहा है। बताया कि गर्मी का मौसम अभी प्रारंभ ही हुआ है तथा पानी की किल्लत होने लगी है जिससे गर्मी में यह दिक्कत अधिक होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि पानी की आपूर्ति न होने के कारण उन्हें वाहनों से कई किमी दूर से पानी लाना पड़ रहा है जबकि जल संस्थान द्वारा भी उनसे बिल वसूला जा रहा है।

सार-संक्षेप

भीमताल में सैकड़ों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की ● अमृत विचार

पूर्व प्रमुख समेत दर्जनों लोग कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल

भीमताल : पूर्व ब्लॉक प्रमुख समेत 300 कांग्रेसजनों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सांसद उम्मीदवार अजय भट्ट एवं विधायक राम सिंह कैड़ा ने उन्हें सदस्यता ग्रहण कराई। रविवार को भीमताल में हुए एक कार्यक्रम में सांसद उम्मीदवार अजय भट्ट व विधायक कैड़ा ने रामगढ़ की पूर्व ब्लॉक प्रमुख चम्पा आर्य, जिपं सदस्य ममता सागर, पूर्व विधायक उम्मीदवार प्रकाश आर्य, कांग्रेस की ब्लॉक अध्यक्ष खष्टी राघव, ग्राम प्रधान राजू पलड़िया समेत 300 से अधिक कांग्रेसजनों को फूलमाला और भाजपा का पटका पहनाकर भाजपा की सदस्यता दिलाई। उन्होंने सभी राजनैतिक कार्यकर्ताओं के मान सम्मान का भरोसा दिलाया। भट्ट ने कहा कि आगामी पांच वर्षों में भारत को तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने और विकसित देशों में शुमार करने के लिए मोदी के सशक्त नेतृत्व की जरूरत है। सदस्यता ग्रहण करने वालों में बालीराम, पुष्कर सिंह रैकवाल, अमन थापा, दीवान राम, हेमा, मंजू, गीता, भावना, राजेश कुमार, पंकज कुमार, दिनेश चंद्र, कमल सुयाल आदि रहे।

बांग्लादेश की देह व्यापार सरगना तान्या पर लगा गैंगेस्टर

हल्द्वानी : पहले जमीन फ्रॉड, फिर चिट फंड फ्रॉड और अब देह व्यापार का धंधा करने वाली पश्चिम बंगाल की सरगना तान्या पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। पुलिस ने तान्या और उसके गैंग पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की है। तान्या पश्चिम बंगाल से लड़कियों को नौकरी के नाम पर उत्तराखंड लाती थी और उनसे देह व्यापार कराती थी। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि तीन सप्ताह पहले हीरानगर चौकी क्षेत्र के कलावती कॉलोनी स्थित एक मकान में देह व्यापार का धंधा चलाते हुए पकड़ा था। मौके से पुलिस ने पश्चिम बंगाल के सोनाखाली स्थित 24 परगना निवासी तान्या शेख उर्फ प्रियंका मंडल उर्फ अनारुल शेख उसकी साथी शरीफा बेगम, सकलेन शेख और फैजल खान को गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक तान्या शेख गैंग की सरगना है। पश्चिम बंगाल से लड़कियां लाने के बाद तान्या और शरीफा के साथ रखी जाती हैं। सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी की ओर से आरोपियों का गैंग चार्ट बनाकर डीएम और एसएसपी की संस्तुति के लिए भेजा गया था। शनिवार को इसकी अनुमति मिलने के बाद देर रात चारों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है।

खो-खो के लिए पुरुष व महिला टीम का चयन

कालाढूंगी : दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए उत्तराखंड से पुरुष व महिला वर्ग की टीम का चयन हो गया है। उत्तरांचल खो-खो संगठन के महासचिव रजत शर्मा ने बताया कि पुरुष वर्ग के लिए प्रदीप कुमार, पवन कुमार, मुकेश रौतेला, आशीष, रोहित निवासी बागेश्वर, प्रवीण कुमार निवासी अल्मोड़ा, अभय मेहता, सौरभ सनवाल निवासी नैनीताल, विकास नेगी, आयुष बिजलवान निवासी टिहरी, मोहित निवासी पौड़ी व अभिषेक, रोहित मल्हा, सूरज मंडल, लक्ष्मण ठाकुर निवासी देहरादून का चयन हुआ है। वहीं महिला वर्ग में अंजू आर्या, मानसी नायर, भारती गिरी, निशा मेहता, अनुष्का बिष्ट निवासी नैनीताल, पिंकी कंवल, कृष्णा, सुहानी आर्य, निर्मला परिहार निवासी बागेश्वर, खुशी सैनी, अंजलि, हिमानी निवासी देहरादून, स्वाति पांडे निवासी टिहरी, अंजलि निवासी उत्तरकाशी, भारती निवासी पिथौरागढ़ का चयन हुआ है।

कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी 27 मार्च को करेंगे नामांकन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कई बड़े नामों पर चर्चा के बाद कांग्रेस ने कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र से दो बार भाग्य आजमा चुके प्रकाश जोशी पर दांव खेल दिया है। प्रकाश अब कांग्रेस के नैनीताल-ऊधमसिंहनगर सीट से लोकसभा प्रत्याशी हैं और चुनाव में जीत का आगाज वो गोलज्यू देवता के दर पर अर्जी लगाकर करेंगे।

प्रकाश 27 मार्च को उसी दिन नामांकन दाखिल कर भाजपा को चुनौती देंगे, जिस अजय भट्ट अपना नामांकन दाखिल करेंगे। प्रकाश जोशी के नाम पर मुहर लगते ही उनके समर्थक ने जगह-जगह उनका स्वागत किया। उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया और बधाई देने वालों का प्रकाश के घर पर तांता लग गया। टिकट मिलने के बाद प्रकाश ने बताया कि सोमवार को विधिवत चुनावी रण में उतर जाएंगे, लेकिन इससे पहले वह सोमवार को करीब एक बजे घोड़ाखाल गोल्ज्यू महराज के दर्शन करेंगे। जिसके बाद दोपहर दो बजे वह बाबा नीब करौली के दर पर शीश नवाएंगे। इससे पहले वह कार्यकर्ताओं के साथ भीमताल और फिर नैनीताल में बैठक कर चुनावी रणनीति तय करेंगे। प्रकाश ने बताया कि वह 27 मार्च को नामांकन दाखिल करेंगे। बता दें कि इसी दिन भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट भी नामांकन दाखिल कर रहे हैं।

इंदिरा हृदयेश को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

इंदिरा हृदयेश की जयंती पर बीडी पांडे अस्पताल में किया फल वितरण। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: कांग्रेस ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्व. इंदिरा हृदयेश की 83वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। रविवार को राजपुरा में हुए एक कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने स्व.इंदिरा हृदयेश के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि इंदिरा दीदी सिर्फ हल्द्वानी नहीं बल्कि समूचे राज्य का विकास किया। वह हल्द्वानी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाना चाहती थी। आईएसबीटी, अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम, अंतर्राष्ट्रीय चिड़ियाघर ऐसे प्रोजेक्ट हैं। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ताओं पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। इस दौरान जिला मंत्री मलय बिष्ट, गोविंद बिष्ट, विक्रम रंधावा, हेमंत साहू, अनिल कन्नौजिया, विपिन गुप्ता, प्रीति आर्या, विनोद कुमार, धर्मवीर एडवोकेट, सूरज प्रकाश, त्रिलोक बनोली, अमित रावत, सौरभ कुमार, सुमित कुमार, सचिन वर्मा ,नरेंद्र कुमार, मनोज जोशी, शानू वारसी, कुशल राजपूत मौजूद रहे।

पाराचिनार बिरादरी होली पर लगाएगी मेला

हल्द्वानी, अमृत विचार : पाराचिनार बिरादरी की आरे से होली महोत्सव मनाया जाएगा। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने की घोषणा की है कि होली महोत्सव सामूहिक मेले के रूप में सोमवार को मनाएंगे।

पाराचिनार बिरादरी हल्द्वानी के प्रधान परविंदर सिंह नागपाल डिंकी व महामंत्री बनप्रीत सिंह नागपाल बप्पी ने कहा कि मेलकानी खेल क्रिकेट मैदान चकलुआ में आयोजन होगा जिसमें बच्चों, महिलाएं और युवाओं के लिए खेलों का आयोजन होगा। इस दौरान सुरजीत सिंह, परमजीत सिंह, दलजीत सिंह दल्ली, रणजीत सिंह नागपाल, कुलवंत सिंह नागपाल, रवींद्र सिंह कुकरेजा, अवतार सिंह आदि रहे।

उत्तर प्रदेश

गैर समुदाय के युवक व महिलाओं पर रंग डालने का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, धामपुर (बिजनौर)

कार्रवाई

- खारी कुआं स्थित बाजार चौक के पास की घटना
- वीडियो वायरल होने पर एसपी के आदेश पर हुई कार्रवाई

अमृत विचार : थाना क्षेत्र में खारी कुआं के पास होली खेल रहे हुरियारों ने बाइक सवार गैर समुदाय के युवक और दो महिलाओं पर रंग-पानी डाल दिया। उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने अभद्रता की और जय जय श्री राम के नारे लगाए। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद एसपी के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कई आरोपियों को पकड़ लिया। एक युवक का चालान किया गया है।

बताया गया कि गांव जमालपुर निवासी दिलशाद आलम शनिवार दोपहर तीन बजे अपनी मां और बहन को धामपुर में चिकित्सक से दवा दिलाने ले जा रहा था। जब वह खारी कुआं स्थित बाजार चौक के पास पहुंचा तो यहां सात-आठ लड़कों ने उसकी बाइक रोक ली। आरोपियों ने महिलाओं व युवक पर रंग डाल दिया। विरोध करने पर महिलाओं व उसके साथ अभद्रता की। इस बीच एक युवक ने दिलशाद के चेहरे पर फिर रंग लगा दिया। बाइक पर पीछे बैठी महिलाओं ने कहा कि हम बीमार हैं, दवाई लेने जा रहे हैं, हमारे ऊपर रंग मत डाओ, लेकिन युवकों ने उनकी एक नहीं सुनी। मना करने के बावजूद भी उन्हें रंग लगाया। इस दौरान एक आरोपी ने उन्हें जाने को कहा, लेकिन उसके कुछ साथियों ने गाली-गलौज की। होली हे-होली-हे और जय श्री राम के नारे लगाए। आरोप है कि आरोपियों ने महिलाओं से छेड़खानी भी की।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने सीओ धामपुर को जांच करने का आदेश दिया। इसके बाद पुलिस ने कई आरोपियों को पकड़ लिया। हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की। बाद में पुलिस ने धामपुर नगर के मोहल्ला बंदूकचियान आरोपी अनिरुद्ध उर्फ अन्नू को गिरफ्तार कर लिया।

दुर्घटना में जसपुर के व्यक्ति की मौत

धामपुर (बिजनौर), अमृत विचार : दुर्गा विहार कॉलोनी के पास हाईवे पर शनिवार देर रात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

उत्तराखंड के जसपुर थाना क्षेत्र के गांव धारीपुर निवासी निहाल सिंह (48) पुत्र छुट्टन सिंह दुर्गा विहार कॉलोनी में अपने दोस्त के यहां आया था। देर रात जब वह दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित बाईपास से रेलवे फाटक की ओर पहुंचा तो ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे निहाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दरोगा श्याम पाल ने बताया कि मृतक व्यक्ति के परिजनों को जानकारी दी गई है।

बहराइच के युवक की वाहन की टक्कर से मौत

संवाददाता, डिडौली (अमरोहा)

हादसा

- कस्बा जोया में दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय हाइवे पर हुआ हादसा

अमृत विचार : होली पर घर जा रहे बाइक सवार युवक को जोया में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। जिला बहराइच का रहने वाला युवक मंडी धनौरा क्षेत्र में काम करता था।

बताया गया कि जिला बहराइच में मोतीपुर थाना क्षेत्र के गांव राजापुर निवासी रामखेलावन पुत्र राम सुमिरन मंडी धनौरा में काम करता था। शनिवार रात करीब नौ बजे जैसे ही उसकी बाइक डिडौली कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जोया में दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय हाइवे पर पहुंची तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। आरोपी वाहन चालक युवक को रौंदते हुए भाग गया। युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौक पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बाद में युवक के परिजनों को घटना की जानकारी दी गी। रविवार सुबह पहुंचे परिजनों ने पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर मामला दर्ज कराया।

प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि सड़क हादसे में युवक की मौत हुई है। परिजनों की तहरीर प्राप्त हुई। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

कानपुर- बुंदेलखंड की 11 सीटों पर सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूला

जातीय समीकरण को ध्यान में रखकर पार्टी प्रत्याशी तय करने में जुटी

पार्टी ने कानपुर, कन्नौज,उन्नाव , इटावा, जालौन और अकबरपुर में उतारे उम्मीदवार

बसपा के हाथी को सोशल इंजीनियरिंग के नए महावतों की तलाश

दिग्विजय सिंह, कानपुर

अमृत विचार : कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में ढाई दशक पहले दो तिहाई लोकसभा सीटों पर बसपा का डंका बजता था। टिकट के लिए दावेदार लाइन में लगे रहते थे। लेकिन भाजपा के मज़बूत उभार और सपा के पैर जमाने से हाथी की चाल धीमी पड़कर अब उस दलदल में फंस चुकी है, जहां से बाहर निकलने के लिए पार्टी एक बार फिर उन जातीय महावतों की तरफ देख रही है, जो उसकी सोशल इंजीनियरिंग को नए सिरे से परवान चढ़ा सकें।

बसपा ने अब तक जो प्रत्याशी घोषित किए हैं, उसके पीछे यही रणनीति नजर आ रही है। इंडिया गठबंधन और भाजपा ने बुंदेलखंड और कानपुर की 11 सीटों को जीतने के लिए एक- एक कर अपने तुरुप के पत्ते चलने शुरू कर दिए हैं। फतेहपुर, कन्नौज सीट छोड़ दें तो सपा ने अन्य सीटों पर चेहरे घोषित कर दिए हैं। भाजपा को अभी कानपुर सीट पर चेहरा घोषित करना है, कांग्रेस ने कर दिया है। इसके मुकाबले बसपा के हाथी की चाल धीमी पर सधी हुई है। पार्टी सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर काम कर रही है और बहुत सधे हुए तरीके से उम्मीदवार तय कर रही है। अभी इटावा, जालौन, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर व उन्नाव सीट पर ही पार्टी ने उम्मीदवार उतारे हैं।

फर्रुखाबाद, कन्नौज और कानपुर सीट पर बसपा कभी नहीं जीती। 2019 में तो सपा से गठजोड़ के बाद भी इस क्षेत्र में जहां उसके उम्मीदवार लड़े वे हारे। क्षेत्र की सभी 11 सीटें भाजपा के कब्जे में हैं। उन्नाव, कानपुर, इटावा, अकबरपुर, हमीरपुर- महोबा, बांदा- चित्रकूट, झांसी, जालौन- गरौठा, फतेहपुर, फर्रुखाबाद सीट पर लगातार दो चुनावों से भाजपा का कब्जा है। पार्टी ने 2019 की मोदी लहर में कन्नौज सीट भी सपा से छीन ली थी। इन सीटों पर भाजपा को धूल चटाने के लिए न सिर्फ इंडिया गठबंधन अपनी चालें चल रहा है तो बसपा मुखिया मायावती भी नाप- तौल कर चेहरे घोषित करने में जुटी हुई हैं। यही वजह है कि टिकट वितरण में पार्टी बहुत जल्दबाजी के मूड में नजर नहीं आ रही है।

उन्नाव व अकबरपुर में ब्राह्मण चेहरे पर दांव

पार्टी बांदा- चित्रकूट सीट पर किसी ब्राह्मण चेहरे को मैदान में उतारकर सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले को और धार देना चाहती है। अकबरपुर सीट पर उसने भाजपा के देवेंद्र सिंह भोले और सपा के राजाराम पाल के मुकाबले राजेश द्विवेदी को मैदान में उतार कर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने का पूरा प्रयास किया है। बांदा सीट पर सपा के टिकट में बदलाव के कयास कारण पत्ते बसपा नहीं खोल रही है। चर्चा है कि भाजपा के पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र सपा से टिकट ला सकते हैं। भैरों के कदम का इंतजार बसपा को है। सपा में टिकट नहीं बदला तो पार्टी यहां ब्राह्मण चेहरे पर ही दांव लगाएगी। पार्टी ने उन्नाव सीट पर भी वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडेय को उतारा है और उसे उम्मीद है कि 2004 की तरह ही उसका ब्राह्मण वाला दांव कामयाब होगा। फतेहपुर सीट पर भी पूर्व विधायक आदित्य पांडेय बसपा से आ सकते हैं। वैसे यहां असलम शेर खां भी दावेदार हैं। कन्नौज सीट पर बसपा ने मुस्लिम चेहरा अकील अहमद को उतारा है तो कानपुर सीट पर ठाकुर जाति पर दांव लगाया है। हमीरपुर- महोबा सीट से किसी पिछड़ी जाति के नेता को समर में उतारा जा सकता है।

बसपा के लिए बंजर जमीन जैसा क्षेत्र

कानपुर- बुंदेलखंड क्षेत्र बसपा के लिए बंजर जमीन जैसा है। 1999 और 2009 में हमीरपुर- महोबा सीट जीतने वाली बसपा पिछले चुनाव में दूसरे नंबर पर थी, लेकिन इस बार पार्टी के खेमे में टिकट को लेकर बहुत ज्यादा उत्साह नहीं दिख रहा है। यही स्थिति बांदा- चित्रकूट और जालौन- गरौठा सीट की भी है। 1999 के बाद से पार्टी यहां जीत के लिए तरस रही है। कन्नौज, फर्रुखाबाद, कानपुर सीट पर तो उसका कभी खाता ही नहीं खुला। उन्नाव में 2009 के बाद पार्टी जीत के करीब भी कभी नहीं पहुंची। फतेहपुर में भी 2004 के बाद पार्टी को जीत की दरकार है। 1991 में इटावा सीट से बसपा प्रमुख कांशीराम जीते थे तब से यहां पार्टी का कोई उम्मीदवार नहीं जीता। पार्टी यहां भी चेहरा तय कर दिया है।

ऐसा था पहला आम चुनाव

चुनाव डेस्क, बरेली : देश का पहला आम चुनाव 25 अक्टूबर, 1951 से लेकर 21 फरवरी 1952 तक चला था। भारत का पहला लोकसभा चुनाव शुरू होकर खत्म होने में साल तक बदल चुका था। ये भारत का सबसे लंबा चुनाव था। पहले चुनाव में वोटिंग 4 महीने से अधिक समय तक चली थी। इस चुनाव में दुनिया की आबादी का करीब 17 फ़ीसदी हिस्सा मतदान करने वाला था। उस दौरान अलग-अलग तारीखों को मिलाकर कुल 17 दिन मतदान हुआ था। तब चुनाव आयोग ने पूरे देश में 1,96,084 मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। भारत के पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुकुमार सेन थे।

चुनाव कमाल का...

- 1948 से ही देश के नेताओं ने चुनावों की प्रक्रिया जुलाई शुरू कर दी थी। तब तक चुनाव कराने के लिए कोई कानून नहीं थे। डॉ भीमराव रामजी अम्बेडकर के नेतृत्व में, ड्राफ़्टिंग कमिटी (मसौदा समिति) ने कड़ी मेहनत कर संविधान का मसौदा तैयार किया था, जो 26 नवंबर, 1949 को पारित हुआ।
- 26 जनवरी, 1950 से संविधान लागू होने के बाद भारत को उस दिन चुनाव कराने के लिए नियम और उप-नियम मिले और देश आखिरकार भारत गणराज्य बना।
- 1950 में ही चुनाव आयोग का गठन किया गया और चुनाव कराने की ज़िम्मेदारी भारतीय नौकरशाह सुकुमार सेन को दी गई। वे भारत के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त बने।
- 1951 में जवाहर लाल नेहरू चाहते थे कि चुनाव बसंत में हों। हालांकि, मुक्त, निष्पक्ष, और पारदर्शी तरीके से, इतने बड़े पैमाने पर चुनाव कराना कोई आसान काम नहीं था।
- 36 करोड़ थी भारत की आबादी, जो उस समय एक बड़ी चुनौती थी। संविधान के लागू होने पर, भारत ने वोट डालने के लिए उसी उम्र को योग्य माना जो तब दुनिया भर में अपनाई जा चुकी थी। इससे 21 साल से ज़्यादा उम्र वाले 17 .3 करोड़ लोग वोट डालने के लिए योग्य हो गए।
- 1951 में जनगणना के आंकड़ों के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र तय किए गए फिर देश की ज़्यादातर अशिक्षित आबादी के लिए, पार्टी के चुनाव चिह्न डिज़ाइन करने, मतपत्र, और मतदान पेटी बनाने से जुड़ी समस्याएं थीं। मतदान केंद्र बनाए जाने थे। साथ ही, यह पक्का करना था कि केंद्रों के बीच सही दूरी हो। मतदान अधिकारियों को नियुक्त कर प्रशिक्षण देना भी जरूरी था।

चुनावी तीर

भाजपा ऑपरेशन कमल के तहत सत्तारूढ़ कांग्रेस के प्रत्येक विधायक को इस्तीफा देने के लिए 50 करोड़ रुपये की पेशकश कर रही है। आयकर विभाग छापेमारी करता है, क्या अवैध तरीकों से धन इकट्ठा करने वाले अमीर लोग केवल विपक्षी दलों में हैं? क्या भाजपा में कोई ऐसा नहीं है? वे भ्रष्टाचार के पितामह हैं।

- सिद्धरमैया, मुख्यमंत्री कर्नाटक

कांग्रेस ने सदैव ही दमनकारी नीति को अपनाया है जिससे हर वर्ग के लोगों को कड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। प्रदेश की पूर्व कांग्रेस सरकार की असफलताएं बताने पर पत्रकारों को परेशान किया जाता था। आपातकाल के दौर में कांग्रेस ने मीडिया पर सेंसरशिप लागू कर आवाज को दबाया। अब जबकि मीडिया इन्हें इनका असली चेहरा दिखा रहा है।

- दिया कुमारी, उपमुख्यमंत्री राजस्थान

पच्चीस वर्षों में 71 प्रतिशत ज्यादा मतदाता

जयपुर, राजस्थान में 19 एवं 26 अप्रैल को दो चरणों में होने वाले लोकसभा आम चुनाव-2024 में करीब पांच करोड़ 34 लाख मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे और पिछले 25 वर्षों में इनमें 71 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। निर्वाचन विभाग के अनुसार राज्य में अब तक लगभग पांच करोड़ 34 लाख मतदाता हैं जिनमें दो करोड़ 76 लाख 62 हजार 10 पुरुष एवं दो करोड़ 55 लाख 43 हजार 935 महिला मतदाता हैं जबकि 619 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। प्रदेश में पांच करोड़ 32 लाख छह हजार 564 मतदाताओं के अलावा करीब एक लाख 41 हजार सर्विस मतदाता हैं। प्रदेश में वर्ष 1999 में हुए 13वीं लोकसभा चुनाव के समय 3 .11 करोड़ मतदाता थे जो पिछले 25 वर्ष में बढ़कर 5..34 करोड़ हो गए और इनमें इस दौरान 71..70 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई हैं। वर्ष 2004 में 14वीं लोकसभा के चुनाव में 3 .47 करोड़ मतदाता थे जो इसके पिछले चुनाव के मतदाताओं से 11 .57 प्रतिशत अधिक थे।

बसपा का नया प्रयोग, उम्मीदवारों से पहले प्रचारकों की सूची

नई दिल्ली, ब्यूरो। अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा, कांग्रेस सहित सभी दल अपने उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने में दिन रात लगे हुए हैं। मगर बहुजन समाज पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की सूची से पहले प्रचारकों की सूची जारी कर एक नया प्रयोग किया है। बसपा के कोषाध्यक्ष श्रीधर ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पार्टी के 40 स्टार प्रचारकों की सूची शनिवार को सौंप दी है। सूची में उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के अलावा किसी भी महिला स्टार प्रचारक का नाम नहीं है।

सूची में उनके भाई एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी आनंद, रामजी गौतम, घासीराम पटेल, डा. राम लखन सिंह कुशवाह, अवधेश प्रताप सिंह राठौड़, विकास पटेल व रत्नाकर चतुर्वेदी के नाम है। पार्टी का सबसे ज्यादा फोकस उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में है।

कैंसिल वोट ने कई बार बदला जीत- हार का गणित

भीष्म सिंह देवल,संभल

अमृत विचार: ईवीएम से मतदान शुरु हुआ तो कैंसिल वोट का झंझट खत्म हो गया। बैलेट पेपर से मतदान के युग में कई बार कैंसिल वोट का आंकड़ा जीत हार का गणित ही बदल देता था। मुरादाबाद मंडल की सीटों पर कई बार ऐसा हुआ कि कैंसिल वोटों की संख्या जीत हार के अंतर से काफी ज्यादा थी। संभल लोकसभा सीट पर 1991 के चुनाव में हार जीत का अंतर 1705 था जबकि कैंसिल वोट की तादात 25 हजार से भी ज्यादा थी। इसी तरह 1996 के चुनाव में मुरादाबाद लोकसभा सीट पर जीत हार का अंतर 1885 था और निरस्त मतों की संख्या 7510 थी।

आजादी के बाद लेकर 1999 तक हुए हुए लोकसभा चुनावों में बैलेट पेपर से मतदान होता था। मतदाता को मतदान केंद्र में रखी स्याही वाली मुहर से अपनी पसंद के उम्मीदवार के सामने वाले खाने में ठप्पा लगाना होता था । ठप्पा लगाने के बाद मतदाता बैलेट पेपर को मौड़कर बैलेट बाक्स में डाल देता था। इस तरह मतदान में कम पढ़ा लिखा मतदाता ऐसी गलती कर बैठता था जिस कारण मतगणना में उसके वोट को कैंसिल करार दे दिया जाता था। इस हालात में उम्मीदवार चुनाव प्रचार के दौरान अपना चुनाव चिन्ह बताने के साथ ही मतपत्र का नमूना दिखाकर मतदाता को यह भी समझाते थे कि उन्हें किस तरह मुहर लगानी है जिससे कि उनका वोट कैंसिल न हो। मतदान केंद्र के बाहर कतार में लगे मतदाताओं को भी उम्मीदवारों के समर्थक समझाते रहते थे कि किस तरह मतदान करें जिससे कि उनका वोट कैंसिल होने से बचा रहे। बाहर ही नहीं मतदान केंद्र के अंदर एजेंट यह प्रयास करते थे कि वह अपने वोटर के बैलेट पेपर पर अपने हाथ से मुहर लगा दें ताकि वोट कारगर रहे। इस प्रयास में अक्सर मतदान केंद्र के अंदर झगड़े भी होते थे। वहीं तमाम प्रयासों के बावजूद कैंसिल वोटों का आंकड़ा हजारों तक पहुंचता था। कई बार इन्हीं कैंसिल वोट की वजह से जीतने वाला हार जाता था और हारने वाले को जीत मिल जाती थी।

बदला दौर

बैलेट पेपर से चुनाव के दौर में मतदाताओं की गलतियां देती रही प्रत्याशियों का झटका

ईवीएम से मतदान में निरस्त वोटों का झंझट खत्म

कब कितने मत हुए कैंसिल

मुरादाबाद सीट

लोकसभा चुनाव का वर्ष	कैंसिल मतों की संख्या
1977	5530
1980	6315
1984	8259
1989	19010
1991	16026
1996	7510
1998	6111
1999	6616

संभल सीट

लोकसभा चुनाव का वर्ष	कैंसिल मतों की संख्या
1977	5873
1980	6489
1984	8519
1989	18046
1991	25096
1996	5790
1998	9157
1999	7830

रामपुर सीट

लोकसभा चुनाव का वर्ष	कैंसिल मतों की संख्या
1977	9114
1980	9098
1984	11501
1989	28309
1991	22718
1996	12708
1998	9521
1999	10732

अमरोहा लोकसभा सीट

लोकसभा चुनाव का वर्ष	कैंसिल मतों की संख्या
1977	6620
1980	7716
1984	9637
1989	17849
1991	14538
1996	7423
1998	6597
1999	8061

स्रोतः: भारत निर्वाचन आयोग की वेवसाइट



आजादी के बाद लेकर 1999 तक हुए हुए लोकसभा चुनावों में बैलेट पेपर से मतदान होता था। मतदाता को मतदान केंद्र में रखी स्याही वाली मुहर से अपनी पसंद के उम्मीदवार के सामने वाले खाने में ठप्पा लगाना होता था । ठप्पा लगाने के बाद मतदाता बैलेट पेपर को मौड़कर बैलेट बाक्स में डाल देता था। इस तरह मतदान में कम पढ़ा लिखा मतदाता ऐसी गलती कर बैठता था जिस कारण मतगणना में उसके वोट को कैंसिल करार दे दिया जाता था।

संभलः हार जीत में 1705 वोट का अंतर कैंसिल हुए 25 हजार वोट

संभल। कैंसिल वोट से हार जीत का गणित बदलने का सबसे बड़ा मामला संभल लोकसभा सीट पर 1991 के लोकसभा चुनाव में सामने आया। इस सीट पर जनता दल उम्मीदवार के रूप में श्रीपाल सिंह यादव चुनाव मैदान में थे, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने मास्टर हरपाल सिंह को मैदान में उतारा था। दोनों के बीच दिलचस्प चुनावी मुकाबला हुआ और मतणगना से पहले दोनों उम्मीदवारों के समर्थक अपनी जीत पक्की मान रहे थे। मतगणना के दौरान बड़ी तादाद में कैंसिल वोट निकलने शुरु हुए तो दोनों उम्मीदवारों के पसीने छूटने लगे। कैंसिल वोट में भाजपा उम्मीदवार के वोटों की संख्या ज्यादा थी ऐसे में वह ज्यादा बैचैन थे। नतीजे घोषित हुए तो भाजपा उम्मीदवार हरपाल सिंह सिर पकड़कर बैठ गये। श्रीपाल सिंह यादव 1705 वोट अंतर से चुनाव जीत गये थे। मतगणना में 25 हजार 96 वोट निरस्त घोषित किये गये थे। श्रीपाल सिंह यादव को 1,20, 134 वोट मिले थे जबकि हरपाल सिंह को 1,18,429 वोट मिले थे। संभल लोकसभा सीट के इतिहास में कैंसिल वोट का यह सबसे बड़ा आंकड़ा था। न तो इससे पहले कभी इतने वोट कैंसिल हुए और न ही इसके बाद। 1989 के लोकसभा चुनाव में 18 हजार 429 वोट कैंसिल हुए थे। इसके अलावा बाकी चुनावों में कैंसिल वोट का आंकड़ा कभी दस हजार के पार नहीं गया।

रामपुर में 1989 व 1998 के चुनाव में दिया कैंसिल वोट ने झटका

रामपुर लोकसभा सीट पर भी कैंसिल वोट के आंकड़े ने उम्मीदवारों को एक नहीं दो बार झटका दिया। जितने वोट से जीत हार हुई उससे ज्यादा तादाद यहां भी कैंसिल वोट की रही। 1989 के लोकसभा चुनाव में रामपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर नवाब जुल्फिकार अली खां चुनाव मैदान में उतरे थे जबकि भारतीय जनता पार्टी ने उनसे मुकाबले के लिए राजेंद्र कुमार शर्मा को टिकट दिया था। दोनों के बीच दिलचस्प चुनावी मुकाबला हुआ था। नवाब जुल्फिकार अली खां को 1 लाख 59 हजार 144 वोट मिले थे जबकि राजेंद्र कुमार शर्मा को 1 लाख 48 हजार 352 वोट मिले थे। इस तरह 10 हजार 792 वोट के अंतर से कांग्रेस के नवाब जुल्फिकार अली खां को विजयी घोषित कर दिया गया था। इस चुनाव में कैंसिल हुए वोटों की संख्या 28 हजार 309 थी। इसके बाद 1998 के लोकसभा चुनाव में भी रामपुर की सीट पर कैंसिल वोट ने उम्मीदवारों को टेंशन दी। इस बार भाजपा से मुख्तार अब्बास नकवी चुनाव मैदान में उतरे थे जबकि कांग्रेस ने बेगम नूरबानो को टिकट देकर मुकाबले पर उतारा था। मुख्तार अब्बास नकवी को 2 लाख 65 हजार 116 वोट मिले जबकि बेगम नूरबानो को 2 लाख 60 हजार 150 वोट मिले। इस तरह 4 हजार 966 वोट के अंतर से भाजपा के मुख्तार अब्बास नकवी को विजयी घोषित कर दिया गया। इस चुनाव में 9 हजार 521 वोट कैंसिल घोषित किये गये थे।

मुरादाबादः दो बार बदला कैंसिल वोट से जीत हार का गणित

मुरादाबाद लोकसभा सीट पर एक नहीं दो बार कैंसिल वोट का आंकड़ा जीत हार के अंतर से कहीं ज्यादा था। ऐसे में इस सीट पर कैंसिल वोट की वजह से दो बार जीत हार का गणित बदला। बात 1991 के लोकसभा चुनाव की है। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर जनता दल उम्मीदवार हाजी गुलाम मौहम्मद व भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार बीपी सिंघल के बीच दिलचस्प चुनावी मुकाबला हुआ था। मतगणना हुई तो कम अंतर से दोनों के बीच जीत हार का परिणाम आया। हाजी गुलाम मौहम्मद 13 हजार 978 वोट से चुनाव जीते जबकि 16 हजार 26 वोट कैंसिल माने गये थे। इसके बाद 1996 में हुए लोकसभा चुनाव में भी कैंसिल वोट की संख्या जीत हार के अंतर से कहीं ज्यादा रही। 1996 में समाजवादी पार्टी उम्मीदवार डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क और भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार संदीप अग्रवाल मुख्य चुनावी मुकाबले में थे। सपा उम्मीदवार डॉ. बर्क को 1 हजार 885 वोट के अंतर से विजयी घोषित किया गया था। इस चुनाव में 7 हजार 510 वोट कैंसिल माने गये थे जबकि 700 बैलेट पेपर मिसिंग माने गये थे। सपा के डा. बर्क को 2 लाख 42 हजार 30 वोट मिले थे जबकि भाजपा के संदीप अग्रवाल को 2 लाख 40 हजार 145 वोट मिले थे।

2009 में अस्तित्व में आई बिजनौर जिले की नगीना (सुरक्षित) सीट

नगीना लोकसभा सीट : तीन बार चुनाव, तीनों बार अलग पार्टी को मिली जीत

संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : जिले की नगीना (सुरक्षित) सीट का उदय डेढ़ दशक पहले 2009 में हुआ था। यहां तीन बार हुए संसदीय चुनाव में हर बार अलग अलग दल के नेता को जनता ने चुनकर लोकसभा में भेजा। सपा, भाजपा और बसपा को यहां से जीत मिल चुकी है। अब चौथी बार चुनाव हो रहा है।

2008 में परिसीमन के बाद 2009 में अस्तित्व में आई नगीना सुरक्षित लोकसभा सीट से तीन सांसद चुने गए हैं। मतदाताओं ने तीनों बार अलग-अलग दलों के सांसद चुने हैं। चौथी बार करीब 16 लाख मतदाता अपना रहनुमा चुनेंगे। पूर्व में यह सीट बिजनौर लोकसभा के अन्तर्गत आती थी।वर्ष 2008 में परिसीमन के बाद नगीना लोकसभा (सुरक्षित) सीट के रूप में अस्तित्व में आई। 2009 में हुए लोकसभा के चुनाव में सपा के यशवीर सिंह पहली बार सांसद बने। 2014 में भाजपा के यशवंत सिंह व समाजवादी पार्टी के यशवीर सिंह के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें भाजपा के यशवंत सिंह 92,390 मतों के अंतर से जीत गए।

गिरीश चंद।

डा. यशवंत सिंह।

यशवीर सिंह।

पांच विधानसभा क्षेत्र हैं इस लोकसभा में

नगीना लोकसभा के अंतर्गत पांच विधानसभा आती है। जिनमें नहटौर व धामपुर से भाजपा के व नूरपुर, नगीना, नजीबाबाद से सपा के विधायक है। नगीना लोकसभा सुरक्षित सीट है।इस सीट के अंतर्गत नहटौर व नगीना विधानसभा भी सुरक्षित सीट है।इस लिहाज से एससी वर्ग इस सीट पर अहम भूमिका में रहता है। वर्ष 2019 में इस सीट पर कुल 1009456 (66%) मतदाताओं ने अपने वोट डाले थे।अब इस चुनाव में मतदाता अपना सांसद चुनेंगे।

यह हैं सीट के आंकड़े

नगीना लोकसभा के अंतर्गत 1776 मतदान केंद्र है। कुल 16 लाख मतदाता 19 अप्रैल को प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम का बटन दबाकर करेंगे।

वर्ष 2019 में बसपा-सपा गठबंधन के प्रत्याशी गिरीश चंद्र भाजपा के यशवंत सिंह को 1,66,832 मतों से हराकर लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

अब हो रहे चौथे लोकसभा चुनाव में भाजपा ने ओम कुमार व सपा ने पूर्व जज मनोज कुमार व बसपा ने सुरेंद्र पाल को अपना प्रत्याशी बनाया है। इस सीट से आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर भी चुनाव मैदान में है। करीब 16 लाख मतदाता इस सीट पर अपना सांसद चुनेंगे।

खीरी सीट पर 1996 में 26 उम्मीदवार थे, 40 फीसदी पड़े थे वोट

जब-जब उम्मीदवारों में दिखा जोश तो मतदाताओं ने दिखायी सुस्ती

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: खीरी संसदीय सीट पर जब-जब उम्मीदवारों की संख्या बढ़ी, तब-तब मतदाता उदासीन हो गए। ऐसा नहीं कि हर बार ऐसा हुआ हो, लेकिन अधिकांश चुनावों में यही रुझान दिखाई पड़ा। वर्ष 1996 में खीरी में सर्वाधिक 26 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे, तब यहां सिर्फ 40 फीसदी लोगों ने वोट डाले। हालांकि 1971 के लोकसभा चुनाव में न तो उम्मीदवारों ने जोश दिखाया और न मतदाताओं ने। उस चुनाव में केवल तीन उम्मीदवार थे और केवल 32 फीसदी ही मतदान हो सका था।

खीरी संसदीय सीट पर मतदाताओं का मूड ज्यादातर उम्मीदवारों के जोश से विपरीत रहा। उम्मीदवार बढ़े तो वोट प्रतिशत कम हो गया। उम्मीदवार कम हुए तो लोग वोट डालने निकल पड़े। 1996 के चुनाव में उम्मीदवारों की संख्या सर्वाधिक 26 थी, तब मतदान सिर्फ 40 फीसदी हो सका। 1980 के चुनाव में 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे और मतदान हुआ था सिर्फ 38.70 फीसदी। वर्ष 1998 में कुल 13 उम्मीदवार थे, मतदान 46.86 फीसदी रहा। 1991 में 16 प्रत्याशी चुनाव मैदान मैदान में थे, लेकिन 47.98 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले।

इसके उलट 1951 में मात्र छह उम्मीदवार थे और 59.94 फीसदी मतदान हुआ था। 1962 के चुनाव में महज पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। 43.12 फीसदी मतदान हुआ। 1967 के चुनाव में मात्र चार प्रत्याशी थे और मतदान 47.10 फीसदी हुआ । 1977 के चुनाव में तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, 48.05 प्रतिशत मतदान हुआ था।। हालांकि 1957 के चुनाव अपवाद हैं जब तीन प्रत्याशी थे और मतदान सिर्फ 38.11 फीसदी हुआ था।

- 1951 में मात्र छह उम्मीदवार थे और 59.94 फीसदी मतदान हुआ था

वर्ष 2014 में मतदान 60, 2019 में 64 फीसदी के पार

इसे बदलाव की बयार मानें या फिर मतदाता जागरूकता परिणाम का असर कि 2014 और 2019 में मतदान में अप्रत्याशित वृद्धि हुई। 2014 में खीरी संसदीय क्षेत्र में 64 .59 प्रतिशत और धौरहरा संसदीय क्षेत्र में 68 .05 फीसदी मतदान हुआ जो खीरी और धौरहरा संसदीय क्षेत्र के इतिहास में अधिकतम मतदान का रिकार्ड है। 2019 के चुनाव में खीरी सीट पर मतदान 64 .22 प्रतिशत हुआ।

272 का आंकड़ा पार करेंगे : जयराम

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने प्रधानमंत्री मोदी के भ्रष्टाचार के आरोप को खोखला बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश का कहना है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ''पलटी मारने'' और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के अकेले लड़ने के बावजूद विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' एकजुट है और यह (बहुमत का) 272 का आंकड़ा पार करेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विपक्ष के खिलाफ भ्रष्टाचार के विमर्श को ''खोखला'' करार देते हुए खारिज किया।

रमेश ने पत्रकारों के साथ बातचीत में यह भी कहा कि विपक्ष एकजुट होकर चुनाव में 272 का आंकड़ा पार करेगा और भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगा। उन्होंने चुनावी बॉण्ड, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले झामुमो नेता हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी सहित कई मुद्दों पर बात की। साथ ही उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा के क्रमशः अमेठी और रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलों पर भी अपने विचार साझा किए। बुनियादी ढांचा संबंधी ठेके मिलने के बाद एक भाजपा सांसद द्वारा चुनावी बॉण्ड खरीदे जाने का दावा करते हुए रमेश ने कहा- चुनावी बॉण्ड योजना के काम करने के तरीके को देखें। 4,000 करोड़ रुपये के बॉण्ड सीधे तौर पर चार लाख करोड़ रुपये के ठेकों से जुड़े हुए हैं। चुनावी बॉण्ड और ठेके देने के बीच एक स्पष्ट संबंध है।

उन्होंने कहा कि उनके पास इस बात के सबूत हैं कि भाजपा के पक्ष में कई कंपनियों द्वारा खरीदे गए 4,000 करोड़ रुपये के बॉण्ड सीधे तौर पर ठेके देने और उनके खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों द्वारा शुरू की गई कार्रवाई से जुड़े हैं।

विपक्षी गठबंधन की अंतरात्मा मर चुकी: अन्नामलाई

नई दिल्ली/चेन्नई। तमिलनाडु के मंत्री अनिता राधाकृष्णन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधा और कहा कि विपक्षी गठबंधन की ''अंतरात्मा मर चुकी है''। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता राधाकृष्णन ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कर निचले स्तर के व्यवहार का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस मामले को निर्वाचन आयोग और पुलिस महानिदेशक के समक्ष उठाएगी और राधाकृष्णन के खिलाफ ''कड़ी और तत्काल कार्रवाई'' की मांग करेगी। अन्नामलाई ने अपनी पोस्ट में कहा-द्रमुक के पास आलोचना करने के लिए कुछ नहीं है, तो उसके नेता इस स्तर तक गिरते जा रहे हैं।

द्रमुक सांसद गणेशमूर्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया

इरोड। तमिलनाडु के इरोड से लोकसभा सदस्य ए. गणेशमूर्ति को रविवार को यहां अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताई है। पुलिस ने बताया कि सुबह लगभग साढ़े नौ बजे गणेशमूर्ति को बेचैनी हुई और उनके परिवार के सदस्यों ने उन्हें यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

गणेशमूर्ति यहां से 2019 के लोकसभा चुनाव में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के टिकट पर चुने गए थे। पुलिस ने बताया कि जांच के बाद उन्हें गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया और वेंटिलेटर पर रखा गया है। जब उन खबरों के बारे में पूछा गया कि क्या सांसद ने आत्महत्या का प्रयास किया है, तो निजी अस्पताल के अधिकारियों ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

मनाया गया असम राइफल्स का स्थापना दिवस...

असम राइफल्स के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल प्रदीप चंद्रन नायर ने शिलांग में असम राइफल्स के स्थापना दिवस के अवसर पर लैटकोर में युद्ध स्मारक पर जवानों को श्रद्धांजलि देने के बाद एक समूह तस्वीर खिंचवाई। ● एजेंसी

एक नजर

लोक कलाकार की नृत्य प्रस्तुति के दौरान करंट लगने से मौत

जयपुर। राजस्थान के सीकर जिले के सदर थाना क्षेत्र में बीती रात एक लोक कलाकार रविन्द्रनाथ (24) की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नृत्य के समय लोक कलाकार के सिर पर रखा पाइप ऊपर से गुजर रहे 11 किलोवाट के बिजली के तार के संपर्क में आ गया जिससे करंट लगने से उसकी मौके पर मौत हो गई।

झारखंड में विवाद में दो लोगों की हत्या

मेदिनीनगर। झारखंड के पलामू जिले में रविवार को भूमि विवाद को लेकर दो लोगों की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना रांची से करीब 180 किलोमीटर दूर सेमरटांड इलाके में हुई। चैनपुर थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि दो दोस्त सुबह की सैर पर निकले थे और इसी दौरान कुछ लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और उन पर चाकुओं से वार किये। थाना प्रभारी ने बताया कि राजेश कुमार (24) नाम के एक व्यक्ति को कुछ स्थानीय लोगों द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं सुजीत कुमार (26) की भी हमलावरों ने नवाटोली इलाके में उनकी हत्या कर दी।

जद(यू) ने बिहार के लिए 16 उम्मीदवारों की सूची जारी की

पटना, एजेंसी

● सूची में दो मौजूदा सांसदों का टिकट कट गया

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता वाली जद (यू) (जनता दल-यूनाइटेड) ने गठबंधन के तहत अपने खाते में आईं राज्य की सभी 16 लोकसभा सीट के लिए रविवार को उम्मीदवारों की घोषणा की, जिसमें पार्टी के समर्थक कहे जाने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग को प्राथमिकता दी गई है।

जद(यू) कार्यालय में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह और संजय कुमार झा की उपस्थिति में सार्वजनिक की गई सूची के अनुसार, पार्टी के 12 मौजूदा सांसदों को इस बार भी टिकट दिया गया है। हालांकि सीतामढ़ी से मौजूदा सांसद सुनील कुमार पिंटू का टिकट काटकर विधान परिषद के अध्यक्ष देवेश चंद्र ठाकुर को उम्मीदवार बनाया गया है जबकि सीवान सीट पर वर्तमान सांसद कविता सिंह के स्थान पर विजय लक्ष्मी देवी को टिकट दिया गया है, जो एक दिन पहले अपने पति रमेश सिंह ठाकुर के साथ जद(यू) में शामिल हुई थीं। झा ने कहा-सभी उम्मीदवारों पर फैसला मुख्यमंत्री ने किया है, जो पार्टी अध्यक्ष भी हैं। हमने अपने अधिकांश मौजूदा सांसदों पर भरोसा जताया है, लेकिन कुछ जगहों पर बदलाव हुए हैं, इस सप्ताह की शुरुआत में घोषित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के फॉर्मूले के अनुसार, जद (यू) को राज्य की 40 में से 16 सीटें दी गई हैं, जबकि पिछले चुनाव में उसे 17 सीट दी गई थीं, जिनमें से 16 पर उसने जीत हासिल की थी। पार्टी मुस्लिम-बहुल किशनगंज निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेगी, जहां उसे 2019 में हार मिली थी। पार्टी ने इस बार भी मुजाहिद आलम को टिकट दिया है, जो पिछली बार कांग्रेस उम्मीदवार से 35,000 से कम वोटों के अंतर से हार गए थे।

इसके अलावा, पार्टी ने काराकाट की अपनी मौजूदा सीट पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाह के नेतृत्व वाले सहयोगी दल राष्ट्रीय लोक मोर्चा के लिए छोड़ दी है, हालांकि उसे शिवहर सीट मिली है, जो पहले भाजपा के पास थी। काराकाट से जदयू के महाबली सिंह सांसद हैं। शिवहर से जदयू की उम्मीदवार लवली आनंद होंगी, जो माफिया डॉन से नेता बने आनंद मोहन की पत्नी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक चेतन आनंद की मां हैं। संजय झा के अनुसार, उम्मीदवारों की सूची में "छह ओबीसी, पांच ईबीसी, एक महादलित, एक मुस्लिम और तीन उच्च जाति के लोग शामिल हैं।

फोन टैपिंग के मामले में दो अपर पुलिस अधीक्षक गिरफ्तार

हैदराबाद, एजेंसी

● तेलंगाना की पुलिस ने की है कार्रवाई

फोन टैपिंग और कुछ कंप्यूटर प्रणाली एवं आधिकारिक डेटा को नष्ट करने के आरोप में हैदराबाद पुलिस ने दो अपर पुलिस अधीक्षकों को गिरफ्तार किया है।

हैदराबाद पुलिस ने शनिवार देर रात में बताया कि जांच के दौरान, अपर पुलिस उपायुक्त तिरुपथन्ना और अपर पुलिस अधीक्षक एन भुजंग राव को गिरफ्तार किया गया। दोनों पुलिस अधिकारी पूर्व में क्रमशः विशेष खुफिया ब्यूरो (एसआईबी) और खुफिया विभाग में अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में काम कर चुके हैं। दोनों को अदालत ने रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसी से जुड़े एक अन्य घटनाक्रम में पुलिस ने पूर्व एसआईबी प्रमुख टी प्रभाकर राव और आयुक्त के कार्यबल (हैदराबाद पुलिस की एक शाखा) के तत्कालीन पुलिस उपायुक्त पी राधाकृष्ण और एक तेलुगु टीवी चैनल के एक वरिष्ठ कार्यकारी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया है।

दिल्ली पुलिस ने चार लोगों को पकड़ा तीन करोड़ रुपये नकद बरामद किए

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने दक्षिण पश्चिम दिल्ली में झरेरा फ्लाईओवर से चार लोगों को हिरासत में लिया और उनके पास से करीब तीन करोड़ रुपये की नकदी बरामद की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, ''हमें एक खुफिया सूचना मिली कि चार पुरुष दो मोटरसाइकिल पर बड़ी मात्रा में नकदी ले जा रहे हैं। सुब्रतो पार्क पुलिस चौकी के एक दल ने इलाके में अवरोधक लगाए और वाहनों की तलाशी लेनी शुरू कर दी।'' उन्होंने बताया कि पुलिस दल ने दो मोटरसाइकिल पर सवार चार लोगों को रोका जो दो बड़े काले झंडे लेकर जा रहे थे। दल ने दो बैग से करीब तीन करोड़ रुपये बरामद किए।

नाले में गिरने से एक मजदूर की मौत, चार लोग घायल

मुंबई। मुंबई के सेवरी इलाके में रविवार को मरम्मत के दौरान खुले नाले में गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई और उसके चार सहयोगी घायल हो गए। एक नागरिक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह सेवरी गाडी बंदर इलाके के पास हुई। मुंबई अग्निशमन दल के अधिकारी के अनुसार, उस समय बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के 'स्टॉर्म वॉटर' विभाग के निर्देशन में एक "बॉक्स ड्रेन" की मरम्मत की जा रही थी। उन्होंने बताया कि ठेकेदार 'एम/एस एक्यूट डिजाइन' द्वारा काम पर लगाए गए पांच मजदूर नाले में गिर गए। स्थानीय लोगों ने सभी को नाले से निकाला और उन्हें अस्पताल ले गए, जहां उनमें से एक महबूब इस्माइल (19) को मृत घोषित कर दिया गया।

बंगाल में टिकट वितरण को लेकर टीएमसी, भाजपा में असंतोष

कोलकाता, एजेंसी

लोकसभा चुनाव

● दोनों खेमों के नेताओं ने प्रत्याशियों के चयन पर उठाए सवाल



लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों में ही असंतोष है। दोनों खेमों के कई नेता चुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन को लेकर नाखुशी जता चुके हैं। चुनाव लड़ने के इच्छुक टीएमसी के कई नेताओं ने उन सीट से टिकट नहीं दिए जाने पर खुलकर नाखुशी व्यक्त की है, जिन पर उनकी नजर थी। भाजपा में भी उम्मीदवार चयन करने को लेकर कुछ प्रभावशाली नेताओं में इसी तरह का असंतोष देखा गया है।

राज्यसभा सदस्य मौसम बेनजीर नूर और टीएमसी प्रवक्ता शांतनु सेन सहित पार्टी के कम से कम पांच वरिष्ठ नेताओं ने टिकट नहीं देने पर असंतोष व्यक्त किया है। नूर और सेन क्रमशः मालदा उत्तर और दमदम सीट से टिकट मांग रहे थे। यहां तक कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के छोटे भाई बाबुन बनर्जी ने भी हावड़ा सीट से टिकट नहीं देने पर नाराजगी जताई थी, जहां टीएमसी ने मौजूदा सांसद प्रसून बनर्जी को फिर से अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अपने भाई के साथ रिश्ते तोड़ लिए हैं।

बैरकपुर से भाजपा के मौजूदा सांसद अर्जुन सिंह दो साल पहले टीएमसी में चले गए थे और टिकट नहीं मिलने के बाद भाजपा में लौट आए। इसी तरह, टीएमसी के चार बार के विधायक और कोलकाता उत्तर से टिकट के दावेदार तापस रॉय इसी सीट से पांच बार के पार्टी सांसद सुदीप बंदोपाध्याय को दोबारा मैदान में उतारने पर नाराज़गी के कारण भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने राज्य की 42 सीट में से अब तक 19 सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। उसे तब असहज स्थिति का सामना करना पड़ा जब केंद्रीय मंत्री और अलीपुरद्वार के सांसद जॉन बारला और राज्यसभा सदस्य अनंत महाराज ने उत्तर बंगाल की कुछ सीट पर उम्मीदवारों के चयन पर असंतोष जताया। बारला का अनुसूचित जनजाति और महाराज का राजबंशी समुदाय पर खासा प्रभाव माना जाता है। अलीपुरद्वार से भाजपा ने बारला की जगह विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक मनोज तिग्गा को टिकट दिया है जबकि भाजपा ने कूच बिहार में केंद्रीय मंत्री निसिथ प्रमाणिक को फिर से उतारा। ग्रेटर कूच बिहार राज्य आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले महाराज ने उनकी उम्मीदवारी का विरोध किया था। टीएमसी और भाजपा चुनाव प्रचार के बीच असंतोष पर ज्यादा ध्यान नहीं दे रहे हैं। टीएमसी के प्रवक्ता शुखेंदु शेखर रे ने कहा है कि आप जिसे असंतोष कह रहे हैं वह वास्तव में निराशा है, जो स्वाभाविक है।

कारोबार/कृषि

एक नजर

विदेशी मुद्रा भंडार 6.4 अरब डॉलर बढ़कर 642.5 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में जबरदस्त बढोतरी होने से 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6 .4 अरब डॉलर बढ़कर लगातार चौथे सप्ताह चढ़ता हुआ 642 .5 अरब डॉलर पर पहुंच गया! इसी तरह इसके पिछले सपताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 .5 अरब डॉलर बढ़कर लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 636 .1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6 .03 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 568 .4 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

भारती हेक्सकॉम का आईपीओ 3 अप्रैल को खुलेगा

नई दिल्ली। दूरसंचार परिचालक भारती एयरटेल की अनुषंगी कंपनी भारती हेक्साकॉम का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) तीन अप्रैल को खुलेगा। कंपनी के आईपीओ दस्तावेजों (आरएचपी) के अनुसार, तीन दिन की शुरुआती शेयर बिक्री पांच अप्रैल को बंद होगी। एंकर निवेशक दो अप्रैल को शेयरों के लिए बोलियां लगा सकेंगे। यह नए वित्त वर्ष 2024-25 का पहला आईपीओ होगा। आईपीओ पूरी तरह 7 .5 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप में होगा। यह मौजूदा शेयरधारक टेलीकम्युनिकेशंस कंसल्टेंट्स इंडिया लि. की 15 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। हालांकि, ओएफएस के आकार को पहले के 10 करोड़ शेयरों से घटाया गया है।

मारुति, हुंदै, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स आगामी वर्षों के लिए कर रहीं हैं तैयारी

कई बड़ी कंपनियां उतारेंगी नए इलेक्ट्रिक वाहन

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार द्वारा नई नीति के अनावरण के जरिए पर्यावरण अनुकूल परिवहन को प्रोत्साहन देने की वजह से आज भारतीय वाहन उद्योग तेजी से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मॉडल उतारने की तैयारी कर रहा है। वाहन क्षेत्र की मारुति सुजुकी, हुंदै, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स जैसी बड़ी कंपनियां विभिन्न खंडों की मांग को पूरा करने के लिए नए बिजलीचालित मॉडल लाने की तैयारी में हैं।

महिंद्रा एंड महिंद्रा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वाहन क्षेत्र नलिनीकांत गोलागुंटा ने कहा कि कंपनी आने वाले वर्षों में पांच नए बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन पेश करेगी। इसकी शुरुआत जनवरी, 2025 से होगी। उन्होंने कहा-ये इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) महिंद्रा के नवोन्मेषी आईएनजीएलओ मंच पर बनाए जाएंगे। हमारा लक्ष्य 2027 तक हमारे पोर्टफोलियो का 20 से 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों का होगा।

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने कहा कि हम बिजलीचालित वाहन क्षेत्र में 'गंभीर' निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा-हम वित्त वर्ष 2024-25 में 550 किमी रेंज के साथ ईवी के रूप में नए सिरे से डिज़ाइन हाई-स्पेक बिजलीचालित वाहन का उत्पादन शुरू करेंगे। अगले सात-आठ साल में हमारे छह इलेक्ट्रिक वाहन होंगे।

हुंदै मोटर इंडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) तरुण गर्ग ने कहा कि हम देश में पहले मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) में से है जिसने पूर्ण लंबी रेंज वाली एसयूवी 'कोना' 2019 में उतारी थी। पिछले साल कंपनी ने अपनी प्रीमियम इलेक्ट्रिक एसयूवी आईओएनआईक्यू 5 पेश की थी। गर्ग ने कहा कि कई उद्योग अनुमानों के अनुसार, ईवी का 2030 तक भारत के वाहन बाजार में हिस्सा लगभग 20 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा।

घरेलू बाजार में बड़े पैमाने पर चीनी कंपनियों का प्रवेश संभव

देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के विनिर्माण को बढ़ावा देने पर भारत सरकार के जोर से घरेलू बाजार में बड़े पैमाने पर चीनी वाहन कंपनियों का प्रवेश हो सकता है। शोध संस्थान जीटीआरआई की एक रिपोर्ट में रविवार को यह बात कही गई। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि चीन में पर्याप्त सरकारी समर्थन से वहां इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी में तेजी से विकास हुआ है, जिससे वह ईवी और संबंधित कलपुर्जों का अग्रणी निर्यातक बन गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को ई-वाहन विनिर्माण का केंद्र बनाने के लिए नए सिरे से नीतिगत प्रोत्साहन देने और निजी क्षेत्र के आगे आने से चीन के वाहन कलपुर्जा आयात पर निर्भरता तेजी से बढ़ेगी।

बैंक कर सकते 15,000 करोड़ से अधिक का लाभांश भुगतान

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) लाभप्रदता में सुधार के बीच चालू वित्त वर्ष में 15,000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभांश भुगतान कर सकते हैं। चालू वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में सभी 12 पीएसबी ने कुल 98,000 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया। यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के मुकाबले सिर्फ 7,000 करोड़ रुपये कम है।

पीएसबी ने वित्त वर्ष 2022-23 में 1.05 लाख करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक कुल शुद्ध लाभ दर्ज किया था। वित्त वर्ष 2021-22 में यह आंकड़ा 66,539.98 करोड़ रुपये था। बीते वित्त वर्ष में सरकार को 13,804 करोड़ रुपये का लाभांश मिला, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 8,718 करोड़ रुपये से 58 प्रतिशत अधिक था।

आईआईएफएल फाइनेंस, जेएमएफपीएल का विशेष ऑडिट करेगा आरबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

● रिजर्व बैंक ने ऑडिटर की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की



आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड और जेएम फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जेएमएफपीएल) को नियामकीय उल्लंघन के मामले में एक विशेष ऑडिट का सामना करना पड़ेगा।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ऑडिटर की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की है। रिजर्व बैंक ने इन दोनों गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के विशेष ऑडिट के लिए ऑडिटर की नियुक्ति के लिए दो अलग-अलग निविदाएं जारी की हैं। फॉरेंसिक ऑडिट के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा सूचीबद्ध ऑडिट फर्म निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकती हैं। निविदा दस्तावेज के अनुसार बोली जमा करने की अंतिम तिथि आठ अप्रैल है। बोली दस्तावेजों के अनुसार, चयनित कंपनियों को 12 अप्रैल, 2024 को काम सौंपा जाएगा। इस महीने की शुरुआत में केंद्रीय बैंक ने नियामकीय दिशानिर्देशों का अनुपालन नहीं करने पर इन दोनों इकाइयों पर अंकुश लगाया था। केंद्रीय बैंक ने आईआईएफएल फाइनेंस को उसके स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो में कुछ पर्यवेक्षी चिंताओं के बाद स्वर्ण ऋण स्वीकृत करने या वितरित करने से रोक दिया था। रिजर्व बैंक ने कहा था कि 31 मार्च, 2023 तक आईआईएफएल की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में कंपनी का निरीक्षण किया गया था।

डीपीआई, कर संहिता से भारत आकर्षक निवेश गंतव्य बना

नई दिल्ली। दिवाला कानून और कराधान संहिता जैसे नीतिगत बदलावों तथा डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे (डीपीआई) की वजह से भारत वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए आकर्षक निवेश गंतव्य बन गया है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के वित्तीय और मौद्रिक प्रणाली केंद्र के प्रमुख मैथ्यू ब्लेक ने साक्षात्कार में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले बाजारों में एक है और निवेशकों ने यहां पैसा बनाया है। ब्लेक ने यह भी जोड़ा कि बाजार हमेशा एक दिशा में नहीं चलते हैं, और यहां उतार-चढ़ाव की संभावना रहती है।

डीपफेक के लिए दंडात्मक प्रावधान लोगों को कर सकते हैं हतोत्साहित

नई दिल्ली, एजेंसी

डीपफेक और गलत सूचना को रोकने के लिए दंडात्मक प्रावधान लोगों को हतोत्साहित कर सकते हैं। वैश्विक शोध संस्थान कट्स इंटरनेशनल ने कहा कि एआई-जनित सामग्री के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप की मदद लेनी चाहिए।

कट्स इंटरनेशनल के अनुसंधान निदेशक अमोल कुलकर्णी ने बताया कि इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को सामग्री की सच्चाई का पता लगाने के लिए पर्याप्त अवसर की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस तरह चुनावी मौसम में भरोसेमंद तथ्य जांचकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। कुलकर्णी ने कहा कि हालांकि पारदर्शिता अच्छी है, लेकिन उपयोगकर्ताओं पर सूचना की बौछार उनके अनुभव की गुणवत्ता को कम कर सकती है। उन्होंने कहा कि डीपफेक और गलत सूचना की समस्या से निपटने में सही तकनीकी और जवाबदेही वाले समाधानों से मदद मिल सकती है। सरकार ने एक मार्च को सोशल मीडिया और अन्य मंचों पर परीक्षण के अधीन चल रहे एआई मॉडल के बारे में बताने और गैरकानूनी सामग्री को रोकने के लिए एक परामर्श जारी किया था।

शीर्ष 5 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.98 लाख करोड़ घटा

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,97,958.56 करोड़ रुपये की गिरावट आई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सबसे अधिक नुकसान में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 188.51 अंक या 0.25 प्रतिशत के लाभ में रहा। सप्ताह में टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 1,10,134.58 करोड़ घटकर 14,15,793.83 करोड़ रुपये पर आ गया।

एफपीआई ने अब तक 38,000 करोड़ रुपये डाले

नई दिल्ली, एजेंसी

● मजबूत वृहद आर्थिक परिदृश्य के बीच कर रहे शेयर में निवेश

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयर बाजारों में 38,000 करोड़ रुपये से अधिक डाले हैं। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में सुधार और घरेलू मोर्चे पर मजबूत वृहद आर्थिक परिदृश्य के बीच एफपीआई भारतीय शेयर बाजारों में निवेश कर कर रहे हैं।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले फरवरी में एफपीआई ने शेयरों में 1,539 करोड़ रुपये डाले थे। वहीं जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। कुल मिलाकर इस साल अबतक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार में 13,893 करोड़ रुपये डाल चुके हैं। इस दौरान उन्होंने ऋण या बॉन्ड बाजार में 55,480 करोड़ रुपये का निवेश किया है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा-एफपीआई मार्च में उल्लेखनीय खरीदारी कर रहे हैं। वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर सुधार और भारत के सकारात्मक वृहद आर्थिक परिदृश्य की वजह से एफपीआई भारत जैसे ऊंची वृद्धि वाले बाजारों का रुख कर रहे हैं। इसके अलावा बाजार में हालिया 'करेक्शन' से भी उन्हें निवेश का अवसर मिला है। हालांकि, पिछले सप्ताह एफपीआई शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने 31.4 करोड़ डॉलर के शेयर बेचे। इसकी वजह यह है कि उन्होंने सतर्कता का रुख अपनाया। शेयरों के अलावा एफपीआई ने इस महीने में 22 मार्च तक ऋण या बॉन्ड बाजार में 13,223 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

काम नहीं आई राहुल और पूरन की पारी, राजस्थान ने दी मात

20 रनों से हारी लखनऊ सुपर जायंट्स, संजू सैमसन ने बनाए ताबड़तोड़ 82 रन

जयपुर, एजेंसी

कप्तान संजू सैमसन की नाबाद 82 रनों की अर्धशतकीय और रियान पराग के 43 रनों की पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रविवार को खेले गये चौथे मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 20 रन से हरा दिया है।

194 रनों के लक्ष्य पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 11 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट क्विंटन डिकॉक चार रन, देवदत्त पड़िक्कल शून्य और आयुष बदोनी एक रन के विकेट गंवा दिये। हालांकि सलामी बल्लेबाज कप्तान के एल राहुल एक छोर थामे रहे। उन्होंने 44 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 58 रन की पारी खेली। दीपक हुड्डा 13 गेंदों में 26 रन और मार्कस स्टॉयनिस तीन रन बनाकर आउट हुये। निकोलस पूरन आखिर तक टीके रहे उन्होंने 41 गेंदों में चार चौके और चार छक्के की मदद से नाबाद 64 रनों की पारी खेली। क्रुणाल पंड्या तीन रन पर नाबाद रहे। लखनऊ की टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 173 रन ही बना सकी और मुकाबला 20 रन से हार गई। आरआर की ओर से ट्रेंट बोल्ट को दो विकेट मिले। नांद्रे बर्गर, रवि अश्विन, युजवेंद्र चहल और संदीप शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को जीत के लिए 194 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसंन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आरआर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 रन के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज जॉस बटलर 11 रन का विकेट खो दिया। उसके बाद यशस्वी जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन ने संभलकर खेलते हुए अभी दूसरे विकेट के लिये 36 रन ही जोड़े थे कि मोहसिन खान ने उन्हें 24 रन पर क्रुणाल पंड्या के हाथों कैच आउट करा दिया। 15वें ओवर में नवीन उल हक ने डी जे हुड्डा के हाथों रियान पराग को कैच आउट कराकर उनकी संजू सैमसन के साथ चल रही साझेदारी को तोड़ा। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिये 93 रन जोड़े। रियान पराग ने 29 गेंदों में एक चौके और तीन छक्कों की मदद से 43 रन बनाये। अगले ही ओवर में बिश्नोई ने शिमरॉन हेटमायर पांच रन पर निपटा दिया।

संजू सैमसन ने 52 गेंदों में तीन चौके और छह छक्कों की मदद से नाबाद 82 रनों की पारी खेली। वहीं ध्रुव जुरेल 20 रन पर नाबाद रहे। आरआर ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 193 रन का स्कोर खड़ा किया। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से नवीन उल हक को दो विकेट मिले। मोहसिन खान और रवि बिश्नोई ने एक-एक विकेट लिया।

राजस्थान 193/4 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 08

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
यशस्वी का क्रुणाल बोल्ड मोहिसिन	24	12	3/1
बटलर का राहुल बोल्ड नवीन उल हक	11	09	2/0
संजू सैमसन नाबाद	82	52	3/6
पराग का सब.(डी जे हुड्डा) बोल्ड नवीन	43	29	3/1
हेटमायर का राहुल बोल्ड बिश्नोई	05	07	0/0
ध्रुव जुरेल नाबाद	20	12	1/1

गेंदबाजी : मोहसिन खान 4-0-45-1, नवीन उल हक 4-0-41-2, क्रुणाल पंड्या 4-0-19-0, रवि बिश्नोई 4-0-38-1, यस ठाकुर 3-0-43-0, आयुष बदोनी 1-0-6-0

लखनऊ 173/6 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 14

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
क्विंटोन डिकॉक का बर्गर बो बोल्ट	04	05	1/0
केएल राहुल का जुरेल बो संदीप	58	44	4/2
देवदत्त पड्डिकल बो बोल्ट	00	03	0/0
आयुष बडोनी का बटलर बो बर्गर	01	05	0/0
दीपक हुड्डा का जुरेल बो चहल	26	13	2/2
निकोलस पूरन नाबाद	64	41	4/4
मार्कस स्टोइनिस का जुरेल बो अश्विन	03	04	0/0
कृणाल पंड्या नाबाद	03	05	0/0

गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-35-2, बर्गर 3-0-30-1, अश्विन 4-0-35-1, आवेश 3-0-21-0, चहल 3-0-25-1, शर्मा 3-0-22-1

- राजस्थान की ओर से रियान पराग दूसरे हाईस्कोरर रहे
- लखनऊ के केएल राहुल ने 58 व निकोलस पूरन ने 64 रन बनाए

मैदान पर दिखा बुमराह का जलवा

- मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 169 रनों का लक्ष्य मिला
- गुजरात के साई सुदर्शन ने 45 व शुभमन गिल ने 31 रन बनाए

अहमदाबाद, एजेंसी

साई सुदर्शन 45 रन और कप्तान शुभमन गिल की 31 रनों की पारियों के दम पर गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पांचवें मुकाबले में रविवार को मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 169 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी ऋद्धिमान साहा और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 31 रन जोड़। चौथे ओवर में जसप्रीत बुमराह ने ऋद्धिमान साहा 19 रन पर आउट कर गुजरात टाइटंस को पहला झटका दिया। उसके बाद आठवें ओवर में शुभमन गिल को पीयुष चावल ने रोहित शर्मा के हाथों कैच आउट करा दिया। गिल ने 22 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 31 रनों की पारी खेली। अजमतउल्लाह उमरजई ने 11 गेंदों में 17रन बनाये। डेविड मिलर 12 रन और राहुल तेवतिया 15 गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुये। साई सुदर्शन ने टीम के लिए 39 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से सर्वाधिक 45 रन बनाये। विजय शंकर छह रन और राशिद खान चार रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 168 रन का स्कोर खड़ा किया। मुंबई इंडियंस की ओर से जसप्रीत बुमराह ने तीन विकेट लिये। गेराल्ड कोएत्जी को दो विकेट मिले। पीयूष चावला ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

गुजरात टाइटंस

ऋद्धिमान साहा बो बुमराह	19
शुभमन का रोहित बो चावला	31
सुदर्शन का तिलक बो बुमराह	45
उमरजई का तिलक बो कोएत्जी	17
मिलर का हार्दिक बो बुमराह	12
विजय शंकर नाबाद	06
तेवतिया का नमन बो कोएत्जी	22
राशिद खान नाबाद	04
अतिरिक्त : 12 रन	
20 ओवर में छह विकेट पर 168 रन	

गेंदबाजी : हार्दिक पांड्या 3-0-30-0, ल्यूक वुड 2-0-25-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-14-3, शम्स मुलानी 3-0-24-0, पीयूष चावला 3-0-31-1, नमन धीर 1-0-13-0, गेराल्ड कोएत्जी 4-0-27-2

खेल डायरी

श्रीकांत सेमीफाइनल में हारे, भारतीय अभियान खत्म

बेसिल। भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को स्विस ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ही भारत का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। शनिवार को भारतीय शटलर श्रीकांत को ताइवान के लिन चुन-यी से 21-15, 9-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज क्वार्टरफाइनल में जबकि त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को भी क्वार्टरफाइनल में हार कर बाहर हो गई थी।

मोहम्मद आमिर ने संन्यास का फैसला बदला

कराची। पाकिस्तान के बायें हाथ के विवादित तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला बदल लिया है और वह जून में होने वाले टी20 विश्व कप में चयन के लिये उपलब्ध होंगे। आमिर को स्पॉट फिक्सिंग के आरोपों में 2010 से 2015 के बीच प्रतिबंध झेलना पड़ा था और वह कुछ समय के लिये जेल भी गया था। उसने 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। वह दुनिया भर में टी20 लीग खेल रहा है और अब मोहसिन नकवी की अध्यक्षता वाले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उसे वापसी के लिये मना लिया है ।

लिखित माफीनामे के बाद रऊफ का अनुबंध बहाल

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने तेज गेंदबाज हारिस रऊफ द्वारा लिखित में अपनी गलती स्वीकार करने के बाद उनका केंद्रीय अनुबंध बहाल कर दिया। पीसीबी ने फरवरी की शुरुआत में पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की शुरुआत से पहले पाकिस्तान के न्यूजीलैंड दौरे के बाद रऊफ का केंद्रीय अनुबंध समाप्त कर दिया था। पीसीबी चेयरमैन मोहसिन ने कहा, ''उनका लिखित जवाब मिलने के बाद बोर्ड ने उनका केंद्रीय अनुबंध बहाल करने का फैसला किया है।''

पंजाब के खिलाफ गेंदबाजों के बेहतर प्रदर्शन पर लगी हैं आरसीबी की निगाहें

बेंगलुरु, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 चरण में सिर्फ एक ही मैच खेला है लेकिन इसने उनकी गेंदबाजी की कमजोरी को उजागर कर दिया है जिससे सोमवार को यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच में उन्हें गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की जरूरत होगी।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ इस चरण के शुरूआती मैच में तेज गेंदबाज आंख बंद करके शॉर्ट पिच गेंद फेंकने की रणनीति पर डटे रहे जबकि चेपॉक की पिच पर स्पिनरों के लिए ज्यादा कुछ नहीं था। आरसीबी के तीन स्पिनरों मयंक डागर, कर्ण शर्मा और ग्लेन मैक्सवेल ने मिलकर पांच ओवर फेंके और वे बल्लेबाजों को परेशान नहीं कर सके। इन तीनों ने मिलकर 37 रन देकर महज एक विकेट झटका। वहीं अगर सीएसके के दो स्पिनरों रविंद्र जडेजा और महेश तीक्ष्णा की बात की जाये तो उन्होंने मिलकर आठ ओवर फेंके तथा 57 रन देकर चार विकेट झटके जबकि इस दौरान बल्लेबाजी करना बहुत आसान था। इसलिये आरसीबी के स्पिनरों को यहां छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड पर मुश्किल परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। इस स्टेडियम में ज्यादातर मौकों पर टीम ने एक पारी में 200 से अधिक रन जुटाये हैं और ऐसा 27 दफा हो चुका है तथा इस पिच पर आईपीएल में पहली पारी का औसत स्कोर 172 रहा है। इससे पंजाब किंग्स के खिलाफ आरसीबी के तेज गेंदबाजों को भी जिम्मेदारी से खेलना होगा। मोहम्मद सिराज, अल्जारी जोसफ और यश दयाल ने सीएसके के खिलाफ एक ओवर में दो बाउंसर डालने के अपने कोटे का पूरा इस्तेमाल किया लेकिन इस दौरान वे अपनी लाइन एवं लेंथ पर लगाम खो बैठे। यह उनके रन देने की गति से भी साफ दिखा। चौथे तेज गेंदबाज कैमरून ग्रीन ने कटर गेंदों का इस्तेमाल किया जिससे उन्हें दो विकेट मिले।

चैम्पियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में ही होगी: पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को पूरी उम्मीद है कि वह अगले साल चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने में कामयाब होगा क्योंकि आईसीसी का एक दल इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए चल रही तैयारियों का मुआयना करने के लिए सोमवार को पाकिस्तान पहुंचने वाला है। आईसीसी दल में एक सुरक्षा विशेषज्ञ भी शामिल होगा जो सभी प्रस्तावित स्थलों विशेषकर कराची, लाहौर और रावलपिंडी का दौरा करेगा। पाकिस्तान ने 1996 में भारत के साथ विश्व कप की सह मेजबानी की थी और इसके बाद उसे पहली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करने का काम सौंपा गया है। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने रविवार को कहा, ''दल को तैयारियों के बारे में जानकारी दी जायेगी।''

रोहित शर्मा को उम्मीद नये चेहरे छाप छोड़ेंगे

मुंबई, एजेंसी

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को उम्मीद है कि इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी चरण के लिए उनकी टीम में शामिल किए गए नए खिलाड़ी शुरू से ही छाप छोड़ने में कामयाब होंगे क्योंकि फ्रेंचाइजी का लक्ष्य नये कप्तान हार्दिक पंड्या की अगुआई में रिकॉर्ड छठा खिताब हासिल करना है।

पांच बार की आईपीएल चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने इस बार दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी, अंडर-19 विश्व कप के अनकैप्ड स्टार क्वेना मफाका, इंग्लैंड के ल्यूक वुड, श्रीलंका के नुवान तुषारा, वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को शामिल किया है। भारतीयों में श्रेयस गोपाल को भी शामिल किया गया है। श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका के बाहर होने के बाद मफाका पिछले हफ्ते मुंबई शिविर में शामिल हुए जबकि वुड को आस्ट्रेलिया के चोटिल गेंदबाज जेसन बेहरेनडोर्फ की जगह शामिल किया गया। रोहित ने मुंबई इंडियंस द्वारा पोस्ट किये गये वीडियो में कहा, ''हमने बहुत सारे खिलाड़ी नीलामी में खरीदे। उम्मीद है कि वे शुरू से ही अपनी छाप छोड़ सकते हैं।''

बॉलीवुड हलचल

सीरियल किसर की इमेज ने इमरान को नुकसान पहुंचाया

मुंबई, एजेंसी। सीरियल किसर के नाम से बॉलीवुड में जाने पहचाने जाने वाले अभिनेता इमरान हाशमी का 45वां बर्थडे है। इमरान 21 साल से फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिव हैं। पिछले साल वो सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 में दिखे थे। आने वाले दिनों में वो फिल्म ओ जी से साउथ सिनेमा में डेब्यू करने वाले हैं। इमरान के पिछले 10 साल के करियर पर नजर डालें, तो उनकी सिर्फ 13 फिल्में रिलीज हुई हैं। इनमें से सिर्फ एक फिल्म टाइगर 3 हिट रही और दूसरी फिल्म बादशाहो बॉक्स ऑफिस पर अपनी लागत निकालने में कामयाब रही। बाकी फिल्मों का हाल बेहद खराब रहा। इमरान हीरो नहीं बनना चाहते थे, लेकिन मुकेश भट्ट उन्हें फिल्मों में लाए। पहली ही फिल्म में उनकी एक्टिंग इतनी खराब थी कि चंद सीन्स की शूटिंग के बाद उन्हें निकाल दिया गया। वहीं, कम हाइट होने की वजह से बिपाशा बसु ने इमरान के साथ काम से इनकार कर दिया था। पिछले 10 साल में इमरान हाशमी की 13 फिल्में रिलीज हुई हैं। सिर्फ 2018 और 2022 में उनकी कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हुई है। इनमें से लगभग सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरीं। एक मात्र 2023 की फिल्म टाइगर 3 ही हिट रही। 300 करोड़ में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 466 .63 करोड़ की कमाई की थी। यह अब तक इमरान की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। दूसरी 2017 की फिल्म बादशाहो ने बॉक्स ऑफिस पर एवरेज कमाई की। 90 करोड़ में बनी फिल्म ने 125 .44 करोड़ की कमाई की थी।

अब राजनीति में किस्मत आजमाएंगी नेहा शर्मा?

मुंबई, एजेंसी। लोकसभा चुनाव 2024 सात चरणों में होगा। इसकी तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। ऐसे में बिहार की भागलपुर सीट काफी चर्चा में बनी हुई है। यहां पर अभी तक आरजेडी और कांग्रेस के बीच सीटों का बंटवारा नहीं हुआ है। इसी बीच चर्चा जोरों पर है कि बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा भागलपुर सीट से लोकसभा चुनाव लड़ सकती हैं। आपको बता दें कि नेहा बॉलीवुड एक्ट्रेस होने के साथ-साथ बिहार के कांग्रेस नेता और विधायक अजीत शर्मा की बेटी हैं। ऐसे में उन्होंने बेटी के चुनाव लड़ने पर रिएक्शन दिया है। चलिए बताते हैं आखिर अजीत शर्मा ने क्या कहा।अजीत शर्मा ने एक्ट्रेस बेटी नेहा शर्मा के चुनाव मैदान उतरने को लेकर संकेत दिए थे। इसके बाद एक्ट्रेस के चुनाव लड़ने का बाजार गर्म हो गया था। लगातार कयास लग रहे थे कि वो कांग्रेस के टिकट पर भागलपुर से चुनावी मैदान में उतर सकती हैं। अजीत शर्मा ने कहा था कि अगर कांग्रेस पार्टी को भागलपुर सीट गठबंधन में मिलती है तो वो चाहेंगे कि उनकी बेटी नेहा शर्मा यहां से चुनावी मैदान में आएं। हालांकि, उन्होंने ये भी बताया कि पार्टी चाहती है कि अजीत ही यहां से चुनाव लड़ें तो वो ऐसा ही करेंगे। वो पहले से ही यहां के विधायक हैं।

कृति बोलीं - 'हल्दी सेरेमनी में मुल्तानी मिट्टी का यूज किया'

मुंबई, एजेंसी। कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट ने बीते 15 मार्च को शादी की है। अब कपल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हल्दी सेरेमनी के फोटोज शेयर किए हैं। इस सेरेमनी से कपल ने एक नया ट्रेंड शुरू किया है। शेयर किए गए फोटोज में कृति और पुलकित एक दूसरे को हल्दी के बजाय मुल्तानी मिट्टी लगाते नजर आ रहे हैं। हल्दी सेरेमनी की इन फोटोज में कृति और पुलकित जमकर एंजॉय करते नजर आ रहे हैं। एक तरफ जहां मेहमान उन्हें हल्दी लगाते नजर आए वहीं दूसरी तरफ पुलकित डांस करते भी दिखे। एक फोटो में कृति पुलकित का कुर्ता फाड़ती भी नजर आ रही हैं। हल्दी सेरेमनी के लिए पुलकित ने येलो कलर का फ्लोरल प्रिंट कुर्ता चूज किया जिसे उन्होंने व्हाइट पायजामा से पेयर किया। वहीं, कृति ऑरेंज को-ऑर्ड सेट में नजर आईं। उन्होंने मांग टीका और इयररिंग्स से अपना लुक कम्पलीट किया। इन फोटोज को शेयर करते हुए कृति ने कैप्शन में लिखा, 'हमारी हल्दी थोड़ी अनकन्वेंशनल थी। हमने मुल्तानी मिट्टी के पैक में शगुन के लिए एक चुटकी हल्दी का यूज किया। यह पैक खास तौर पर पुलकित और मेरी स्किन को ध्यान में रखते हुए बनाया गया था, क्योंकि दूल्हा और दुल्हन को चमकना है ना। नोट : उस व्यक्ति की आभार जिसने मुझे पीछे से पकड़ लिया जब बाकी लोगों ने पुलकित को पूल में फेंक दिया। मैं आभारी हूं।'

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

बांग्लादेशी मुसलमानों को असम के रीति रिवाज मानने होंगे: मुख्यमंत्री हिमंत सरमा

गुवाहाटी, एजेंसी

- बोले-मूल निवासी का दर्जा चाहिए तो उन्हें छोड़नी होंगी बहुविवाह की रीतियां

असम में मौजूद बांग्लादेश मूल के बंगाली भाषी प्रवासी मुसलमानों को मूल निवासी का दर्जा चाहिए तो उन्हें हिमंत सरकार की कुछ शर्तें माननी होगी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि अगर बंगाली भाषी प्रवासी मुसलमानों को भारतीय नागरिकता चाहिए तो उन्हें दो से अधिक बच्चे पैदा करना बंद करना पड़ेगा।

वहीं, एक से अधिक शादी पर रोक लगानी होगी क्योंकि ये असमिया लोगों की संस्कृति नहीं है। सीएम हिमंत सरमा ने पहले भी इन सामाजिक बुराइयों के लिए राज्य के बंगाली भाषी मुस्लिम समुदाय को जिम्मेदार ठहराया था, जिनमें से अधिकांश की जड़ें बांग्लादेश में हैं। सीएम ने आगे कहा, यदि बांग्लादेशी मुसलमान भारतीय बनना चाहते हैं तो वे अपनी नाबालिग बेटियों की शादी नहीं कर सकते हैं। हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार (23 मार्च) को कहा कि मिया (बंगाली भाषी मुस्लिम) स्वदेशी हैं या नहीं, यह एक अलग मामला है। हम जो कह रहे हैं वह यह है कि अगर वे 'स्वदेशी' बनने की कोशिश करते हैं, तो हमें कोई समस्या नहीं है। लेकिन इसके लिए उन्हें बाल विवाह छोड़ना होगा, बहुविवाह और महिला शिक्षा को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि असमिया लोगों की एक संस्कृति है जिसमें लड़कियों की तुलना 'शक्ति' (देवी) से की जाती है और दो-तीन बार शादी करना असमिया संस्कृति नहीं है।

सीएम ने कहा, "मैं उनसे हमेशा कहता हूं, 'मिया' के स्वदेशी होने में कोई समस्या नहीं है, लेकिन वे दो-तीन पत्नियां नहीं रख सकते। यह असमिया संस्कृति नहीं है। कोई सत्रा (वैष्णव मठ) भूमि का अतिक्रमण कैसे कर सकता है और स्वदेशी रहना चाहता है? सीएम ने कहा, अगर बांग्ला भाषी मुसलमान असमिया रीति-रिवाजों का पालन कर सकते हैं, तो उन्हें भी 'स्वदेशी' माना जाएगा।

एअर इंडिया, इंडिगो हर सप्ताह बेड़े में शामिल कर रहीं 1 विमान

भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता एविएशन मार्केट है। बीते साल जापान को पीछे छोड़कर भारत तीसरा सबसे बड़ा डोमेस्टिक एविएशन मार्केट बन गया। हालांकि इंटरनेशनल एविएशन में इसकी रैंकिंग अब भी 18वीं हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले 5 वर्षों में भारत ब्रिटेन को पीछे छोड़कर दुनिया का ओवरऑल तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट बन जाएगा। इसे देखते हुए भारत की बड़ी विमान कंपनियां हर हफ्ते एक विमान खरीद रही हैं। देश की एयरलाइंस ने करीब 12 अरब डॉलर (1 लाख करोड़ रुपए) से ज्यादा कीमत के 1,100 नए विमानों का ऑर्डर दिया है।

सालाना 30 करोड़ तक पहुंचेंगे घरेलू यात्री

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मुताबिक घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 2030 तक सालाना 30 करोड़ हो सकती है। 2023 में इनकी संख्या 15 .30 करोड़ थी। 10 वर्षों में देश में एयरपोर्ट की संख्या दोगुनी से ज्यादा हो गई है।

इंडिगो का प्लान

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन ने अगले साल हर हफ्ते बेड़े में एक से ज्यादा विमान शामिल करने का लक्ष्य रखा है। 29 फरवरी तक कंपनी ने 366 विमानों के माध्यम से फ्लाइट सर्विस दी। इसके अलावा 960 विमान ऑर्डर पर थे। इंडिगो ने 1 अप्रैल से शुरू हो रहे वित्त वर्ष में क्षमता और यात्री संख्या में 10-12% तक बढ़ोतरी की उम्मीद जताई है। विस्तार योजना के तहत इंडिगो ने टर्किश एयरलाइंस के साथ पार्टनरशिप की है। यह यात्रियों को भारत से इस्तांबुल और यूरोप से बाहर ले जाने में मदद करेगा। प्रतिस्पर्धा का हमेशा स्वागत किया जाता है क्योंकि भारत या विदेश में यात्रा करने के इच्छुक यात्रियों के लिए बड़ी संभावनाएं हैं।

3 फीसदी आम आबादी ही नियमित हवाई यात्रा करती है

15 करोड़ से ज्यादा सालाना घरेलू हवाई यात्री हैं देश में अभी

- भारत विश्व में सबसे तेजी से बढ़ते विमानन बाजारों में से एक है। विमान निर्माता कंपनी बोइंग का अनुमान है कि देश में अगले दो दशकों में लगभग 2,210 नए विमानों की जरूरत होगी और साथ ही 2041 तक घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में लगभग 7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि होगी।

एअर इंडिया की योजना

टाटा ग्रुप की एयरलाइन कंपनी ने एयरबस और बोइंग को 470 नए विमानों का विशाल ऑर्डर दे रखा है। बीते छह महीने से कंपनी हर 6 दिन में एक विमान की डिलीवरी ले रही है, यह सिलसिला 1 साल जारी रहेगा। सीईओ कैंपबेल विल्सन के मुताबिक, इस साल मार्च में एअर इंडिया ने करीब 39 नए विमानों की डिलीवरी ली।

एक नजर

मध्यप्रदेश में सड़क हादसा, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

मंडला। मध्यप्रदेश के मंडला में रविवार को एक सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी और उनकी दो नाबालिग बेटियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना शाम छह बजे बम्हनी थाना क्षेत्र के अहमदपुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-40 पर हुई है। पुलिस ने कहा, पीड़ित परिवार होली के त्योहार में शामिल होने के बाद वापस घर लौट रहा था। अंजनिया पुलिस चौकी प्रभारी लाखन सिंह राजपूत ने कहा, ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे चारों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मरने वालों की पहचान लक्ष्मीकांत यादव (35), उनकी पत्नी ज्योति यादव (30) और बेटियों सलोनी यादव (6) और वैशाली यादव (13) के रूप में हुई है।

राजस्थान में दो दिन से धधक रही पहाड़ियां, लगी भीषण आग

कुंभलगढ़। गर्मी की दस्तक शुरू होते ही क्षेत्र की कई पहाड़ियों में आग धधकने लगी है। हालाकि कुंभलगढ़ रेंज में इसका असर कम है। लेकिन मारवाड़ के सादड़ी रेंज में कई जगह आग धधक रही है। इस दौरान वन्यजीवों के लिए खतरा पैदा हो गया है। जंगल में सूखे पेड़ होने की वजह से आग बढ़ गई। वहीं, वनकर्मी सहित श्रमिकों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। वहीं रविवार को वापस आग लग गई।

ब्रेक फेल होने से खाई में गिरी बस 2 लोगों की मौत और 20 घायल

अमरावती। महाराष्ट्र के अमरावती जिले में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। राज्य परिवहन की एक बस खाई में गिर गई और एक पेड़ से टकरा गई, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। अमरावती के पुलिस अधीक्षक विशाल आनंद ने कहा कि यह दुर्घटना मेलघाट इलाके में दोपहर के आसपास हुई। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बस में लगभग 36 लोग सवार थे जो पराथवाड़ा से अमरावती के धरनी जा रहे थे। उन्होंने बताया कि ब्रेक फेल होने के कारण बस जवाहर कुंड इलाके में खाई में गिर गई और एक पेड़ से टकरा गई।

गाजा में युद्धविराम की अपील, दौरे पर पहुंचे यूएन महासचिव गुटेरेस

राफा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शनिवार को कहा गाजा में दुनिया ने यहां युद्ध की भयावहता देखी है। उन्होंने संघर्षविराम की अपील की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गाजा के दौरे पर पहुंचे गुटेरेस ने कहा- वैश्विक नेताओं की अपील के बावजूद जमीनी संघर्ष जारी है। बता दें, गाजा के अधिकांश लोगों ने राफा क्रॉसिंग पर शरण ली है। गुटेरेस ने कहा, गाजा में बच्चे, महिलाएं, पुरुष भूखमरी का सामना कर रहे हैं।

अफगान तालिबान ने तबाह कीं 12 पाकिस्तानी चौकियां, तनाव बढ़ा

पाक एयर स्ट्राइक के बाद हमले की तैयारी में तालिबान-टीटीपी के 30 हजार लड़ाके

काबुल, एजेंसी

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। पांच दिन पहले पाक एयर स्ट्राइक से गुस्साए अफगान तालिबान ने पाकिस्तान की 12 फौजी चौकियों को तबाह कर दिया। अफगान तालिबान और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 30 हजार से ज्यादा लड़ाकों ने कमांडर हाफिज गुल बहादुर के नेतृत्व में पाकिस्तान की सैन्य छावनी मीर अली कूच का ऐलान किया है। हमले की तैयारी में कई अफगान सैनिक भी शामिल हैं।

अब तक हजारों लड़ाके पाक सीमा पर एकत्रित हो गए हैं। 26 मार्च के बाद पाक के खिलाफ अभियान के लिए कई और लड़ाके पहुंच सकते हैं। पाकिस्तान ने पिछले सप्ताह वजीरिस्तान में हाफिज गुल बहादुर के ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इनमें 18 आतंकवादी मारे गए। हाफिज गुल 2006 से 2009 के बीच पाक सेना के समर्थन वाला कमांडर था। लेकिन बाद में गुल ने पाक सुरक्षा बलों पर ही हमले शुरू कर दिए थे। जून 2009 से पाक सेना ने उसके खिलाफ अभियान शुरू किया था। जानकार कहते हैं कि पाक जानता है कि अफगानिस्तान में कूटनीतिक पकड़ बनाए रखने की उसकी नीति विफल रही है।

अफगानिस्तान को लेकर पाकिस्तान अब नीति बदल रहा है। पाक अफगान आतंकियों से लड़ने के साथ काबुल से वार्ता चैनल भी सक्रिय कर रहा है। रिपोर्ट हैं कि अफगान तालिबान ईरान से निगरानी व लड़ाकू कामिकेज ड्रोन खरीदने पर जोर दे रहे हैं। ये ड्रोन पेलोड के साथ हमले करते हैं। जानकारों का कहना है कि अगर यह डील होती है तो यह पाकिस्तान लिए बहुत बड़ी चिंता की बात हो सकती है।

पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच तनाव के दो बड़े कारण

1. **टीटीपी :** पाक का आरोप है कि आतंकी संगठन : टीटीपी को अफगानिस्तान की तालिबान सरकार का संरक्षण है। 2023 में टीटीपी ने पाकिस्तान में 789 आतंकी हमले किए थे।
2. **डूरंड लाइन :** पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच 2640 किमी इस सीमा को अफगानिस्तान काल्पनिक रेखा करार देता है। जबकि पाक का कहना है कि यहां से अफगान

कैसे शुरू हुए तनाव- पाकिस्तान अपने देश में आतंकियों को भारत पर हमले के लिए पालता था। लेकिन अब वह खुद इसी तरह की समस्या से परेशान है। पाकिस्तान में पिछले कुछ महीनों में टीटीपी आतंकियों के हमले बढ़े हैं। पाकिस्तान का कहना है कि इन आतंकियों को अफगानिस्तान में पनाह मिल रही है। पाकिस्तान को उम्मीद थी कि तालिबान सत्ता में आने के बाद टीटीपी पर कंट्रोल करेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यही दोनों देशों के बीच दुश्मनी का कारण बनता जा रहा है। ये ड्रोन पेलोड के साथ हमले करते हैं। जानकारों का कहना है कि अगर यह डील होती है तो यह पाकिस्तान लिए बहुत बड़ी चिंता की बात हो सकती है।

भारत के साथ व्यापारिक संबंध फिर से बहाल करना चाहता है पाकिस्तान: विदेश मंत्री इशाक डार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के विदेश मंत्री मुहम्मद इशाक डार ने भारत के साथ व्यापार संबंधों को बहाल करने को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, भारत के साथ व्यापार संबंधों को फिर से बहाल करने पर विचार कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ब्रसेल्स में परमाणु ऊर्जा शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद पाकिस्तान के विदेश मंत्री मुहम्मद इशाक डार ने लंदन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि नकदी संकट से जूझ रहे उनके देश का व्यापारिक समुदाय भारत के साथ व्यापारिक गतिविधियां फिर शुरू करना चाहता है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा आर्टिकल 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर की विशेष स्थिति को रद्द करने के बाद पाकिस्तान ने नई दिल्ली के साथ अपने राजनयिक संबंधों को कम कर दिया है। पाकिस्तान ने कहा कि इस फैसले ने पड़ोसियों के बीच बातचीत के माहौल को कमजोर कर दिया है।

पीटीआई को चुनावी धांधली के खिलाफ प्रदर्शन की नहीं मिली अनुमति

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई आठ फरवरी को हुए चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ 30 मार्च को इस्लामाबाद में विरोध रैली की तैयारी कर रही है। इस बीच, पाकिस्तानी अधिकारियों ने पार्टी के प्रदर्शन करने के प्लान को बड़ा झटका दिया है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों के चलते पीटीआई को विरोध रैली करने की अनुमति नहीं दी। गौरतलब है कि पीटीआई ने 30 मार्च को एक विरोध रैली आयोजित करने की अनुमति मांगी दी।

जम्मू-कश्मीर में दिखने लगा है बदलाव: जयशंकर

सिंगापुर, एजेंसी

- सिंगापुर में विदेश मंत्री ने गिनाए आर्टिकल 370 हटाने के फायदे

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को सिंगापुर में अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान कहा कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी उपाय था और इसने देश के प्रगतिशील कानूनों को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में लागू होने से रोक है।

सिंगापुर में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बदलाव के फायदे अब दिखने लगे हैं। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 भारतीय संविधान का एक अस्थायी उपाय था और इसे आगे बढ़ाने से दो चीजें हुईं। इससे एक देश के रूप में हमें नुकसान हुआ।

उन्होंने कहा, "सबसे पहले अनुच्छेद 370 से अलगाववाद, हिंसा और आतंकवाद को बढ़ावा मिला, जिससे यह पूरे देश की सुरक्षा के लिए समस्या बन गया। दूसरा इससे देश के प्रगतिशील कानूनों को उस समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में लागू होने से रोक दिया।"

बता दें कि 5 अगस्त 2019 में भारत सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था। जम्मू और कश्मीर के स्पेशल स्टेटस को रद्द कर दिया और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया। उन्होंने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में आज जो बदलाव हुआ है उसका फायदा आप देख सकते हैं। विदेश मंत्री जयशंकर शनिवार से तीन दिवसीय दौरे पर सिंगापुर में हैं।

वसंत मेला...

बीजिंग : चीन में भारतीय दूतावास द्वारा वसंत मेला का आयोजन किया गया। मेला में नृत्य, व्यंजनों और हस्तशिल्प के माध्यम से भारतीय संस्कृति की झलक प्रदर्शित की गई। पिछले वर्षों की तुलना में इस साल के वसंत मेले में रिकॉर्ड संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया जो वसंत के मौसम के प्रति लोगों की उमंग को दर्शाता है। इस मौत पर भारी संख्या में चीनी दर्शक भी पहुंचे। भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत, उप-राजदूत अभिषेक शुक्ला और अन्य वरिष्ठ भारतीय राजनयिकों ने कार्यक्रम स्थल पर आगंतुकों का स्वागत किया।

ब्रिटेन और ओमान के साथ एफटीए नई सरकार के 100 दिन के एजेंडे में होगा शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। ब्रिटेन और ओमान के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) नई सरकार के 100 दिन के एजेंडे में शामिल हो सकता है। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है।

मंत्रालय देश से निर्यात बढ़ाने के लिए निर्यातक समुदाय से संबंधित मुद्दों पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच वृहद आर्थिक सहयोग करार (सीईसीए) के लिए मौजूदा आर्थिक सहयोग एवं व्यापार करार (ईसीटीए) का दायरा बढ़ाने के लिए बातचीत भी अच्छी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। यह कवायद इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि 17 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्रियों से कहा था कि वे अपने-अपने मंत्रालयों के सचिवों और अन्य अधिकारियों से मिलकर इस बात पर चर्चा करें कि पहले 100 दिन और अगले पांच वर्षों के एजेंडा को बेहतर तरीके से कैसे लागू किया जा सकता है।

अमेरिका में एक और भारतवंशी की मौत, हादसे में गई महिला की जान

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीय वाणिज्य दूतावास ने दी जानकारी, साल 2024 में अब तक आठ भारतीयों की मौत

अमेरिका में भारतीय मूल की 21 वर्षीय महिला की मौत हो गई। न्यूयॉर्क स्थिक भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर बताया कि पेंसिल्वेनिया में हुए कार हादसे में भारतीय मूल की महिला अर्शिया जोशी की मौत हो गई। दूतावास द्वारा अर्शिया जोशी के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई है।

वाणिज्य दूतावास ने बताया कि वह लगातार अर्शिया जोशी के परिवार और स्थानीय नेताओं के संपर्क में है। दूतावास द्वारा अर्शिया के पार्थिव शरीर को भारत वापस लाने के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया है। एक्स पर की गई पोस्ट में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने बताया कि 21 मार्च को पेंसिल्वेनिया में एक दुखद कार दुर्घटना हुई, जिसमें अर्शिया जोशी की मौत हो गई। अर्शिया के परिवार के प्रति हमारी गहरी संवेदना है, उनकी आत्मा को शांति मिले। आगे लिखा है कि आर्शिया के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत लाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

इस साल यानी 2024 में अमेरिका में आठ भारतीय और भारतीय मूल के लोगों की मौत हो चुकी है। उधर भारतवंशियों पर लगातार हमले की घटनाएं भी सामने आई हैं। इस वजह से वहां रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों में डर का माहौल है। मार्च 2024 में वॉशिंगटन विश्वविद्यालय के छात्र और कुचुपुड़ी डांसर अमरनाथ घोष को सेंट लुइस में गोली मार दी गई थी। पश्चिम बंगाल के रहने वाले अमरनाथ घोष साल 2023 में अमेरिका चले गए थे।

अध्ययन 20 देशों में हुए एक सर्वे में कहा गया, अवसर बढ़ने के साथ लड़कियां ज्यादा उदार हो रहीं

शिक्षा-नौकरी में पिछड़ने से युवाओं का बदल रहा व्यवहार

न्यूयॉर्क, एजेंसी

लड़के-लड़कियों के पालन-पोषण में अलग-अलग अनुभवों की वजह से जीवन को देखने का नजरिया अलग होता है। बीते 20 वर्षों में दोनों की सोच में फासला तेजी से बढ़ा है। अवसर और शिक्षा के बढ़ते स्तर के साथ लड़कियां दो दशक पहले की तुलना में ज्यादा खुले विचारों वाली हो गई हैं।

वे राजनीति में उदारवादी पार्टियों को ज्यादा पसंद करने लगी हैं। वहीं, लड़के उग्र दक्षिणपंथी नेताओं की ओर आकर्षित हो रहे हैं। 20 समृद्ध देशों में हुए एक सर्वे में दोनों की सोच का यह अंतर 27% तक बढ़ गया है। महिलाओं के बढ़ते अधिकारों को लेकर लड़के ज्यादा आलोचनात्मक हो रहे हैं। उनका कहना है कि 'फेमिनिज्म' की बात कुछ ज्यादा ही हो गई है। ब्रिटिश लड़कों का मानना है कि उनके लिए जिंदगी मुश्किल हो गई। वहीं, लड़कियां हिंसा, कठोर गर्भपात कानून, वेतन में भेदभाव और घर के काम में ज्यादा भागीदारी को लेकर चिंतित हैं। चीन में 35,000 लोगों पर सर्वे किया गया। इसमें ज्यादातर लड़कों ने कहा, 'लड़कियों को पहले घर पर ध्यान देना चाहिए' और 'कॉस्ट कटिंग में पहले महिला कर्मचारियों को निकालना चाहिए।' वहीं, बराबरी के हक पर लड़कियां अपनी मां की तुलना में ज्यादा मुखर हैं। वे ऐसा जीवनसाथी चाहती हैं जो घर के कामों में बराबर हाथ बंटाए और उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता दे। हालांकि ज्यादातर लड़कियों का मानाना है कि उन्हें ऐसी सोच वाले लड़के नहीं मिल रहे हैं। विचारों में इस फासले का असर केवल निजी संबंधों पर ही नहीं है, बल्कि राजनीतिक सोच, परिवार की संरचना और सामाजिक मूल्यों पर भी पड़ रहा है। इससे भविष्य में यह टकराव और बढ़ सकता है।

विशेषज्ञ का कहना है कि यह गैप लड़कियों की साक्षरता में बढ़ोतरी, घटते लैंगिक भेदभाव और सोशल मीडिया पर ध्रुवीकरण से बढ़ा है। उनका मानना है कि लड़कों के लिए कुछ ऐसी नीतियां लानी होंगी। बेहतर शिक्षा से लड़के कम उग्र होंगे और संभवतः महिला साथी से उनके विचारों का गैप कम हो। लड़कों को नौकरी में मदद की जरूरत होगी। नर्सिंग जैसे उन क्षेत्रों में वोकेशनल शिक्षा दी जा सकती है, जिनमें पारंपरिक रूप से महिलाएं हावी हैं।

यूरोप में 46 फीसदी लड़कियां उच्च शिक्षा ले रही हैं जबकि लड़के 35 फीसदी ही हैं

यूरोपीय संघ में, 46% युवा लड़कियां उच्च शिक्षा ले रही हैं, जबकि केवल 35% युवा लड़के इसे हासिल कर पा रहे हैं। इसका मतलब यह है कि लड़कियां ज्यादा शिक्षित हो रही हैं और खुली सोच रखती हैं, जबकि लड़के पीछे रह जा रहे हैं। अमेरिका, चीन, दक्षिण कोरिया जैसे 20 विकसित देशों में, 28% लड़के स्कूली शिक्षा भी। पूरी नहीं करते हैं। वहीं, महज 18% लड़कियां ही स्कूल छोड़ती हैं। शिक्षा और नौकरी में महिलाओं के बढ़ते रोल से लड़कों में असंतोष पैदा हो रहा है। लड़के अपने नुकसान का दोष भी लड़कियों पर लगा रहे हैं।

वयस्कों पर टीबी एमटीबीवैक वैक्सीन का ट्रायल शुरू

हैदराबाद। भारत में वयस्कों पर तपेदिक वैक्सीन एमटीबीवैक का क्लिनिकल ट्रायल शुरू हो गया है। स्पैनिश बायोफार्मास्युटिकल कंपनी, बायोफैब्री द्वारा मानव स्रोत से प्राप्त तपेदिक के खिलाफ यह पहला टीका होगा। भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड ने रविवार को इसकी जानकारी दी है।

कहा गया है कि माउंटबवैक को दो उद्देश्यों के लिए विकसित किया जा रहा है। सबसे पहले नवजात शिशुओं के लिए बीसीजी (बैसिलस कैलमेट गुएरिन) की तुलना में अधिक प्रभावी और संभावित रूप से लंबे समय तक चलने वाला टीका होगा। वहीं, दूसरा यह वयस्कों और किशोरों में टीबी की रोकथाम के लिए होगा, जिनके लिए वर्तमान में कोई प्रभावी टीका नहीं बना है। यह ट्रायल भारत बायोटेक द्वारा बायोफैब्री के सहयोग से किए गए हैं।

रूस का यूक्रेन पर तीसरा सबसे बड़ा हवाई हमला, दागीं मिसाइलें, 30 सैनिकों की मौत

कीव, एजेंसी

रूस ने पिछले चार दिन में यूक्रेन पर तीसरा बड़ा मिसाइल हमला किया है। अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन की राजधानी कीव और ल्वीव के पश्चिमी क्षेत्र पर रविवार तड़के बड़े पैमाने पर रूसी हवाई हमला किया गया। इस बीच, पोलैंड की सेना ने कहा कि पश्चिमी यूक्रेन में दागी गई मिसाइलों में से एक रविवार को उसके हवाई क्षेत्र में घुस गई।

कीव के सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने कहा कि रूस ने टीयू-95एमएस रणनीतिक बमवर्षकों से दागी गई क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि हमले रूस के सेराटोव क्षेत्र के एंगेल्स जिले से शुरू किए गए थे। उन्होंने कहा कि हमले में 30 यूक्रेनी सैनिकों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य पोलैंड की ऑपरेशन कमान ने एक बयान में कहा कि पश्चिमी यूक्रेन के शहरों के खिलाफ रूस द्वारा दागी गई क्रूज मिसाइलों में से एक ने सुबह पोलैंड के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। बयान में कहा गया है कि पोलैंड के हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं शुरू की गई हैं। यूक्रेन में रूसी हवाई हमले को लेकर कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने रविवार तड़के टेलीग्राम पर पोस्ट किया, "राजधानी में विस्फोट। वायु रक्षा काम कर रही है। कृपया आश्रय स्थल न छोड़ें।" ल्वीव के गवर्नर मक्सिम कोजित्स्की ने कहा, "पोलिश सीमा से लगभग 80 किलोमीटर (50 मील) दूर ल्वीव शहर के दक्षिण में स्ट्री जिले पर भी हमला किया गया था।